

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




12 बांग्लादेश के कानून मंत्री बोले- शेख हसीना का प्रत्यर्पण जरूरी........

तमिल गान में द्रविड़ शद का नहीं किया इस्तेमाल, भड़के ....... 12

वर्ष : 15 | अंक : 187 | नई दिल्ली, रविवार, 20 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी मिलनी चाहिए : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को किसान विरोधी करार देते हुए कहा है कि उसका हर निर्णय किसानों के खिलाफ रहा है लेकिन अब देश का अन्नदाता जाग गया है इसलिए किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जानी चाहिए। कांग्रेस के मीडिया समन्वयक अभय दुबे ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी ने किसानों से उनकी आय दोगुना करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की गारंटी देने जैसे कई वादे किये थे लेकिन सत्ता में आने के बाद सब कुछ भूल गई और किसानों को उनके हालात पर छोड़ दिया गया इसलिए पार्टी सरकार से मांग करती है कि वह किसानों को एमसपी की गारंटी दे।



उन्होंने कहा किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी मिले। सोयाबीन की फसल पर समर्थन मूल्य कम से कम 6, 000 रुपए निर्धारित हो और निर्धारित समर्थन मूल्य का पैसा उन किसानों के खाते में भी जानी चाहिए जिन्होंने अपनी फसल बेच दी है। समर्थन मूल्य घोषित करने की रस्म अदायगी पर श्री मोदी को विचार करना चाहिए ह्व

सरकार पर किसानों के साथ न्याय नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा बीते दस साल में मोदी सरकार ने किसानों के साथ जो दुर्व्यवहार किया है, उससे साफ हो गया है कि श्री मोदी किसान विरोधी हैं। सत्ता में आते ही पहला निर्णय लिया कि राज्य सरकार धान-गेंहू एमएसपी पर 150 रुपए बोनस देगी तो हम अनाज एमएसपी पर खरीदना बंद कर देंगे। दूसरे निर्णय में कांग्रेस सरकार के समय के किसानों की भूमि का उचित मुआवजा कानून को रौंदने के लिए तीन अध्यादेश लाए गये। तीसरे निर्णय में उच्चतम नयायालय में शपथ पत्र देकर कहा गया कि गया किसानों को लागत का 50 प्रतिशत समर्थन मूल्य देने से बाजार खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा श्री मोदी ने 2016 में कहा था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी लेकिन किसान की आय 27 रुपए प्रति दिन रह गई और उन पर 74 हजार रुपए औसत कर्ज हो गया है। तब श्री मोदी ने एक रैली में कहा कि हम विश्व की सबसे अच्छी बीमा फसल लेकर आ रहे हैं लेकिन हश्र ये हुआ कि यह योजना निजी कंपनियों के लिए मुनाफा योजना बन गई। यही नहीं 2020 में श्री मोदी धन्नासेठ दोस्तों के लिए तीन काले कृषि कानून लेकर आए जिससे किसानों को भारी नुकसान होता।

प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार किस तरह से किसान विरोधी है इसको लेकर उन्होंने संसदीय रिपोर्ट का हवाला दिया और कहा ह्लसंसद की स्थायी समिति की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इसमें कहा गया कि 'तत्कालीन कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर 2017 से श्री मोदी को चिट्ठी लिख रहे थे कि कृषि यंत्रो पर से जीएसटी हटा दीजिए लेकिन मोदी सरकार ने कभी इस पर संज्ञान नहीं लिया।' अब सरकार ने रबी सीजन के लिए समर्थन मूल्य की घोषणा की है लेकिन हर बार न पर्याप्त खरीद की जाती है, न उचित दाम दिया जाता है और न समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी का इंतजाम होता है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 76,400 |
| चांदी | 91,300 |
| सेंसेक्स | 84,554 |
| निफ्टी | 25,790 |

## संक्षिप्त खबरें

### बम की धमकी के कारण फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ा गया विस्तारा का विमान

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (वेब वार्ता)। दिल्ली से लंदन जा रही विस्तारा की एक फ्लाइट को बम की धमकी के बाद फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ दिया गया। एयरलाइन ने बताया कि फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया गया है। एयरलाइन ने जानकारी देते हुए कहा कि अनिवार्य सुरक्षा जांच की जा रही थी। एक बार ये जांच पूरी हो जाने के बाद, फ्लाइट लंदन के लिए अपनी यात्रा जारी रखेगी। एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्लदिल्ली से लंदन (डीईएल-एलएचआर) जाने वाली फ्लाइट यूके 17 को फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ दिया गया है और इसके 2110 बजे (स्थानीय समय) पर फ्रैंकफर्ट पहुंचने की उम्मीद है। कृपया आगे की अपडेट के लिए बने रहें। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि 18 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली विस्तारा की फ्लाइट यूके17 को सोशल मीडिया के जरिए सुरक्षा संबंधी धमकी मिली थी। स्थापित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। एहतियात के तौर पर फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ दिया गया। प्रवक्ता ने कहा, ह्लप्रोटोकॉल के अनुसार, सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया और एहतियात के तौर पर, पायलटों ने फ्लाइट

## पर्यावरण मंत्री बोलें- साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई

# 2764 निर्माण साइट्स का हुआ निरीक्षण 17.40 लाख रुपए का लगाया गया जुमार्ना

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया है कि एंटी डस्ट अभियान से सम्बंधित टीमों ने अभी तक 2764 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया और निर्माण स्थलों पर जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर 76 स्थलों को नोटिस और चालान जारी किया है। साथ ही, 17 लाख 40 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में 7 अक्टूबर से एंटी डस्ट कैम्पेन चलाया जा रहा है, जो 7 नवम्बर तक चलेगा। इस अभियान के लिए 523 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें 13 संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हैं। ये दिल्ली के अंदर अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं और मानदंडों के उल्लंघन पर कार्रवाई कर रहे हैं। सभी टीमों को लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। गोपाल राय ने कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार ने 25



सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य शुरू कर दिया है। हमने ग्रीन वॉर रूम लॉन्च किया है, जहां से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पाई है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है, जिसमे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोजर का छिड़काव, वृक्षारोपण अभियान, जागरूकता अभियान, मोबाइल एंटी स्मोग गन से पानी के छिड़काव का अभियान आदि प्रमुख है। उन्होंने बताया है कि टीम लगातार निर्माण साइट्स का दौरा कर रही है। यह टीम यह सुनिश्चित करेगी कि वहां निर्माण संबंधी दिशा निदेशों का पालन हो। निर्माण साइट्स पर 14 सूत्रीय नियमों को लागू करना जरूरी है। यह अभियान 7 नवंबर तक चलेगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जो भी साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं करेगा, उस पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियम के उल्लंघन होने के तहत जुमार्ना लगाया जाएगा। अगर ज्यादा उल्लंघन होगा तो कंस्ट्रक्शन साइट को बंद कर दिया जाएगा। गोपाल राय ने कहा कि डस्ट प्रदूषण को रोकने के लिए 85 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) मशीनों, 500 वॉटर स्प्रिंकलर की पूरी दिल्ली में तैनाती की गयी है। नवंबर महीने में एक शिफ्ट से बढ़ाकर तीन शिफ्टों में मोबाइल एंटी स्मॉग गन की सड़कों पर तैनाती होगी। धूल प्रदूषण कम करने के लिए हॉटस्पॉट वाले इलाकों में 80 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाए गए हैं। गोपाल राय ने दिल्ली के लोगों से अपील किया की है कि कहीं भी अगर उनको निर्माण कार्य में अनियमितता दिखे तो वे ग्रीन दिल्ली ऐप पर इसकी शिकायत करें।

## उपचुनाव : सपा से मिली दो सीटों पर कांग्रेस ने साधी चुप्पी

लखनऊ, एजेंसी



● कांग्रेस की तरफ से अभी इन सीटों पर चुनाव लड़ने की कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं

उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में सपा ने कांग्रेस के लिए दो सीटें छोड़ रखी है। लेकिन कांग्रेस इससे खुश नहीं है। हालांकि इस मुद्दे पर बिना बोले उसने गेंद केंद्रीय नेतृत्व के पाले में डाल दी है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद दोनों दलों के नेता उपचुनाव में भी साथ मिलकर मैदान में उतरने की बात भले ही कहते दिख रहे हों। लेकिन उनके बीच सीटों के बंटवारे की बातें स्पष्ट नहीं दिख रही है। सपा सात सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार चुकी है। सपा ने खैर व गाजियाबाद की सीट कांग्रेस के लिए छोड़ी है। इन दोनों सीटों को लेकर कांग्रेस की तरफ से अभी इन सीटों पर चुनाव लड़ने की कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। न ही इन सीटों पर अपने उम्मीदवारों को लेकर पत्ते खोले हैं। अगर 2022 के गाजियाबाद के चुनावी आंकड़ों को देखें तो कांग्रेस 11818 वोट पाकर चौथे स्थान पर थी। जबकि सपा 44 हजार 668 वोट पाकर तीसरे स्थान पर थी। यहां कांग्रेस को 4.83 वहीं सपा को 18.25 फीसद वोट मिला था। खैर में कांग्रेस की हालत बहुत खराब थी यहां पर इन्हें महज 1514 वोट मिला था। जबकि सपा ने यह सीट रालोद के साथ गठबंधन में लड़ी थी। उन्हें 41644 वोट मिले थे। यहां भी कांग्रेस चौथे नंबर थी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उपचुनाव को लेकर बातचीत चल रही हैं। अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। जो भी निर्णय होगा वह केंद्रीय नेतृत्व लेगा। तभी सबको अवगत करा दिया जाएगा। वहीं सपा के प्रवक्ता डॉक्टर आशुतोष वर्मा ने कहा कि सपा ने सात सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। गाजियाबाद और खैर सीट कांग्रेस को दी गई है। सपा पहले ही कह चुकी है कि इंडिया गठबंधन को साथ लेकर चलेगी, तो चल रही है। जब कोई बिना बात किए कुछ भी बयान दे देता है तो उससे दिक्कत बढ़ जाती है। उस समय भी हमने कहा था कि पांच सीटों में मिलाकर भी कांग्रेस अगर 50 हजार वोट पाई होती तो उसे सीटें दे दी जाती। 2022 के आंकड़ों को देखें तो हर जगह चौथे और पांचवें नंबर की लड़ाई पर रहे हैं। पांच सीटें देने का कोई मतलब नहीं है। यूपी कांग्रेस अगर ऐसा कह रही है तो यह बेतुकी बातें है। जहां दो सीटें दी हैं वहां भी सपा का मजबूत संगठन है। कई उम्मीदवार दावेदार भी हैं। हालांकि हम लोगों के बीच कोई मनमुटाव वाली बात नहीं है। भाजपा को हराने की तैयारी की जा रही है। ज्ञात हो कि यूपी के उपचुनावों की तारीखों का ऐलान हो चुका है। 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं 23 नवंबर को परिणाम आएंगे। नामांकन की प्रक्रिया 18 अक्टूबर से शुरू होगी। वहीं दाखिल करने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर है।

## 370 पर सीएम उमर अब्दुल्ला ने साधी चुप्पी

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेस की सरकार बन गई है। राज्य की कमान को मिली है। उनके मुख्यमंत्री बनते ही विरोधियों ने उन्हे निशाने पर लिया है। अनुच्छेद 370 के नाम पर सत्ता में आई नेकां को विरोधी घेर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि पार्टी 370 भूल चुकी है और अब भाजपा की गोदी में बैठकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कैबिनेट ने अपनी पहली बैठक में जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, लेकिन विशेष दर्जे की बहाली पर चुप्पी साध ली है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विरोधियों ने इसके लिए भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है। एक सूत्र ने कहा, ह्लमसौदा तैयार हो गया है और सीएम इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपने के लिए कुछ दिनों में नई दिल्ली जाएंगे और उनसे राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह करेंगे। बारामुल्ला के सांसद इंजीनियर राशिद ने उमर अब्दुल्ला पर भाजपा के हाथों में खेलने का आरोप लगाया। आपको बता दें कि इससे पहले उमर अब्दुल्ला ने राशिद को भाजपा का मोहरा करार दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि वोटों को विभाजित करने के लिए अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। अब, राशिद ने आरोप लगाया कि एनसी ने अपनी 42 सीटें इसलिए जीतीं क्योंकि उसे भाजपा से रणनीतिक मदद मिली।रशीद ने कहा, एनसी ने अनुच्छेद 370 के खिलाफ लड़ाई का वादा किया है, लेकिन उमर केवल राज्य का दर्जा बहाल करने पर ध्यान केंद्रित करके मुख्य मुद्दों से भटक रहे हैं। सांसद ने कहा कि चूंकि पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही राज्य का दर्जा देने का वादा कर चुके हैं, इसलिए इस मुद्दे पर जोर देते हुए बाकी दूसरे मुद्दों को नजरअंदाज करना नए सीएम द्वारा विश्वासघात के समान है।रशीद ने दावा किया कि उमर ने हाल ही में विशेष दर्जा बहाल करने की बात कही थी। रशीद ने कहा, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि अगर तब तक बीजेपी सत्ता में रहती है तो क्या कश्मीरियों को 100 साल तक इंतजार करना चाहिए।

## अब आम आदमी लाइव देख सकेगा सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आम जनता के हित में बड़ा और सार्थक कदम उठाया है। अब कोई भी आम आदमी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई को लाइव देख सकेगा। इसके लिए तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। अब से, आप सभी अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर देख पाएंगे। इससे पहले तक, सुप्रीम कोर्ट सिर्फ संविधान पीठ और राष्ट्रीय महत्व के अन्य मामलों की सुनवाई को ही यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम करता था। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में स्वप्निल त्रिपाठी मामले में अपने फैसले में महत्वपूर्ण मामलों में कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग का समर्थन किया था। इसके बाद, देश के कोने-कोने के नागरिकों को शीर्ष अदालत की कार्यवाही देखने का मौका मिले, इसलिए पूरे न्यायालय ने संविधान पीठों की कार्यवाही का



सीधा प्रसारण करने का फैसला किया। इसके अलावा, महत्वपूर्ण सुनवाई का लाइव ट्रांसक्रिप्शन तैयार करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग तकनीक का भी उपयोग किया जाता है। हाल ही में, नीट-यूजी मामले और आरजीकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई को लोगों ने काफी संख्या में ऑनलाइन देखा। पिछले साल अगस्त में, संविधान के अनुच्छेद 370 पर संविधान पीठ की सुनवाई के दौरान, भारत के मुख्य न्यायाधीश डी।वाई। चंद्रचूड़ ने कहा था कि शीर्ष अदालत देश भर की सभी निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई को सक्षम बनाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना खुद का क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा था कि ईकोर्ट्स (प्रोजेक्ट) के तीसरे चरण में, हमारे पास एक बड़ा बजट है, इसलिए हम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना खुद का क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं। मुख्य न्यायाधीश ने बताया था कि महामारी के दौरान, भारत भर की अदालतों ने वर्चुअल माध्यम से 43 मिलियन सुनवाई कीं। औपनिवेशिक छाप और पारंपरिक विशेषताओं को त्यागते हुए एक अन्य पहल में, सीजेआई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट के जजों के पुस्तकालय में लेडी जस्टिस की मूर्ति अब एक तलवार के बजाय भारतीय संविधान की एक प्रति रखी है, और उसकी आंखों से पट्टी हटा दी गई है।

**प्रदूषण** दिल्ली में प्रदूषण को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार को दोषी मानता हूं...............

# दिल्ली में प्रदूषण के लिए आप और भाजपा जिम्मेदार : प्रमोद तिवारी



नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने शनिवार को दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण और यमुना नदी में बढ़ते जहरीली झाग को लेकर बात करते हुए केंद्र की मोदी सरकार और दिल्ली सरकार जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आज एक्यूआई लेवल 300 पार पहुंच गया। हर बढ़ते दिन के साथ राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है। इसे लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए केंद्र की मोदी सरकार और दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। कई राज्यों की सरकारों ने प्रदूषण को कम करके दिखाया है। उन्होंने आगे सवाल किया कि दिल्ली के एलजी इस वक्त क्या कर रहे हैं? यमुना नदी प्रदूषित है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल साल की शुरूआत में सिर्फ नए-नए वादे करते रहे और केंद्र सरकार को जहां उन्हें दखल देना चाहिए था वहां दखल दिया नहीं। मैं दिल्ली में प्रदूषण को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार को दोषी मानता हूं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर महा विकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग को लेकर तनातनी चल रही है। इस पर कांग्रेस राज्यसभा सांसद ने कहा, मैं इससे सहमत नहीं हूं कि तनातनी चल रही है। सीट शेयरिंग को लेकर वार्ता हो रही है। लोकत्रांतिक गठबंधन में वार्ता होती है। भाजपा की तानाशाही छोटे दलों को भी निगल जाती है। हमारे यहां सभी के विचार लिए जाएंगे और समय रहते सीट शेयरिंग फॉमूर्ला सुलझा लिया जाएगा। अखिलेश यादव महाराष्ट्र में 12 सीट मांग रहे हैं। इस पर कांग्रेस राज्यसभा सांसद ने कहा, उन्होंने 12 सीट की मांग नहीं की है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि वार्ता चल रही है, वार्ता होने के बाद सीट शेयरिंग सुलझा लिया जाएगा। सपा अध्यक्ष ने यूपी की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। इस पर उन्होंने कहा, सिर्फ यूपी ही नहीं, जहां-जहां भाजपा की सरकार है वहां पर कानून व्यवस्था ठप हो चुकी है।

### हर्ष मल्होत्रा ने यमुना का दौरा किया, आप सरकार को ठहराया जिम्मेदार

भाजपा सांसद हर्ष मल्होत्रा ने शनिवार को यमुना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की आतिशी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने यमुना और दिल्ली के प्रदूषण के लिए आतिशी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। हर्ष मल्होत्रा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अरविंद केजरीवाल लगभग साढ़े नौ साल दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। आतिशी जो उनकी मंत्री रहीं वह आज दिल्ली की सीएम हैं। 2013, 2015 और 2020 के तीनों चुनावों में अरविंद केजरीवाल और उनके नेताओं ने लगातार सवाल उठाए कि यमुना गंदी है, मैली है, प्रदूषित है। उन्होंने 2015 और 2020 में चुनावी वादा किया वो यमुना जी को साफ करेंगे। उन्होंने 2020 में खुद वादा किया था कि मैं यमुना में खुद डुबकी लगाऊंगा और दिल्लीवासियों को इसमें स्वच्छ स्नान कराऊंगा। आज आप यमुना जी की स्थिति देखिए। आज यमुना जी का जो हाल है इसकी पूरी जिम्मेदारी आतिशी सरकार की है। उन्होंने आगे कहा कि एक हजार करोड़ रुपये पॉल्यूशन सेस के नाम से जो इकट्ठा किया गया, उसमें दिल्ली के साथ यमुना जी का भी पॉल्यूशन ठीक होना चाहिए था, उस पर कुछ नहीं किया गया। सिर्फ और सिर्फ अरविंद केजरीवाल की फोटो के बड़े-बड़े होर्डिंग लगे कि दिल्ली साफ। जब उनसे ये काम नहीं हो रहा था तो दिल्ली के उपराज्यपाल ने कोशिश की। दिल्ली में यमुना जी में जो छोटे-बड़े 32 नाले गिरते हैं उनके मुहाने पर सीटीवी प्लांट लगना चाहिए, ताकि पानी स्वच्छ होकर यमुना जी में गिरे, लेकिन एक भी प्लांट नहीं लगा। उस पर उपराज्यपाल ने काम करना शुरू किया, तो वह एक तरफ यमुना जी को साफ करने की बात करते थे, दूसरी तरफ इस बात के लिए सुप्रीम कोर्ट चले गए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण उपराज्यपाल को काम रोकना पड़ा। लेकिन इनके हाथ तो बंधे हुए नहीं थे यह कर सकते थे। मगर केजरीवाल, उनके मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त रहे।

## प्रवासी भारतीयों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: मुर्मु



नई दिल्ली, एजेंसी

लिलोंग्वे तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा के अंतिम चरण में मलावी पहुंचीं भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत के बाहर रह रहे अपने देशवासियों का कल्याण करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनकी सरकार भारतीयों की चिंता को दूर करने और उनकी सुरक्षा, कल्याण और उन्नति सुनिश्चित करने के लिए विश्व में अपने सहयोगियों के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत आपसी विश्वास, समानता, और पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों पर आधारित अफ्रीकी महाद्वीप के साथ अपनी साझेदारी को महत्व देता है। अफ्रीका के साथ सहयोग का हमारा मॉडल स्थानीय संसाधन का उपयोग करने और क्षमता निर्माण का है। यह अफ्रीका की आवश्यकताओं की प्राथमिकता पर आधारित है राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ग्लोबल साउथ के अग्रणी सदस्य के रूप में भारत विश्व की दोतिहाई जनसंख्या के हितों का प्रतिनिधित्व करने की अपनी भूमिका को गंभीरता से लेता है। मलावी में आप सभी के बीच उपस्थित होकर प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। भारत और मलावी के राजनयिक संबंधों को 60 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह रिश्ते ऐतिहासिक हैं। मलावी से भारत के गहरे सांस्कृतिक संबंध भी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का मलावी के राष्ट्रपति लाजर मैक्कार्थी चकवेरा ने स्टेट हाउस में गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं ने भारत-मलावी संबंधों को सुदृढ़ करने के अलावा कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लिलोंग्वे में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा किया। उन्होंने प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध और अन्य सैन्य अभियानों के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों और नागरिकों को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी, जिनके बलिदान को इस स्मारक में महत्व दिया गया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने मलावी के पहले राष्ट्रपति डॉ. हेस्टिंग्स कामुजु की समाधि पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार,20 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### योग शिक्षकों ने किया राष्ट्रीय आंदोलन का ऐलान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** उच्च शिक्षा विभाग की ओर से कैबिनेट के फैसले के एक वर्ष बीत जाने के बाद भी नियुक्ति न होने से उत्तराखंड के योग शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त किया। इसके विरोध में योग शिक्षकों ने 9 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर दिल्ली के जंतर मंतर में आंदोलन करने का ऐलान किया है। जिसमें देशभर के योग शिक्षक शामिल होंगे। राष्ट्रीय योग शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष कुमार मंगलम सेमवाल ने बताया कि शीघ्र नियुक्ति नहीं होती है तो प्रदेश के योग शिक्षक उच्च शिक्षा निदेशालय में आमरण अनशन शुरू कर देंगे। इसके साथ ही देशभर के हेल्थ एंड वेलनेस, आरोग्य मंदिरम में कार्यरत योग शिक्षक भी कम वेतन और कार्यावधि से नाराज है। कहा कि योग शिक्षकों की पांच सूत्री मांगों को लेकर 9 नवंबर को योग शिक्षकों की ओर से जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया जाएगा। कहा योग दिवस के नाम पर देशभर में बड़े आयोजन तो किए जाते हैं, लेकिन जब बात योग शिक्षकों के रोजगार और हितों की आती है तो सरकार मूक दर्शक बनी रहती है। आंदोलन में विपक्षी नेता भी प्रतिभाग करेंगे।

### 50 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नगर निगम प्रशासन की ओर से शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को निगम की टीम ने त्रिवेणी घाट, देहरादून रोड और वीरभद्र मार्ग, एम्स के समीप अभियान चलाया। नगर आयुक्त शैलेंद्र नेगी ने बताया कि इस दौरान 50 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ़ कार्रवाई की गई। यहां संचालित हो रहे ठेली, रेहड़ी आदि को हटाया गया। सामान भी जब्त किया गया। नगर आयुक्त नेगी ने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### बच्चों के साथ खेले दादा और दादी जमकर मनाया उत्सव

**हरिद्वार, एजेंसी।** संस्कृति स्कूल रानीपुर मोड़ में ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया। इसमें पाल्यों के पुत्रों के साथ उनके दादा और दादी को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले दादा और दादी भी जमकर उत्सव मनाए। विद्यालय के आह्वान पर बच्चे अपने दादा-दादी और नाना-नानी के साथ पहुंचे। उन्होंने अपने इन अभिभावको के प्रति मंच से आदर और प्रेम व्यक्त करते हुए अपने ही शब्दों में उनके जीवन में अपनी और अपने जीवन में उनकी महत्ता को बताया। सीनियर केजी के बच्चों ने दादाङ्कदादी, नानाङ्कनानी का मार्चङ्कपास्ट करके भव्य स्वागत किया। प्रधानाचार्या श्वेता सहगल ने कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी के महत्त्व को वर्तमान पीढ़ी जिस दिन समझ लेगी निश्चित तौर पर समाज में वृद्धा आश्रम और अनाथालय की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन में इस रिश्ते की भूमिका को कतई अस्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। इसके बाद मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। इसमें दादा-दादी, नाना-नानी ने मिलकर भाग लिया। खेलों में सभी ने खूब आनंद लिया और बच्चे भी काफी आनंद में दिखे।

### विज्ञान महोत्सव में प्रिया, नैंसी और श्रेया प्रथम

**हरिद्वार, एजेंसी।** ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव में सीनियर वर्ग में पीएमश्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज ज्वालापुर की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। जिसमें खाद्य-स्वास्थ्य और स्वच्छता में प्रिया (कक्षा 11) प्रथम, विशाखा ने (कक्षा 11) द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रोहालकी में हुए विज्ञान महोत्सव में गणितीय प्रतिरूपण एवं सांकनात्मक चिंतन में नैंसी (कक्षा 10) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। परिवहन और संचार में आकृति (कक्षा 11) ने द्वितीय स्थान और वंशिका (कक्षा 11) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। संसाधन प्रबंधन में दीपिका (कक्षा 10) की छात्रा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा 11 की खुशबू कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। आपदा प्रबंधन में श्रेया (कक्षा 10) ने प्रथम स्थान और जैनब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मैथमेटिकल मॉडलिंग एंड कंप्यूटेशनल थिंकिंग की कैटेगरी में प्रथम स्थान मिताली (कक्षा 7 ए), नेचुरल फार्मिंग में द्वितीय स्थान काशिफा शिक्षा (कक्षा 7 ए), परिवहन एवं संचार में शुभ्रा तृतीय स्थान ( कक्षा 7 ए), डिजास्टर मैनेजमेंट में प्रथम स्थान इशिका सक्सेना (कक्षा 8ए) व विज्ञान ड्रामा में (कक्षा 9सी) की छात्राओं को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य पूनम राणा, अंजना, विनीता ने मेधावी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# साइबर हमले के बाद खुली पोल, जिन सिक्कल सर्वर का सपोर्ट बंद, उन पर चल रहीं विभागों की वेबसाइटें

**देहरादून, एजेंसी।**
साइबर हमले के बाद विशेषज्ञों ने जब बारीकी से जांच की तो तमाम विभाग ऐसे सामने आए, जिनके सिक्कल सर्वर अपग्रेड नहीं हुए। जिस सर्वर पर ये वेबसाइट चल रहीं थीं, उनकी तकनीकी सपोर्ट कंपनी ने पिछले साल बंद कर दी है। जिन सर्वर की तकनीकी सपोर्ट कंपनी ने पिछले साल ही बंद कर दी। विभागों की वेबसाइटें अब तक उन पर चल रही हैं। साइबर हमले के बाद इसकी पोल खुली। पता चला कि विभागों के सर्वर अपग्रेड करने के प्रस्ताव शासन में धूल फांक रहे हैं। दरअसल, विभागों की जो वेबसाइट चलती हैं, उनका डाटाबेस सुरक्षित रखने के लिए आईटीडीए में डाटाबेस सिक्कल सर्वर होता है। साइबर हमले के बाद विशेषज्ञों ने जब बारीकी से जांच की तो तमाम विभाग ऐसे सामने आए, जिनके सिक्कल सर्वर अपग्रेड नहीं हुए। जिस सर्वर पर ये वेबसाइट चल रहीं थीं, उनकी तकनीकी सपोर्ट कंपनी ने



पिछले साल बंद कर दी है। पूछताछ करने पर पता चला कि विभागों ने सर्वर अपग्रेड करने के प्रस्ताव शासन को भेजे थे, जिनकी किसी ने सुध ही नहीं ली है। विभागों और शासन स्तर की इस सुस्ती को लेकर अब सवाल खड़े हो रहे हैं। आईटीडीए के डाटा सेंटर की डिजास्टर रिकवरी देख रही बंगलूरू की कंपनी आईटीआई लिमिटेड को आईटीडीए ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निदेशक नितिका खंडेलवाल ने इसकी पुष्टि की। बताया जा रहा कि जिस वक्त माकोप रैनसमवेयर का हमला हुआ, उस समय आईटीआई की टीम रिमोट एक्सेस जैसे जोखिम भरे तरीके से सीसीटीएनएस का डाटा ले रही थी। इस साइबर हमले में न केवल आईटीडीए, बल्कि आईटीआई लिमिटेड को भी भारी नुकसान हुआ है। सवाल ये भी उठ रहे कि जो कंपनी अपनी सुरक्षा नहीं कर सकती, वह उत्तराखंड के डाटा की डिजास्टर रिकवरी किस तरह संभालती।

साइबर हमले के बाद प्रदेश में डाटा रिकवरी, स्कैनिंग का काम अब अंतिम दौर में पहुंच चुका है। आईटीडीए निदेशक नितिका खंडेलवाल ने बताया, 192 में से 161 मोबाइल एप और वेबसाइट लाइव हो चुकी हैं। उद्योगों की सिंगल विंडो भी शुरू हो गई है। चार वेबसाइटें ऐसी हैं जो अनुपयोगी होने के चलते पूरी तरह से बंद कर दी गई हैं। बताया, जल्द ही बाकी वेबसाइट व एप भी लाइव हो जाएंगे। सभी वेबसाइटों के सिक्योरिटी ऑडिट किए जा रहे हैं।

कवरी देख रही बंगलूरू की कंपनी आईटीआई लिमिटेड को आईटीडीए ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निदेशक नितिका खंडेलवाल ने इसकी पुष्टि की। बताया जा रहा कि जिस वक्त माकोप रैनसमवेयर का हमला हुआ, उस समय आईटीआई की टीम रिमोट एक्सेस जैसे जोखिम भरे तरीके से सीसीटीएनएस का डाटा ले रही थी। इस साइबर हमले में न केवल आईटीडीए, बल्कि आईटीआई लिमिटेड को भी भारी नुकसान हुआ है।

## मेघावाला गांव में एक घर से निकला कोबरा सांप, लोगों में दहशत का माहौल

**उधम सिंह नगर, एजेंसी।** उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के पतरामपुर रेंज से खबर सामने आ रही है। दरअसल, तराई पश्चिम वन प्रभाग के पतरामपुर रेंज में इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में जहरीले सांप निकल रहे है। इसी बीच बीती शाम पतरामपुर क्षेत्र के गांव मेघावाला गांव में एक घर मे खतरनाक कोबरा सांप दिखाई देने से हड़कंप मच गया। वहीं इस मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप का सकुशल रेस्क्यू कर लिया है। ऐसे में विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है।

प्राप्त सूचना के मुताबिक तराई पश्चिम वन प्रभाग के पतरामपुर रेंज में आए दिन सर्पदंश के कारण लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। इसके चलते बीते दो दिन पूर्व भी जसपुर के कलियावाला गांव में सर्पदंश से एक व्यक्ति की जान गई है। वहीं,मालधन क्षेत्र में भी सांप के काटने से एक मौत की सूचना मिली है। वन क्षेत्राधिकारी पतरामपुर धर्मानंद सुनाल ने जानकारी दी है ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सांप निकलने की सूचना मिली है। इस दौरान पहली घटना का सांप कॉमन केरेथ नसल का है। जो रात्रि में अटैक करता है और घरों के आस पास दिखाई देता है। वहीं दूसरा सांप रसेल वाइपर और तीसरा कोबरा है। बताया गया कि इस समय रसेल वाइपर ओर कॉमन केरेथ के काटने के ज्यादा मामले सामने आ रहे है। इसके चलते लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

वहीं इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी ने कहा कि इस दौरान बचाव के लिए घर के आस पास साफ सफाई रखे। साथ ही रात्रि में उजाला रखे ओर बिस्तर में सोने से पहले अच्छी तरह बिस्तर को झाड़ ले। वहीं आगे कहा कि मेघवाला गांव से सौरभ चौहान के घर से एक कोबरा सांप निकलने की सूचना आई थी। इसके चलते वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर सांप का रेस्क्यू कर लिया गया। इसके अतिरिक्त सांप को सुरक्षित जंगल मे छोड़ दिया गया है।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थान पर विराजे पंचमुखी हनुमान और मां दुर्गा

**हरिद्वार, एजेंसी।** श्री इच्छापूर्ण बालाजी धाम में पंचमुखी हनुमान एवं मां भगवती की प्रतिमा पूर्ण विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित हुई। इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने नगर परिक्रमा किया। कार्यक्रम का समापन हवन पूजन और विशाल भंडारे के साथ किया गया। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में मंदिर की स्थापना से नकारात्मक प्रभाव से मुक्ति मिलती है। सकारात्मक ऊर्जा से मनुष्य की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। क्षेत्रवासियों ने मंदिर स्थापित करने के लिए मनकामेश्वर गिरी के प्रति आभार जताया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष नागेंद्र राणा आदि ने कहा कि जगजीतपुर क्षेत्र में यह मंदिर सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने और धर्म व आस्था के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के तीसरे दिन आवाहित मुर्तियों की पूजा अर्चना के बाद महिलाएं कलश लेकर परिक्रमा में शामिल हुईं।

## छोटे भाई की हत्या के बाद फरार बड़ा भाई गिरफ्तार

**रुड़की, एजेंसी।** खेत में ट्यूबवेल की बोरिंग को लेकर विवाद में छोटे भाई की हत्या कर फरार हुए आरोपी बड़े भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गंडासा, आरोपी की खून से सनी शर्ट और एक लोवर भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

झबरेड़ा थाना क्षेत्र के सुसाड़ी गांव निवासी अंकित और उसके बड़े भाई बाबूराम का मंगलवार दोपहर खेत पर ट्यूबवेल की बोरिंग को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान बाबूराम ने अंकित पर धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था और फरार हो गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। साथ ही हत्या का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।

वहीं, शाम को परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया था। एसएसपी ने हत्यारोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन किया था। एसओ अंकुर शर्मा ने बताया कि बुधवार को आरोपी बाबूराम को देवबंद के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर एक गंडासा, एक शर्ट और एक लोवर भी बरामद किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## नाबार्ड के साथ युवाओं ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**हरिद्वार, एजेंसी।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से आदर्श युवा समिति हरिद्वार ने त्रिहरी पब्लिक स्कूल छाम पथरी भाग-2 में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त समाज की आवश्यकता है। यह केवल जागरूकता से ही संभव है। उन्होंने कहा कि सभी को सतर्क और जागरूक रहकर भ्रष्टाचार को समाप्त करने का प्रयास करना होगा। अधिवक्ता रमन दीप ने न्याय व्यवस्था में सतर्कता और पारदर्शिता के महत्व पर अपने विचार रखे।

## रोडवेज पर गंदगी देख जिलाधिकारी ने एआरएम को लगाई फटकार

**हरिद्वार, एजेंसी।**
जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने हरिद्वार रोडवेज का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के अचानक रोडवेज स्टेशन पहुंचने पर परिवहन विभाग में हलचल मच गई। जिलाधिकारी ने रोडवेज स्टैंड के प्रतीक्षालय, शौचालय, खड़ी हुई यात्री बसों, इंदिरा अम्मा भोजनालय, पूछताछ काउंटर, सहित पूरे परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। परिसर में गंदगी मिलने पर उन्होंने एआरएम को लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि रोडवेज परिसर में गंदगी, हाईटेक शौचालय की बदहाली यह देखते हए यात्री हरिद्वार से जाएंगे तो उत्तराखंड की तस्वीर उनके जेहन में जो आएगी इस पर बिना विचार किए यह व्यवस्था काफी चिंतनीय है।

इंद्रा अम्मा भोजनालय की व्यवस्था परखने पहुंचे जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें ब्रेक फास्ट से लेकर भोजन की शुद्धता को भी देखना होगा। एआरएम को उन्होंने भोजनालय में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही इसकी निरंतर निगरानी के लिए भी निर्देशित किया।



जिलाधिकारी ने अर्धनिर्मित भवन को पूर्ण करते हुए यात्रियों के रुकने के लिए डॉरमेट्री की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों के कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही हरिद्वार रोडवेज की लंबी दूरी की बसों में फर्स्ट एड किट में नहीं होने पर भी नाराजगी जताई। कहा कि प्राथमिक चिकित्सका के तमाम उपकरण और दवाएं इसमें होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अगली बार के निरीक्षण में यदि इस तरह की लापरवाही मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी की लताड़ पर एआरएम सुरेश सिंह चौहान ने अपनी ही व्यथा सुनाई। उन्होंने कहा कि परिसर की सफाई व्यवस्था प्राइवेट एजेंसी के माध्यम होती है। इस व्यवस्था में वह न तो कार्रवाई कर सकते हैं और न ही उनके मातहतों का उन पर कोई अधिकार होता है। इस पर जिलाधिकारी ने

# बदहाल सड़कें ठीक नहीं हुई तो होगा आंदोलन



**मुनस्यारी (पिथौरागढ़), एजेंसी।** क्षेत्र की बदहाल सड़कों से आक्रोशित लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि करोड़ों खर्च कर बनी सड़कें बदहाल हैं। गुणवत्ता सही नहीं होने से सड़कों पर डामर उखड़ गया है। उन्होंने जल्द सड़कों का सुधारीकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

शुक्रवार को क्षेत्र के लोग तहसील पहुंचे और एसडीएम श्रेष्ठ गुनसोला को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई के तहत बनी जैंती-धामीकुड़ा सड़क का वर्ष 2021 में चार करोड़ रुपये से कटिंग और सुधारीकरण हुआ। काम सही नहीं होने से सड़क की हालत दयनीय है। क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी देने के बाद सड़क सुधारीकरण का आश्वासन मिला लेकिन फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

पापड़ी-पैकुती सड़क का निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप न होने पर पर इस पर आवाजाही शुरू नहीं हो सकी है। शिशुमंदिर-नानासैम सड़क भी बदहाल है। बदहाल सड़कों पर आवाजाही न होने से क्षेत्र के लोग पैदल चलने के लिए मजबूर हैं। बीमारों और गर्भवतियों को भी डोली के सहारे अस्पताल पहुंचाना पड़ता है। चेतावनी दी कि एक महीने के भीतर सभी सड़कों में सुधारीकरण और डामरीकरण शुरू नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता सड़कों पर उतरेगी। ज्ञापन देने वालों में बीडीसी सदस्य ईश्वर कोरंगा, पूर्व प्रधान नंदन सिंह टोलिया, योगेश भाकुनी, देवेंद्र भंडारी, छत्र सिंह खत्री, पूरन सिंह पांगती, बहादुर राम सहित कई लोग शामिल रहे।

## 400 मीटर दूर से बिजली कनेक्शन लेने के लिए मजबूर हैं लोग

**पिथौरागढ़, एजेंसी।**
लम्पाटा (कासनी ) क्षेत्र के लोगों ने ऊर्जा निगम से सरकारी भूमि पर बिजली के नए पोल लगाने की मांग की है। जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में लोगों ने कहा है कि क्षेत्र में बिजली के पोल नहीं होने से लगभग 15-20 परिवारों को 200 से 400 मीटर दूर से कनेक्शन लेना पड़ रहा है। कुछ वर्षों में यहां जमीन खरीदकर मकान बनाए हैं। अभी तक ऊर्जा निगम ने बिजली के पोल नहीं लगाए हैं। ऐसे में सैकड़ों मीटर दूर से बिजली का कनेक्शन लेना पड़ रहा है। अधिक दूरी होने से केबिल बार-बार टूट जाती है। लोगों ने कहा है कि इससे पूर्व भी उनकी मांग पर बिजली विभाग के कर्मचारी आए लेकिन स्थानीय लोगों ने पोल नहीं लगाने दिए। उन्होंने जिलाधिकारी से सरकारी भूमि पर बिजली के पोल लगाने के लिए राजस्व उपनिरीक्षक और ऊर्जा निगम को निर्देशित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में नैन सिंह, दीवान सिंह, कुलवंत सिंह, नवीन सिंह, मदन सिंह, कुंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

संवाद विभागीय स्तर पर समस्याओं का समाधान न होने से परेशान लोगों के कलक्ट्रेट पहुंचने पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई। जब लम्पटा के लोग यूपीसीएल और तहसील कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी बिजली के खंभे न लगने की शिकायत लेकर कलक्ट्रेट पहुंचे तो डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह की समस्याओं का जब विभागीय स्तर पर समाधान हो सकता है को लोगों को कलक्ट्रेट की दौड़ क्यों लगानी पड़ रही है। उन्होंने यूपीसीएल से स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम विनोद गोस्वामी ने कहा कि लोग अपनी छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर कलक्ट्रेट पहुंच रहे हैं। विभागीय स्तर पर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। जनता का समय और धन बर्बाद हो रहा है। सभी मुख्यालय और तहसील के सभी विभागाध्यक्षों को जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेना होगा। उन्होंने समस्याओं को सुनने के लिए कार्यालयों में समय निर्धारित करने के निर्देश दिए।

## दूसरे समुदाय के सैलून संचालक ने युवती से की छेड़छाड़, हिंदूवादी नेताओं ने आरोपी को पीटा, की तोड़फोड़

**ऋषिकेश, एजेंसी।** आरोप है कि युवती सैलून में थी और युवक ने उससे छेड़खानी की। इसके बाद उसने सैलून से बाहर निकलकर लोगों को जानकारी दी।

देहरादून जिले के नुंनावाला, भानियावाला में शाम करीब सवा सात बजे पुरानी हरिद्वार रोड स्थित एक विशेष समुदाय के सैलून संचालक ने सैलून के अंदर क्षेत्र की एक युवती के साथ छेड़खानी कर दी। युवती ने सैलून से बाहर निकलकर लोगों को जानकारी दी। अपने ऑफिस के बाहर खड़े भाजपा नेता संजीव सैनी भी युवती के पास पहुंचे। जिसके बाद वहां हंगामा खड़ा हो गया। सूचना पाकर अन्य भाजपा नेता और हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे। कुछ लोगों ने आरोपी युवक की पिटाई और सैलून में तोड़फोड़ भी की। इसी बीच आरोपी युवक व अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फरार तीन युवकों को पकड़ा। जिसमें से एक युवक गन्ने के खेत में छिपा हुआ था। चौकी इंचार्ज सुमित चौधरी ने कहा कि युवती की पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। इस अवसर पर सुखदेव चौहान, संपूर्ण सिंह रावत, रविंदर बेलवाल, आनंद पवार, दिगंबर नेगी, भारत मनचंदा, कमल रावत, कुन्ना चौहान, उपेंद्र रावत, नरेंद्र नेगी आदि उपस्थित रहे।

## फिट इंडिया खेलो राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का समापन, विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल देकर किया सम्मानित

**रूड़की, एजेंसी।**
उततराखंड के रूड़की में श्री योगेश्वर विद्यालय में फिट इंडिया खेलो खेलो भारत युवा फेडरेशन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का समापन हो गया है। इस दौरान समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया है। वहीं इस मौके पर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

प्राप्त सूचना के मुताबिक रूड़की में फिट इंडिया खेलो के तहत भारत युवा फेडरेशन के तत्वाधान में श्री योगेश्वर विद्यालय में दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था इस दौरान प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से कई टीमों ने विभिन्न खेलों मे प्रतिभाग किया था। जिसका बीते शुक्रवार को समापन किया गया। इस समापन समारोह में अतिथियों के द्वारा विजेता टीमो को मेडल,सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया है। वहीं इस मौके पर फेडरेशन के प्रेजिडेंट मोहित कुमार ने बताया कि राज्यस्तरीय चैंपियनशिप में पूरे प्रदेश से पहुंचे खिलाड़ियों ने अलग-अलग खेलों में प्रतिभाग किया था। इस दौरान वॉलीबॉल, कबड्डी,खो-खो,बास्केटबॉल, बैडमिंटन आदि खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता खिलाड़ियों को मेडल, सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि गांव देहात में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना है। उन्होंने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को नेशनल लेवल पर जाने का मौका मिलेगा।



वहीं इस मौके पर फेडरेशन के सेक्रेटरी अवधेश कुमार ने कहा कि आज के समय मे बच्चे इंटरनेट के माध्यम से सोशल मीडिया पर समय खराब करते हैं और खेलों से दूर होते चले जा रहे है। इस तरह के आयोजनों से प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। विशिष्ट अतिथि जितेंद्र पुंडीर ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में उत्साह बढ़ता है। साथ ही कहा कि खेलों को लेकर राज्य और केंद्र सरकार प्रोत्साहन दे रही है।

# 2764 निर्माण साइट्स का हुआ निरीक्षण, 17.40 लाख रुपए का लगाया गया जुमार्ना

## ये दिल्ली के अंदर अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया है कि एंटी डस्ट अभियान से सम्बंधित टीमों ने अभी तक 2764 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया और निर्माण स्थलों पर जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर 76 स्थलों को नोटिस और चालान जारी किया है। साथ ही, 17 लाख 40 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया।

गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में 7 अक्टूबर से एंटी डस्ट कैम्पेन चलाया जा रहा है, जो 7 नवम्बर तक चलेगा। इस अभियान के लिए 523 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें 13 संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हैं। ये दिल्ली के अंदर अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं और मानदंडों के उल्लंघन पर कार्रवाई कर रहे हैं। सभी टीमों को लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

गोपाल राय ने कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार ने 25 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य शुरू कर दिया है। हमने ग्रीन वॉर रूम लॉन्च किया है, जहां से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पाई है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है, जिसमे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोजर का छिड़काव, वृक्षारोपण अभियान, जागरूकता अभियान, मोबाइल एंटी स्मोग गन से पानी के छिड़काव का अभियान आदि प्रमुख है।

उन्होंने बताया है कि टीम लगातार निर्माण साइट्स का दौरा कर रही है। यह टीम यह सुनिश्चित करेगी कि वहां निर्माण संबंधी दिशा निर्देशों का पालन हो। निर्माण साइट्स पर 14 सूत्रीय नियमों को लागू करना जरूरी है। यह अभियान 7 नवंबर तक चलेगा।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जो भी साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं करेगा, उस पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियम के उल्लंघन होने के तहत जुमार्ना लगाया जाएगा। अगर ज्यादा उल्लंघन होगा तो कंस्ट्रक्शन साइट को बंद कर दिया जाएगा। गोपाल राय ने कहा कि डस्ट प्रदूषण को रोकने के लिए 85 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) मशीनों, 500 वॉटर स्प्रिंकलर की पूरी दिल्ली में तैनाती की गयी है। नवंबर महीने में एक शिफ्ट से बढ़ाकर तीन शिफ्टों में मोबाइल एंटी स्मॉग गन की सड़कों पर तैनाती होगी। धूल प्रदूषण कम करने के लिए हॉटस्पॉट वाले इलाकों में 80 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाए गए हैं।

गोपाल राय ने दिल्ली के लोगों से अपील किया की है कि कहीं भी अगर उनको निर्माण कार्य में अनियमितता दिखे तो वे ग्रीन दिल्ली ऐप पर इसकी शिकायत करें।

# विजया रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई ओर जताया भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट -रजि बरवाला दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करके नव-नियुक्त राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा सुश्री विजया रहाटकर को बधाई देते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार जताया है। वत्स ने कहा कि विजया रहाटकर एक अनुभवी ओर दूरदर्शी सोच वाली महिला हितैषी छवि रखती हैं। विजया रहाटकर महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन भी रह चुकी हैं। वह वर्तमान में भाजपा की राष्ट्रीय सचिव ओर राजस्थान की सह-प्रभारी हैं। वह भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। वत्स ने कहा कि विजया रहाटकर के रुप में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने देश को सकारात्मक सोच रखने वाली महिला को राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष बनाकर यह साफ ओर स्पष्ट संदेश दे दिया है कि भाजपा महिलाओं की बेहतरी, उनके हितों की रक्षा करने वाली पार्टी है जो महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह से समर्पित है।

## आयुर्वेद संस्थान के उत्सव में 400 से अधिक शोधपत्र पेश

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आरोहा का शनिवार को समापन हो गया। 17 अक्तूबर को शुरू हुए इस सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने भी हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में देश विदेश के डॉक्टरों ने लगभग 400 शोधपत्र पेश किए। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की निदेशक प्रो तनुजा नेसरी ने कहा कि यह सम्मेलन विश्वभर के विशेषज्ञों को एक साथ लाकर आयुर्वेद के क्षेत्र में नए अवसरों और नवाचारों को प्रोत्साहित करेगा।

# करोड़ों खर्च करने के बाद भी नहीं सुधर रही दिल्ली की हवा : विनोद जायस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पिछले दस साल से दिल्ली को प्रदूष्ण से राहत दिलाने के लिए करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया गया बावजूद इसके सर्दी शुरू होने से पहले ही दिल्ली की हवाएं जहरीली होती जा रही है और इसके लिए केवल और केवल दिल्ली की सरकार जिम्मेदार है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी उत्तर पूर्वी जिले के उपाध्यक्ष ठाकुर विनोद जायस का। विनोद जायस कहते में दिल्ली सरकार हर मामले में अँधेरे में तीर चलाती है कामयाब हो गए तो तीर हमने चलाया था और नाकामयाब रहे तो केंद्र सरकार नें रोड़ा अटका दिया। लेकिन अब दिल्ली की जनता इनकी नौटंकियों को भलीभांति समझ चुकी है। विनोद जायस कहते हैं मुख्यमंत्री आतिशी और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा विंटर एक्शन प्लान व ग्रेप-1 लागू करने के लाख दावों के बावजूद राजधानी की हवा लगातार प्रदूषित होती जा रही है, क्योंकि अरविन्द केजरीवाल पंजाब में जलाई जा रही पराली को छोड़ हरियाणा और उत्तर प्रदेश में जलाई जा रही पराली को दिल्ली में खतरनाक प्रदूषण के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे है, जबकि सुप्रीम कोर्ट भी राजधानी में वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणां में से पराली जलाना भी एक है। डिसीजन सपोर्ट सिस्टम के मुताबिक दिल्ली के प्रदूषण में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी सिर्फ पंजाब और हरियाणा में जलाई जा रही पराली के धुएं की है। विनोद जायस कहते हैं कि राजधानी की हवा में पराली के धुएं की 1.287 प्रतिशत हिस्सेदारी है जो लगातार बढ़ रही है। सुप्रीम कोर्ट के सीधे हस्तक्षेप के बावजूद दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल दिल्ली के प्रदूषण की गंभीरता को नकार रहे है, जबकि आंकड़े सरकार विंटर एक्शन प्लान, ग्रेप सख्ती से लागू करने की कलई खोल रहे है। पिछले पांच दिनों में वायु प्रदूषण एक्यूआई गंभीर रुप ले रहा है 13 अक्टूबर को 224, 14 अक्टूबर को 234, 15 अक्टूबर को 198 और 16 अक्टूबर को 230 रहा, जो आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की तमाम घोषणाओं की नाकामी को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप पार्टी की सरकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए मिले फंड 742.69 करोड़ में से सिर्फ 29 प्रतिशत ही खर्च कर पाई है। यह उनकी प्रदूषण नियंत्रण पर संवेदनशीलता को उजागर करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल चोरी करने वाले दो बदमाश पकड़े

नई दिल्ली। दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस की एंटी सेंधमारी सेल ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों राहुल सिंह और दीपक कुमार के पास से चोरी के दो मोबाइल बरामद हुए हैं। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि 21 अगस्त को विकास वर्मा ने ई-एफआईआर दर्ज की थी। पीड़ित ने बताया कि उसके घर से छह मोबाइल फोन किसी ने चोरी कर ली है। पुलिस टीम ने राहुल को बिहार के मधुबनी से और दीपक कुमार को कानपुर से पकड़ लिया।

### तीन नाबालिग छात्रों को मेरठ से बरामद किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सागरपुर से लापता हुए तीन नाबालिग लड़कों को यूपी के मेरठ से बरामद कर लिया है। बरामद किए गए तीनों लड़के कुछ विषयों में फेल होने के कारण माता-पिता की डांट के डर से बिना किसी को बताए एक साथ घर छोड़कर चले गए थे। तीनों की उम्र करीब 15 वर्ष है। इन्हें ट्रेन में यात्रा करते समय मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया है।

### दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

नई दिल्ली। किशनगढ़ थाना पुलिस ने 17 अक्तूबर को छतरपुर इलाके से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी विजय कुमार बिष्ट गुरुग्राम स्थित एक पैथ लैब में असिस्टेंट का काम करता था। आरोपी अपने एक दोस्त के जरिए पीड़िता से मिला था। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि महिला ने शिकायत में बताया कि विजय ने फरवरी 2021 से कई बार दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### वारदात को अंजाम देने ट्रेन से आता था आरोपी

नई दिल्ली। ट्रेन से रेवाड़ी से दिल्ली आकर आपराधिक वारदात को अंजाम देने वाले एक शख्स को कापसहेड़ा थाना पुलिस ने 17 अक्तूबर को बीएमजी मॉल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी आशु के पास से चोरी का पावर बैंक और चार्जर बरामद हुआ है। आरोपी पर छह मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि दो अक्तूबर को भगवान सिंह ने अपने घर से इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और नगदी चोरी होने की शिकायत दी थी।

### कोरियाई सांस्कृतिक महोत्सव रंग दे कोरिया का आयोजन

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत की ओर से दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव ह्यरंग दे कोरिया का आयोजन जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन भारत में कोरिया गणराज्य के राजदूत महामहिम चांग जे-बोक ने किया। मौके पर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य कोरिया और भारत के बीच सांस्कृतिक बंधन को बढ़ावा देना और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और गहरा करना था। इस कार्यक्रम में कोरियन खाना से लेकर ब्यूटी, क्राफ्ट, खेल, फैशन सहित कई अन्य चीजें मौजूद थीं।

# इंस्टाग्राम पर पिस्तौल के साथ फोटो डालने वाला पहुंचा जेल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए अवैध हथियारों के साथ फोटो अपलोड करना एक शख्स को भारी पड़ गया। युवक की इस हरकत का संज्ञान लेते हुए द्वारका जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने 15 अक्तूबर को कैर बस डिपो के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 22 वर्षीय आकाश के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि एसीपी ऑपरेशंस राम अवतार, इंस्पेक्टर कमलेश कुमार और हेडकांस्टेबल जगत सिंह की टीम को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सक्रिय अपराधियों पर कड़ी नजर रखने का जिम्मा सौंपा गया है। पुलिस टीम को इंस्टाग्राम पर हथियारों के साथ आकाश की एक तस्वीर मिली। टीम ने उस अकाउंट को तुरंत फॉलो किया और उसे ट्रैक करने के लिए जानकारी जुटाई। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लॉरेंस बिश्नोई से प्रभावित है और उसका वीडियो देखता है। उसने कालू नाम के युवक से पिस्तौल लिया और इंस्टाग्राम पर तस्वीरें और स्टोरी अपलोड की थी। आरोपी ने 12वीं तक पढ़ाई की है। उसने बताया कि हथियार के साथ फोटो देखने के बाद नौ हजार से ज्यादा फॉलोअर बढ़ गए हैं।

### इंस्टाग्राम पर पिस्तौल के साथ फोटो डालने वाला पहुंचा जेल

नई दिल्ली। इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए अवैध हथियारों के साथ फोटो अपलोड करना एक शख्स को भारी पड़ गया। युवक की इस हरकत का संज्ञान लेते हुए द्वारका जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने 15 अक्तूबर को कैर बस डिपो के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 22 वर्षीय आकाश के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि एसीपी ऑपरेशंस राम अवतार, इंस्पेक्टर कमलेश कुमार और हेडकांस्टेबल जगत सिंह की टीम को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सक्रिय अपराधियों पर कड़ी नजर रखने का जिम्मा सौंपा गया है। पुलिस टीम को इंस्टाग्राम पर हथियारों के साथ आकाश की एक तस्वीर मिली। टीम ने उस अकाउंट को तुरंत फॉलो किया और उसे ट्रैक करने के लिए जानकारी जुटाई। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लॉरेंस बिश्नोई से प्रभावित है और उसका वीडियो देखता है। उसने कालू नाम के युवक से पिस्तौल लिया और इंस्टाग्राम पर तस्वीरें और स्टोरी अपलोड की थी। आरोपी ने 12वीं तक पढ़ाई की है। उसने बताया कि हथियार के साथ फोटो देखने के बाद नौ हजार से ज्यादा फॉलोअर बढ़ गए हैं।

### विधानसभा में कैग रिपोर्ट पेश करने की मांग, मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा का प्रदर्शन

नई दिल्ली । भाजपा विधायकों ने दिल्ली विधानसभा में कैग की 12 लंबित रिपोर्ट को पेश किए जाने की मांग को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के घर के नजदीक धरना दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि हम जानना चाहते हंक कि आखिर कैग की इन रिपोर्ट में ऐसा क्या है, जो दिल्ली सरकार इन्हें विधानसभा में पेश करना नहीं चाहती है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कैग की इन रिपोर्ट में सीवर, जल बोर्ड, अस्पताल में दवाइयां की खरीद, राशन वितरण सहित कई तरह के मामलों में की गई जांच की रिपोर्ट हैं। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी से मांग करते हैं कि वह जल्द से जल्द विधानसभा का सत्र बुलाकर कैग की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखें। जिससे जनता को केजरीवाल सरकार की सच्चाई का पता चले।

# 15 लाख से ज्यादा लोगो को इन्तजार है अपने राशन कार्ड बनने का : दीपक गाबा

नई दिल्ली । खुद को गरीबों की सबसे बड़ी हमदर्द कहने वाली आम आदमी पार्टी के शासन में सबसे ज्यादा उत्पीडन केवल गरीबों का ही हो रहा है। आलम यह है कि केंद्र सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाएँ लेने से भी लोग वंचित हैं क्योंकि उन योजनायो को ले दिल्ली की सरकार गंभीर ही नहीं है। ना उनके लिए आवाज उठती और ना ही उन्हें क्रियान्वित होने देती। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के महामंत्री दीपक गाबा का। दीपक गाबा कहते हैं जिस तरह से दिल्ली सरकार पूरे देश में लागू आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिल्ली की जनता को लेने से वंचित कर रही है इससे बड़ी मिसाल इनकी लापरवाही की और क्या हो सकती है। जिसके चलते दिल्ली के लोगो को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। दीपक गाबा कहते है दिल्ली सरकार की लापरवाही के चलते पिछले अनेक सालों से दिल्ली के लाखों लोगो लोगो के राशन कार्ड नहीं बन पा रहे जिसके चलते लाखों लोग सरकार की मुफ्त राशन योजना का लाभ तक नहीं उठा पा रहे। दीपक गाबा कहते हैं कि यह भी जांच का विषय है कि 10 सालों में करीब 15 लाख लाभार्थियों के राशन कार्ड क्यों लंबित पड़े है जबकि हर वर्ष 4-5 लाख दिल्ली की जनसंख्या बढ़ जाती है। पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनसंख्या 2.5 करोड़ से अधिक हो गई है, जिनमें लगभग 40 प्रतिशत अत्यंत गरीब लोग है। सत्ता आने के बाद से ही केजरीवाल सरकार ने गरीबों को मिलने राशन में कटौती करके गरीब दिल्लीवालों को मुफ्त राशन का सब्जबाग दिखाकर उनके साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि पिछले 10 वर्षों एक भी नया राशन कार्ड नही बना और न ही जन्में बच्चे का नाम जुड़ा है और न मरने वाले का नाम कटा है, मतलब राशन विभाग पूरी तरह निष्क्रिय रहा है। अंतोदय कार्ड अत्यंत गरीब, दलितों, वचित, पिछड़ो के लिए होते है जिन्हें आम आदमी पार्टी द्वारा लागू नही करने के कारण मामले उपराज्यपाल के आदेश पर मुख्य सचिव द्वारा जांच होनी है। अत्यंत गरीबों के कल्याण और भरणपोषण करने की बजाय आम आदमी पार्टी सिर्फ वोट की राजनीति करती है। उन्होंने कहाकि आम आदमी पार्टी ने गरीबों के राशन के लिए कभी संवेदनशीलता नही दिखाई और सिर्फ जमाखोरों, कालाबाजारी करने वाले धन्ना सेठों के लिए काम किया है, जिसके कारण 14.68 लाख लाभार्थियों के लिए राशन कार्ड जारी नही किए गए।

# दिल्ली में खराब वायु गुणवत्ता के लिए मौसम में बदलाव जिम्मेदार: गोपाल राय

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि मौसम में बदलाव आने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता ह्यखराबब्ल श्रेणी में पहुंच गई है और दिवाली के बाद प्रदूषण और बढ़ने की आशंका है। राय ने कहा कि दिल्ली सरकार धूल के प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और इसमें लोगों को सहयोग करना होगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। यह 273 दर्ज की गई। कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रही। आंकड़ों के अनुसार, मुंडका और बवाना में एक्यूआई 366, वजीरपुर में 355, जहांगीरपुरी में 347 और आनंद विहार में 333 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बेहद खराब तथा 401 और 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है। राय ने कहा कि मौसम में बदलाव होने के कारण दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गयी है तथा तापमान गिरने के कारण स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा कि दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता और बदतर होने की आशंका है। मंत्री ने कहा, ऐसी आपात स्थितियों के लिए हमने केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। तकरीबन 2.5 लाख निरीक्षण किए गए हैं और पूरे शहर में धूल रोधी अभियान जोरशोर से चलाया जा रहा है। जहां भी उल्लंघन पाए जा रहे हैं, जुमार्ना लगाया जा रहा है। राय ने कहा कि धूल नियंत्रण नियमों का उल्लंघन करते पाए गए लोगों पर अब तक कुल 17 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। यह अभियान और तेज किया जाएगा। उन्होंने सर्दियों के मौसम के मद्देनजर तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया। आनंद विहार में वायु गुणवत्ता ह्यबहुत खराबब्ल श्रेणी में दर्ज किये जाने पर राय ने कहा कि सरकार ने इलाके में 10 ह्यएंटी-स्मॉग गनब्ल तैनात की हैं।

# आपका विधायक-आपके द्वार अभियान में मुख्मंत्री आतिशी ने लोगों से किया संवाद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा शुरू किए गए आपका विधायक-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी विधानसभा के भरत नगर, गोविंदपुरी और गोविंदपुरी एक्सटेंशन इलाकों में जनता के समक्ष दिल्ली सरकार की उपलब्धियों को रखा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने पिछले 10 सालों में दिल्ली के गरीब से गरीब तबके को बेहतर सुविधाएं दीं क्योंकि वे आम आदमी के संघर्ष को समझते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में केजरीवाल एकमात्र ऐसे नेता हैं जो मुफ्त बिजली, स्कूल, अस्पताल, महिलाओं की बस यात्रा और बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा दे सकते हैं।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल जनता के टैक्स के पैसे खुद की जेब में रखने के बजाय जनता पर खर्च करते हैं, भाजपा इसे मुफ्त की रेवड़ी बताती है। यदि जनता के टैक्स के पैसे से जनता को फ्री बिजली-पानी, फ्री शिक्षा-इलाज, बुजुर्गों को फ्री तीर्थ यात्रा करवाना मुफ्त की रेवड़ी बांटना है तो केजरीवाल इसे जारी रखेंगे। आतिशी ने कहा कि जनता जानती है, आम लोगों के लिए काम करना बस केजरीवाल को आता है, इसलिए दिल्ली के लोग दोबारा अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के मार्गदर्शन में आप के सभी विधायक हर गली, मोहल्ले और चौराहे पर जाकर अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में किए गए काम और दिल्ली सरकार द्वारा जनता के लिए किए गए कामों का हिसाब दे रहे हैं।

### अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस की एटीएस टीम ने 14 अक्तूबर को सोशल मीडिया पर मशहूर होने के लिए हथियारों के साथ फोटो डालने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी 20 वर्षीय अनुराग के पास से पुलिस ने अवैध हथियार, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस को सोशल मीडिया पर एक युवक की फोटो अवैध हथियार के साथ मिली थी। इसके बाद आरोपी की पहचान कर उसे दबोच लिया गया।

# मोहल्ला क्लीनिक और यमुना की सफाई रोकने को मुझे किया गिरफ्तार: सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन ने शनिवार को कहा कि उनकी भविष्य की राजनीतिक जिम्मेदारियां पार्टी और इसके संयोजक अरविंद केजरीवाल तय करेंगे। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को धन शोधन के एक मामले में शहर की एक अदालत द्वारा जमानत दिए जाने के कुछ घंटे बाद शुक्रवार रात को तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया।

जैन से जब भविष्य की उनकी राजनीतिक भूमिका के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पीटीआई-वीडियो से कहा, मैं वही करूंगा जो हमारी पार्टी और अरविंद केजरीवाल कहेंगे। राउज एवेन्यू अदालत ने शुक्रवार दोपहर जैन को जमानत दे दी। सत्येंद्र जैन को मई 2022 में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा, अत्याचार हो रहा है...ऐसा लगता है कि ब्रिटिश शासन वापस आ गया है।

सरकारों को जनता के लिए किए जा रहे कामों को लेकर प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, लेकिन भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) ऐसा नहीं करती है। वे कहते हैं कि हम आपको काम नहीं करने देंगे। जैन ने आरोप लगाया कि उन्हें केजरीवाल और आप सरकार के मोहल्ला क्लीनिक और यमुना की सफाई के लिए किए जा रहे कामों को रोकने के लिए गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह देश के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी दलों को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है, तभी देश प्रगति करेगा। जेल से रिहा होने के बाद जैन ने शुक्रवार रात केजरीवाल से फिरोजशाह रोड स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। आप संयोजक ने जैन के साथ अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए कहा, सत्येंद्र, आपका स्वागत है ! दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह सहित पार्टी नेताओं ने जैन का शुक्रवार को तिहाड़ जेल के बाहर गर्मजोशी से स्वागत किया।

# सत्येंद्र जैन ने परिवार के साथ की जैन मंदिर में पूजा-अर्चना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आए। सत्येंद्र जैन ने शनिवार को अपने पहले दिन की शुरूआत परिवार के साथ सरस्वती विहार स्थित जैन मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ की। सत्येंद्र जैन ने कहा कि अगर न्यायपालिका और संविधान नहीं होता तो केंद्र की भाजपा सरकार उन्हें फांसी पर लटका देती। जब हमने केजरीवाल के साथ देश की राजनीति बदलने का अभियान शुरू किया था तभी से मालूम था कि जेल जाना पड़ सकता है। इन लोगों ने हमारे नेताओं को जेल भेजकर हमारी पार्टी को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। भाजपा ने उन्हें भी तोड़ने के तमाम हथकंडे अपनाए, जिस बैरक में खूंखार हत्यारों को 15 दिन से ज्यादा नहीं रखा जाता, वहां मुझे महीनों रखा गया। बैरक में उनके साथ बहुत अत्याचार किया गया। सत्येंद्र जैन ने कहा कि मेरा बहुत सालों से नियम है कि मैं मंदिर से आने के बाद ही अन्न ग्रहण करता हूं। काफी समय तक जेल में रहने की वजह से यहां आकर भगवाने क दर्शन नहीं कर पाया। आज यहां भगवान के दर्शन करके उनका आशीर्वाद लिया। भगवान हमेशा दिल में रहते हैं। भगवान से कुछ मांग नहीं सकते, वो अपने आप देखेंगे। मैं हर रोज मंदिर जाता हूं।

उन्होंने कहा कि जब केस खुलेगा तो सब सामने आ जाएगा। वें अकेला ऐसा आदमी हैं। मुझे आप ने 21 अप्रैल 2013 को टिकट दिया था और 31 जुलाई तक यानी 10 दिन के अंदर मैंने अपने सारे बिजनेस बंद कर दिए थे। सब कुछ छोड़ दिया था। मैंने कहा कि मैं लोगों की सेवा और अपना कारोबार चलाना ये दोनों चीजें एक साथ नहीं कर सकता। इस देश में कई एमएलए, एमपी और मंत्री हैं जो आज भी कारोबार कर रहे हैं। मेरे ऊपर कोई पाबंदी नहीं थी। जैन ने कहा कि ईडी को इस तथाकथित मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की जांच करते हुए सात साल हो गए लेकिन अभी तक जांच चल ही रही है। 24 अगस्त 2017 को सीबीआई ने केस दर्ज की और सात दिन बाद 31 अगस्त को ईडी ने केस दर्ज की। इतना समय बीतने के बावजूद ये आज तक अपनी जांच पूरी नहीं कर पाए हैं। अगर इनसे जांच पूरी नहीं हो रही है, तो ये जांच एजेंसियां कर क्या रही हैं? उनका असली मकसद हमें गिरफ्तार करके केवल जेल में रखना था। तिहाड़ जेल से बाहर आए सीसीटीवी फुटेज के सवाल पर सत्येंद्र जैन ने कहा कि सोचने वाली बात है कि तिहाड़ जेल में हर जगह कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन किसी और चीज की फुटेज बाहर क्यों नहीं आती? वहां के बाकी अपराधियों की वीडियो क्यों नहीं मिलती। केवल सत्येंद्र जैन की फुटेज ही क्यों मिली? जेल जाने के बाद एक साल तक मैंने अन्न ग्रहण नहीं किया था। जेल में कैंटीन है, जहां से कोई भी पैसे देकर कुछ भी खरीद सकता है। मेरे पास सारे बिल हैं, मैं चाहे तो सब दिखा सकता हूं। ये लोग कह रहे थे कि सत्येंद्र जैन ने बोतल का पानी पिया, जबकि मैंने वह वहीं से खरीदा था। वह सबके लिए है, ये सुविधा केवल मेरे लिए नहीं है। सबके यहां टीवी लगा हुआ था, मेरे पास कोई अलग से टीवी नहीं था। मुझे इन्होंने अलग रखा था। जबकि मैंने बाद में इन्हें लिखकर दिया, डॉक्टरों ने भी कहा कि इन्हें अकेले न रखें, साथ में रखें लेकिन ये कहते थे नहीं, अकेले रखेंगे हम इसे तोड़ना चाहते हैं।

# प्रदूषण नियंत्रण को लेकर एक्शन में दिल्ली सरकार, 2764 निर्माण साइट्स का निरीक्षण

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को बताया कि एंटी डस्ट अभियान से सम्बंधित टीमों ने अभी तक 2764 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया और निर्माण स्थलों पर जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर 76 स्थलों को नोटिस और चालान जारी किया है। साथ ही 17 लाख 40 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया।

गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में 7 अक्टूबर से एंटी डस्ट कैम्पेन चलाया जा रहा है, जो 7 नवम्बर तक चलेगा। इस अभियान के लिए 523 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें 13 संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हैं। ये दिल्ली के अंदर अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं और मानदंडों के उल्लंघन पर कार्रवाई कर रहे हैं। सभी टीमों को लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार ने 25 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य शुरू कर दिया है। हमने ग्रीन वॉर रूम लॉन्च किया है, जहां से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पाई है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है, जिसमे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोजर का छिड़काव, वृक्षारोपण अभियान, जागरूकता अभियान, मोबाइल एंटी स्मोग गन से पानी के छिड़काव का अभियान आदि प्रमुख है।

मंत्री गोपाल राय ने बताया कि टीम लगातार निर्माण साइट्स का दौरा कर रही है। यह टीम यह सुनिश्चित करेगी कि वहां निर्माण संबंधी दिशा निर्देशों का पालन हो। निर्माण साइट्स पर 14 सूत्रीय नियमों को लागू करना जरूरी है। यह अभियान 7 नवंबर तक चलेगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जो भी साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं करेगा, उस पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियम के उल्लंघन होने नियम के तहत जुमार्ना लगाया जाएगा। अगर ज्यादा उलंघन होगा तो कंस्ट्रक्शन साइट को बंद कर दिया जाएगा। गोपाल राय ने कहा कि डस्ट प्रदूषण को रोकने के लिए 85 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) मशीनों, 500 वॉटर स्प्रिंकलर की पूरी दिल्ली में तैनाती की गयी है। नवम्बर महीने में एक शिफ्ट से बढ़ाकर तीन शिफ्टों में मोबाईल एंटी स्मॉग गन की सड़कों पर तैनाती होगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 20 अक्टूबर, 2024

# 43 वाँ हिंदी महाअधिवेशन को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करेंगे डॉ विपिन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

18 और 19 अक्टूबर 2024 को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन का 43वां हिंदी महाधिवेशन और 106वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस महाधिवेशन को हिंदी साहित्य की दो महान विभूतियों, पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और कलम के जादूगर श्री रामवृक्ष बेनीपुरी को समर्पित किया गया है। इस महाधिवेशन का औपचारिक उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि रंजन करेंगे। उनकी उपस्थिति इस महाधिवेशन को एक विशेष महत्व प्रदान करेगी। इस अवसर पर, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को ह्यविद्या वारिधिह्न उपाधि से सम्मानित किया जाएगा, जो उनके हिंदी साहित्य के प्रति योगदान को दर्शाता है।

सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने बताया कि राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के अध्यक्ष प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित को ह्यविद्या वाचस्पतिह्न की मानद उपाधि से विभूषित किया जाएगा। यह सम्मान उनके साहित्यिक कार्यों और योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।

महाधिवेशन में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार का संबोधन होगा। डॉ. कुमार ने इस



आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि यह महाधिवेशन हिंदी भाषा और साहित्य के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उनका भाषण हिंदी साहित्य की समृद्धि, विविधता और वर्तमान चुनौतियों पर केंद्रित होगा, जो इस क्षेत्र में नए दृष्टिकोण और प्रेरणा प्रदान करेगा।

महाधिवेशन में विभिन्न वैचारिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा। पहले सत्र में ह्यहिंदी भाषा की वर्तमान स्थितिह्न पर चर्चा होगी, जिसमें विभिन्न साहित्यकार और विद्वान भाग लेंगे। इस सत्र में हिंदी की स्थिति, उसके विकास की संभावनाएँ और भाषाई विविधता पर विचार किए जाएंगे। दूसरे सत्र में पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की काव्य-दृष्टि पर चर्चा होगी। निराला की रचनाएँ और उनके विचार हिंदी साहित्य में एक अनमोल धरोहर हैं, जो इस सत्र में विस्तृत रूप से चर्चा का विषय बनेंगी।

तीसरे सत्र में रामवृक्ष बेनीपुरी की रचनाओं का विश्लेषण किया जाएगा, जिसमें उनके सामाजिक और राजनीतिक विचारों को समझने की कोशिश की जाएगी। बेनीपुरी की साहित्यिक दृष्टि आज भी प्रासंगिक है, और इस सत्र में उनके योगदान पर गहन विमर्श होगा। महाधिवेशन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। इनमें काव्य पाठ, नाटक, और संगीत प्रस्तुतियाँ शामिल होंगी, जो दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा को भी उजागर करेंगी। ये कार्यक्रम युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का भी कार्य करेंगे।

इस महाधिवेशन का एक मुख्य उद्देश्य युवा साहित्यकारों को प्रोत्साहित करना है। इसमें नए साहित्यकार अपनी रचनाओं का प्रदर्शन कर सकेंगे, जिससे उन्हें व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचने का मौका मिलेगा। यह आयोजन युवा लेखकों को प्रेरित करेगा और उन्हें हिंदी साहित्य के प्रति और अधिक समर्पित बनाएगा।

महाधिवेशन में साहित्यिक संवाद को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विभिन्न सत्रों में विचार-विमर्श, प्रश्न-उत्तर सत्र, और साहित्यिक चर्चाएँ होंगी। यह न केवल ज्ञान का आदान-प्रदान करेगा, बल्कि साहित्य के प्रति रुचि को भी बढ़ाएगा। 43वां हिंदी महाधिवेशन हिंदी साहित्य को समर्पित एक अद्वितीय अवसर है। यह महाधिवेशन न केवल साहित्यिक चर्चाओं का मंच है, बल्कि हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति नई पीढ़ी के प्रति जागरूकता और प्रेम का संचार भी करेगा। सभी साहित्य प्रेमियों और युवा लेखकों को इस भव्य आयोजन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह महाधिवेशन हिंदी साहित्य की समृद्धि का एक नया अध्याय होगा, जो सभी के लिए प्रेरणादायक साबित होगा। डॉ. विपिन कुमार और अन्य विशिष्ट अतिथियों के नेतृत्व में, यह महाधिवेशन निश्चित रूप से हिंदी साहित्य के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सभी को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा, और यह हिंदी साहित्य के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना को और भी मजबूत करेगा।

# आप की हिंदू और सनातन विरोधी सरकार है : शहजाद पूनावाला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शनिवार को दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण, यमुना नदी में बढ़ते जहरीली झाग को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, मुझे अरविंद केजरीवाल का वह पुराना वादा याद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि साल 2025 तक यमुना नदी पूर्ण रूप से स्वच्छ हो जाएगी और दिल्ली के निवासी यमुना में नहा सकेंगे। आज मैं अपने घर से निकलकर यमुना घाट पर आया हूं। मैंने यमुना नदी से एक गिलास पानी लिया है। जिसमें सिर्फ झाग ही है।

भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा, यमुना नदी को साफ करने के लिए जो पैसे थे वह दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार की



भेंट चढ़ गए। जिसकी वजह से आज यमुना की यह स्थिति है। छठ पूजा नजदीक है और यमुना की स्थिति यह है कि चारों तरफ सिर्फ जहरीली झाग ही दिखाई पड़ रही है। यह सनातन का अपमान है। यमुना जी का अपमान है। दिल्ली आज गैस चैंबर बन चुकी है। लोगों को मास्क लगाकर निकलना पड़ रहा है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 350 के पार है। दिल्ली सरकार पहले पंजाब की सरकार को दोष देती थी। लेकिन, अब चुप है क्योंकि वहां उनकी सरकार है।

शहजाद पूनावाला ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण के मूल कारणों पर दिल्ली सरकार ने बीते 10 साल में कुछ काम नहीं किया है। दिल्ली के स्मॉग टावर बंद हैं। लेकिन, दिल्ली सरकार का आरोप लगाने का खेल चालू है। हरियाणा, यूपी, राजस्थान को दोष दिया जा रहा है। यमुना नदी में प्रदूषण के बीच छठ पूजा भी नजदीक आ रही है। इस पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा, भारत में आस्था के महापर्व छठ पूजा को हम सभी लोग मिलजुल कर मनाते हैं। लेकिन, केजरीवाल की वजह से इस पर भी प्रतिबंध लग गया है। हवा प्रदूषण को लेकर हिन्दुओं को जोखिम उठाना पड़ता है, पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। अब यमुना नदी में प्रदूषण की वजह से छठ पूजा को लेकर हिंदुओं को जोखिम उठाना पड़ रहा है। दिल्ली सरकार ने यहां की हवा को जहरीली बनाकर सनातन का अपमान किया है।

# दिल्ली में प्रदूषण के लिए आप और भाजपा जिम्मेदार: प्रमोद तिवारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने शनिवार को दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण और यमुना नदी में बढ़ते जहरीली झाग को लेकर बात करते हुए केंद्र की मोदी सरकार और दिल्ली सरकार जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आज एक्यूआई लेवल 300 पार पहुंच गया। हर बढ़ते दिन के साथ राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है। इसे लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए केंद्र की मोदी सरकार और दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। कई राज्यों की सरकारों ने प्रदूषण को कम करके दिखाया है। उन्होंने आगे सवाल किया कि दिल्ली में एलजी इस वक्त क्या कर रहे हैं? यमुना नदी प्रदूषित हो चुकी है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल साल की शुरूआत में सिर्फ नए-नए वादे करते रहे और केंद्र सरकार को जहां उन्हें दखल देना चाहिए था वहां दखल दिया नहीं। मैं दिल्ली में प्रदूषण को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार को दोषी मानता हूं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर महा विकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग को लेकर तनातनी चल रही है। इस पर कांग्रेस राज्यसभा सांसद ने कहा, मैं इससे सहमत नहीं हूं कि तनातनी चल रही है। सीट शेयरिंग को लेकर वार्ता हो रही है। लोकत्रांतिक गठबंधन में वार्ता होती है। भाजपा की तानाशाही छोटे दलों को भी निगल जाती है। हमारे यहां सभी के विचार लिए जाएंगे और समय रहते सीट शेयरिंग फॉर्मूला सुलझा लिया जाएगा।

अखिलेश यादव महाराष्ट्र में 12 सीट मांग रहे हैं। इस पर कांग्रेस राज्यसभा सांसद ने कहा, उन्होंने 12 सीट की मांग नहीं की है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि वार्ता चल रही है, वार्ता होने के बाद सीट शेयरिंग सुलझा लिया जाएगा। सपा अध्यक्ष ने यूपी की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। इस पर उन्होंने कहा, सिर्फ यूपी ही नहीं, जहां-जहां भाजपा की सरकार है वहां पर कानून व्यवस्था ठप हो चुकी है।

# पुरुषों में स्तन कैंसर का समय रहते निदान करना जरूरी

- 30 वर्ष से ज्यादा उम्र के पुरुषों को साल में एक बार नियमित रूप से स्तनों की जांच करना चाहिए
- स्तन कैंसर के उच्च जोखिम वाले पुरुषों को हर महीने स्तनों की जांच करानी चाहिए
- समय रहते निदान हुआ तो मरीज ठीक हो सकता है
- जीन वाले या स्तन कैंसर के पारिवारिक इतिहास वाले पुरुषों के लिए 50 वर्ष के बाद सालाना मैमोग्राम इस कैंसर का समय रहते पता लगाने और सफल परिणामों के साथ प्रभावी इलाज करने के लिए महत्वपूर्ण है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली - बढ़ती उम्र, पारिवारिक इतिहास, मोटापा, हार्मोनल समस्या और आनुवंशिकता 35-65 वर्ष की आयु के पुरुषों में स्तन कैंसर होने के कारण हैं। पुरुषों को स्तन में गांठ या निप्पल में बदलाव जैसे कोई लक्षण दिखे तो तुरंत विशेषज्ञ की सलाह देना काफी जरूरी हैं। पुरुषों में स्तन कैंसर का निदान करने के लिए स्तनों की स्वयं जांच, मैमोग्राम और बायोप्सी करने की सलाह डॉक्टर देते हैं।

दिल्ली स्थित अपोलो डायग्नोस्टिक के कंसल्टेंट पैथॉलॉजिस्ट डॉ. तनिश मंडल ने कहाँ की, पुरुषों में स्तन कैंसर पुरुषों में पाए जाने वाले स्तन ऊतक की कम मात्रा में शुरू होता है। पुरुषों में स्तन कैंसर के मामले बढ़ते जा रहे हैं। खासकर ३५-६५ वर्ष की आयु के लोगों में। बढ़ती उम्र, इस स्थिति का पारिवारिक इतिहास, मोटापा, हार्मोनल असंतुलन, इफ्छअ1 और इफ्छअ2 जीन में उत्परिवर्तन, एस्ट्रोजन का उपयोग और पुरुषों में बढ़े हुए स्तन (गाइनेकोमास्टिया) जैसे कारक शामिल हैं। स्तन में दर्द या कोमलता, गांठ, निप्पल से खूनी निर्वहन और निप्पल में डिंपल या सिकुड़न यह स्तन कैंसर के लक्षण हैं। इस बीमारी से जुड़े सामाजिक कलंक के कारण कई मामले रिपोर्ट नहीं किए जाते हैं। कई बार पुरुष इस लक्षणों को उम्र बढ़ने के कारण होनेवाली बिमारी सोचकर उसे नजरअंदाज करते हैं। इसलिए, इस कैंसर का जल्द पता लगाने के लिए खुद से स्तन परीक्षण करवाएं। अगर आपको गांठ, सिकुड़न, दर्द, निप्पल से स्राव जैसी कोई असामान्यता दिखती है, तो कृपया तुरंत अपने डॉक्टर से मिलें। और उनकी सलाह से मैमोग्राम या साइटोलॉजी और हिस्टोपैथोलॉजी जैसी आवश्यक वैद्यकीय जाचं कराए। समय पर निदान और इलाज हुआ तो मरीज को बचाने की संभावना ९०% से अधिक बढ़ जाती है।

डॉ. मंडल ने कहाँ की ह्लस्तन कैंसर के आकार, स्थान और ग्रेड और चरण का निर्धारण करने के बाद, अनुशंसित उपचार कीमोथेरेपी, विकिरण और लक्षित चिकित्सा के साथ सर्जरी के रूप में होगी। इस कैंसर से निपटने के लिए, डॉक्टर द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। ३० वर्ष की आयु के बाद, पुरुषों को कम से कम एक बार सालाना और उसके बाद ६० वर्ष की आयु के बाद मासिक रूप से नियमित रूप से स्तन की जांच करनी चाहिए। ताकि लक्षणों को जल्दी पहचाना जा सके और उपचार शुरू किया जा सके। महिलाओं की तरह पुरूषों को भी स्तन स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहना काफी जरूरी हैं।

# दिल्ली में सुबह धुंध की परत छायी, वायु गुणवत्ता खराब

नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार सुबह धुंध की परत छायी रही और शहर की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बरकरार रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे 24 घंटे का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 273 दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता बदतर रही। आंकड़ों के अनुसार, मुंडका और बवाना में एक्यूआई 366, वजीरपुर में 355, जहांगीरपुरी में 347 और आनंद विहार में 333 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बेहद खराब तथा 401 और 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 51 प्रतिशत दर्ज किया गया। आईएमडी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में आज आसमान साफ रहने और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

# बच्चों में बढ रहा हैं वर्चुअल ऑटिज्म विशेषज्ञ



नोएडा बच्चे बढ़ती उम्र में अपने आसपास की चीजों को देखकर सीखते हैं। लेकिन अब ज्यादा तर बच्चे गैजेट्स से जुड़े रहते हैं। इस कारण वह शिक्षा से वंचित रहते हैं। अधिकतर गैजेट्स का उपयोग करने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म हो रहा हैं। इसका अत्यधिक स्क्रीन एक्सपोजर यह एक कारण हैं। यह बच्चों में मस्तिष्क के विकास को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। वर्तमान में, वर्चुअल ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ रही है। स्क्रीन एक्सपोजर की आदत कम करना बच्चों की शारीरिक विकास के लिए काफी महत्त्वपूर्ण हैं। नोएडा स्थित मदरहुड अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार-बालरोग विशेषज्ञ और नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. अमित गुप्ता ने कहाँ की, ह्लवर्चुअल ऑटिज्म १-८ वर्ष की आयु के बच्चों में ऑटिज्म जैसी विशेषताओं को अत्यधिक स्क्रीन एक्सपोजर (मोबाइल फोन, टीवी और लैपटॉप) के कारण देखा जाता है।१८ महीने से कम उम्र के लिए, कोई टीवी नहीं, कोई स्क्रीन नहीं।१८ महीने से १ वर्ष तक, माता-पिता के मार्गदर्शन में लगभग २०-३० मिनट स्क्रीन टाइम की अनुमति है।२-५ वर्ष की आयु के बच्चों के लिए लगभग ४५ मिनट से १ घंटे का स्क्रीन टाइम और ६ वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के लिए यह माता-पिता की निगरानी में मोबाइल का इस्तेमाल करने देना चाहिए। अत्यधिक स्क्रीन टाइम न केवल बच्चे के शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी परिणाम हो रहा हैं। बच्चे मैदानी खेल से जादा समय मोबाइल के साथ गुजारते हैं। माता-पिता को बच्चे को सिर्फ इसलिए मोबाइल नहीं देना चाहिए क्योंकि वह खाना नहीं खा रहा है। बच्चे को मोबाइल देते हुए खाना खिलाना बच्चे को खुश तो करेगी लेकिन उसका स्वास्थ्य खराब कर सकता है। बच्चे को मोबाइल सौंपने के बजाय, माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताना जरूरी हैं। आभासी दुनिया में रहने के बाद, बच्चे का मस्तिष्क ठीक से विकसित नहीं होता है। इसलिए, बच्चों का ध्यान रखना काफी जरूरी हैं।

डॉ. अमित ने कहा, ह्लवर्चुअल ऑटिज्म से पिडीत बच्चों में थकान, ज्यादा बात न करना, भाषा विकास में देरी, चिड़चिड़ापन, अजीब हरकतें, अचानक मूड में बदलाव, आंख से संपर्क न करना और लोगों की तुलना में स्मार्टफोन में ज्यादा ध्यान देना यह लक्षण दिखाई देते हैं। ८-९ महीने से ज्यादा उम्र के बच्चों में वर्चुअल ऑटिज्म के मामलों में ३०% से ज्यादा की वृद्धि हुई है। समय रहते इलाज हुआ तो बच्चा जल्दी ठीक हो सकता हैं। स्पीच थेरेपी मजबूत संचार कौशल में मदद करेगी, बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करेगी, सामाजिक संपर्क को प्रोत्साहित करेगी और घर पर संज्ञानात्मक, भावनात्मक और शारीरिक सहायता सुनिश्चित करेगी, बच्चों को चीजों को बेहतर तरीके से समझने में मदद करने के लिए पिक्चर कार्ड, चार्ट और स्टोरीबोर्ड बनाएगी। माता-पिता को खिलौने, किताबें पढ़ना, बाहर खेलना, कला और शिल्प, या अन्य बच्चों के साथ सामाजिक संपर्क, बातचीत में शामिल होना, घर में गैजेट-मुक्त क्षेत्र बनाना, पहेलियाँ और बोर्ड गेम खेलना, समुद्र तट पर जाना या चिड़ियाघर जाना जैसी गतिविधियों का विकल्प चुनना चाहिए। और उन्हें वास्तविक दुनिया के अनुभव प्राप्त करने में मदद करनी चाहिए। जिससे बच्चे की वाणी में सुधार होने में मदद मिल सकती हैं।

# पुस्तक का हुआ विमोचन



नई दिल्ली। भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को संजोते हुए आज की युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से एक कदम सांस्कृतिक धरोहर की ओर पुस्तक का विमोचन किया गया। इंजीनियर अनिल यादव द्वारा लिखित इस पुस्तक विमोचन के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पश्चिमी दिल्ली सांसद कमलजीत सहरावत मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रही। और इसके अलावा महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दास और महंत नारायण दास भी मौजूद रहे। जिनकी उपस्थिति में इस खास पुस्तक का विमोचन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि इस पुस्तक में भारतीय इतिहास और उसकी धरोहर के बारे में लिखा गया है। वहीं अपने संबोधन मे महामंडलेश्वर नवल किशोर दास ने कहा कि आज जिस तरह से हम अपनी भारतीय सभ्यता और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, ऐसे समय में इस तरह की किताब को सार्वजनिक मंच पर लाना बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने इस किताब की रचना करने के लिए इस किताब के लेखक इंजीनियर अनिल यादव की जमकर सराहना की। इस विशेष अवसर पर पुस्तक के रचनाकार इंजीनियर अनिल यादव ने कहा कि इस पुस्तक को लिखने के पीछे का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बारे में और उनके इतिहास के बारे में जानने का अवसर मिल सके। आपको बता दें कि इंजिनियर अनिल यादव अब तक पांच पुस्तक लिख चुके हैं।

# मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड स्वामित्व के मुकदमे में टैफे के पक्ष में आई अंतरिम निषेधाज्ञा

TAFE

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मैसी फर्ग्यूसन के ब्रांड स्वामित्व अधिकारों पर विवाद में टैफे ने एजीसीओ की सहायक कंपनी मैसी फर्ग्यूसन कॉर्पोरेशन के खिलाफ माननीय मद्रास उच्च न्यायालय में एक सिविल मुकदमा दायर किया था, जिसमें यह दावा किया गया था कि उक्त ट्रेडमार्क विशेष रूप से भारत में टैफे का प्रतीक है और यह विशेष रूप से टैफे के स्वामित्व में है तथा यह घोषित करने की मांग की गई थी कि भारत में मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड/ट्रेडमार्क का स्वामित्व टैफे के पास है। इसने एजीसीओ को किसी भी तरह से एमएफ (टऋ) ब्रांड/ट्रेडमार्क पर टैफे के विशेष उपयोग में हस्तक्षेप करने और मुकदमे का निपटान होने तक खुद को मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड/ट्रेडमार्क का मालिक/स्वामी/अधिकार धारक आदि के रूप में प्रस्तुत करने से रोकने के लिए अंतरिम निषेधाज्ञा मांगी थी।

उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद, कल (17.10.2024) सुनाए गए अंतरिम आदेश द्वारा टैफे (ळअऋए) के पक्ष में उपरोक्त निषेधाज्ञा राहतें प्रदान कीं। माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश का विवरण शीघ्र ही अपेक्षित है।

टैफे के बारे में: टैफे) - ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, 1960 में चेन्नई, भारत में निगमित एक भारतीय ट्रैक्टर कंपनी है। यह दुनिया का एक सबसे बड़ा ट्रैक्टर निमार्ता और भारत में मात्रा के हिसाब से दूसरा सबसे बड़ा ट्रैक्टर निमार्ता है। टैफे की सालाना 180,000 से अधिक ट्रैक्टरें बिकती हैं।

टैफे ने अपने उत्पादों की रेंज के माध्यम से ग्राहकों का विश्वास जीता है, जो अपनी गुणवत्ता और संचालन में कम लागत के लिए व्यापक रूप से प्रशंसित हैं। 2,000 से अधिक डीलरों का एक मजबूत वितरण नेटवर्क प्रभावी रूप से टैफे के चार प्रतिष्ठित ट्रैक्टर ब्रांडों - मैसी फर्ग्यूसन, टैफे, आयशर ट्रैक्टर्स और आईएमटी का समर्थन करता है। टैफे 80 से अधिक देशों को ट्रैक्टर निर्यात करता है, तथा एशिया, अफ्रीका, यूरोप, अमेरिका और रूस में कृषि को सशक्त बनाता है।

ट्रैक्टरों के अलावा, टैफे और इसकी सहायक कंपनियों ने कृषि मशीनरी, डीजल इंजन और जेनसेट, कृषि-औद्योगिक इंजन, इंजीनियरिंग प्लास्टिक, गियर और ट्रांसमिशन कंपोनेंट्स, हाइड्रोलिक पंप और सिलेंडर, वाहन फ्रेंचाइजी और प्लांटेशन जैसे क्षेत्रों में भी अपने वाणिज्यिक हितों का विस्तार किया है।

टैफे संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है। हाल के वर्षों में, टैफे के विभिन्न विनिर्माण संयंत्रों को जापान इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट मेंटेनेंस से कई टीपीएम उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, साथ ही इसने टीपीएम उत्कृष्टता के लिए कई क्षेत्रीय पुरस्कार भी जीते हैं। 2024 में, टैफे - मैसी फर्ग्यूसन एमएफ 8055 को वाणिज्यिक अनुप्रयोग हेतु सर्वश्रेष्ठ ट्रैक्टर और एमएफ 6028 मैक्सप्रो को सर्वश्रेष्ठ ऑर्चर्ड ट्रैक्टर का पुरस्कार मिला। इंडियन ट्रैक्टर ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2023 के चौथे संस्करण में टैफे ने अपने आयशर प्राइमा जी3 ट्रैक्टर रेंज के लिए लॉन्च ऑफ द ईयरह्न पुरस्कार जीता और साथ ही तीन अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कार भी जीते, जिसमें जेफार्म सेवाओं के लिए ह्यसर्वश्रेष्ठ सीएसआर पहल भी शामिल है। इसे कमिश्नर ऑफ कस्टम्स से शीर्ष निर्यातक का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

2018 में, टैफे फ्रॉस्ट एंड सुलिवन ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग लीडरशिप अवार्ड जीतने वाला पहला भारतीय ट्रैक्टर निमार्ता बना, जिसे ह्यएंटरप्राइज इंटीग्रेशन एंड टेक्नोलॉजी लीडरशिपह्न पुरस्कार के साथ-साथ दो ह्यसप्लाई चेन लीडरशिपह्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इंजीनियरिंग निर्यात में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए, टैफे (ळअऋए) को इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट्स प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया - दक्षिणी क्षेत्र द्वारा लगातार 23वीं बार स्टार परफॉर्मर - लार्ज एंटरप्राइज (एग्रीकल्चरल ट्रैक्टर)ह्न नामित किया गया है।

# झुग्गी में लगी आग, तीन झुलसे

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के किशनगढ़ स्थित मोतीलाल नेहरू कैंप की एक झुग्गी में शनिवार सुबह आग लग गयी। मामले की सूचना पड़ोसियों ने पुलिस और दमकल की टीम को दी। दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने 20 मिनट में आग पर काबू पाया। वहीं हादसे में तीन लोग झुलस गए, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि घायल 45 वर्षीय तिलक राम अपने दो बेटों के साथ मोतीलाल नेहरू कैंप, ओल्ड जेएनयू कैंपस, किशनगढ़ इलाके में रहते है। शनिवार सुबह तिलक राम अपने बेटों के साथ अपनी झुग्गी में सो रहे थे। इसी दौरान उनकी झुग्गी में आग लग गई। झुग्गी में तेजी से आग फैली और तिलक राम और उनके दोनों बेटे 22 वर्षीय पंकज और 16 वर्षीय पीयूष झुलस गए। इधर मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों लोगों को झुग्गी से बाहर निकाल कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# सूरज कन्या शिक्षालय के शताब्दी समारोह का आयोजन

नई दिल्ली। चांदनी चौक स्थित सूरज कन्या शिक्षालय ने अपने 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को शाह ऑडिटोरियम में भव्य शताब्दी समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता वंदना राव ने की। शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक कंवल जीत सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह विद्यालय आजादी के पूर्व से ही बालिका शिक्षा और सशक्तीकरण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रारंभ में समाज के उच्चवर्ग की लड़कियों के लिए और वर्तमान में समाज के कमजोर वर्ग की लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए यह संस्थान समर्पित है। इस विशेष कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों, पूर्व छात्रों, शिक्षकों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। विद्यालय के अध्यक्ष चन्द्र शेखर गुप्ता ने बताया कि यह संस्थान पिछले 100 वर्षों से न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों के विकास में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। वहीं समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, संगीत और नाट्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति और विद्यालय के इतिहास को जीवंत किया गया।

# हर्ष मल्होत्रा ने यमुना का दौरा किया, प्रदूषण के लिए आतिशी सरकार को जिम्मेदार ठहराया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा सांसद हर्ष मल्होत्रा ने शनिवार को यमुना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की आतिशी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने यमुना और दिल्ली के प्रदूषण के लिए आतिशी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है।

हर्ष मल्होत्रा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अरविंद केजरीवाल लगभग साढ़े नौ साल दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। आतिशी जो उनकी मंत्री रहीं वह आज दिल्ली की सीएम हैं। 2013, 2015 और 2020 के तीनों चुनावों में अरविंद केजरीवाल और उनके नेताओं ने लगातार सवाल उठाए कि यमुना गंदी है, मैली है, प्रदूषित है। उन्होंने 2015 और 2020 में चुनावी वादा किया वो यमुना जी को साफ करेंगे। उन्होंने 2020 में खुद वादा किया था कि मैं यमुना में खुद डुबकी लगाऊंगा और दिल्लीवासियों को इसमें स्वच्छ स्नान कराऊंगा। आज आप



यमुना जी की स्थिति देखिए। आज यमुना जी का जो हाल है इसकी पूरी जिम्मेदारी आतिशी सरकार की है।

उन्होंने आगे कहा कि एक हजार करोड़ रुपये पॉल्यूशन सेस के नाम से जो इकट्ठा किया गया, उसमें दिल्ली के साथ यमुना जी का भी पॉल्यूशन ठीक होना चाहिए था, उस पर कुछ नहीं किया गया। सिर्फ और सिर्फ अरविंद केजरीवाल की फोटो के बड़े-बड़े होर्डिंग लगे कि दिल्ली साफ।

जब उनसे ये काम नहीं हो रहा था तो दिल्ली के उपराज्यपाल ने कोशिश की। दिल्ली में यमुना जी में जो छोटे-बड़े 32 नाले गिरते हैं उनके मुहाने पर सीटीवी प्लांट लगना चाहिए, ताकि पानी स्वच्छ होकर यमुना जी में गिरे, लेकिन एक भी प्लांट नहीं लगा। उस पर उपराज्यपाल ने काम करना शुरू किया, तो वह एक तरफ यमुना जी को साफ करने की बात करते थे, दूसरी तरफ इस बात के लिए सुप्रीम कोर्ट चले गए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण उपराज्यपाल को काम रोकना पड़ा। लेकिन इनके हाथ तो बंधे हुए नहीं थे यह कर सकते थे। मगर केजरीवाल, उनके मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त रहे।

इनको दिल्ली के विकास और प्रदूषण से कोई लेना देना नहीं है। यमुना जी जब हरियाणा से दिल्ली में आती हैं, पहले वाले स्थान से आती हैं तो यमुना का ऑक्सीजन कंटेंट 9 होता है। ऑक्सीजन कंटेंट 9 का मतलब है यमुना जी जीवित हैं। ऑक्सीजन कंटेंट 9 के पानी को आप कपड़े से छानकर पी भी सकते हैं। जब यमुना जी दिल्ली से बाहर जाती हैं, तो यमुना का ऑक्सीजन कंटेंट जीरो है। इसका मतलब है कि यमुना जी मृत प्राय हो जाती हैं। इसकी जिम्मेदारी दिल्ली की सरकार है।

इस बार होने वाले दिल्ली के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता, आम आदमी पार्टी के रूप में जो दिल्ली का राजनीतिक पॉल्यूशन है उसको इस बार खुद दूर करेगी।

# करवाचौथ के उपलक्ष्य पर मेंहदी उत्सव का आयोजन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आजकल देश प्रदेश में करवाचौथ पर्व की सजावट व उत्साह को देखा जा सकता है, इसी उपलक्ष पर मॉडल टाउन विधानसभा के संगम पार्क में रामलीला मैदान में आज करवाचौथ पर्व के लिए क्षेत्र की महिलाओं के लिए मेंहदी उत्सव का आयोजन किया गया। इस मेहँदी उत्सव में क्षेत्र की अनेक महिलाओं ने भाग लिया और गीत संगीत के कार्यक्रम कर इस आयोजन को सफल बनाया! कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अनुजा कपूर ने किया। इस अवसर पर अनुजा कपूर ने कहा कि करवाचौथ के अवसर पर सैकड़ो महिलाओं के साथ मेहदीं के साथ साथ नाच गाने का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें सुहागिन महिलाएं अपने पति के स्वस्थ्य व लम्बी उम्र की कामना करती है। उन्होंने कहा कि करवाचौथ की पावन बेला पर वे सभी के स्वस्थ्य व सुखमय होने की कामना करती



है! साथ ही अनुजा जी ने वहां मौजूद सभी महिलाओं और भारतीय जनता पार्टी के सभी गणमान्य पदाधिकारयों का अभिवादन किया !इस अवसर की शान बढ़ाने भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद थे जिसमे सारिका श्रीवास्तव, जिला मंत्री चांदनी चौक, हरीश असड़ी, प्रभारी चांदनी चौक, गीता कोली, महिला मोर्चा अध्यक्षा जिला चांदनी चौक वीरपाल, मंडल अध्यक्ष संगम पार्क, संतोष उपाध्याय, महामंत्री संगम पार्क मंडल, रंजना सिंह, जिला मंत्री महिला मोर्चा, विकास गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी मॉडल टाउन मंडल एहम थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 5 नबंवर को लगने वाले यूडीआईडी कार्ड को लेकर शिविर के प्रचार प्रसार का दिया गया निर्देश

जमुई [ झाझा ] जिलाधिकारी के निदेशानुसार दिव्यांगजनों को विशिष्ट पहचान पत्र यानि यूडीआईडी कार्ड प्रदान करने के दृष्टिकोण से आगामी 21 अक्टूबर से 23 नबंवर तक झाझा सहित अन्य प्रखंडो में लगने वाले एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह शिविर के नामित नोडल पदाधिकारी रविजी ने बताया प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करवाने का भी निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया जिसको लेकर विकास मित्र और पंचायत सचिवों को क्षेत्र में जोर शोर से शिविर के प्रचार प्रसार करने का आदेश दिया ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन शिविर में लाभांवित हो सके। इसके लिए दिव्यांगजनों को फोटो, आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, ब्लड ग्रुप, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर की छायापत्री लाना होगा। झाझा में 5 नबंवर को प्रखंड कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन होगा। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ थनीष कुमार, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. साजिद हुसैन और हडडी रोग विशेष डॉ. मनीष आनंद को प्रतिनियुक्त किया गया।

# पैक्स निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराया जाएगा :डीएम

## डीएम अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । प्राथमिक कृषि साख समिति पैक्स निर्वाचन 2 की घोषणा के मद्दे नजर शनिवार को संग्रहालय सभागार में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो पालियों में आयोजित आज के प्रशिक्षण में प्रथम पाली में भागलपुर एवं बांका जिला तथा द्वितीय पाली में मुंगेर एवं बेगूसराय जिले के संबंधित पदाधिकारियों को पैक्स निर्वाचन संबंधित प्रशिक्षण दिए गए। वहीं कल दूसरे दिन के प्रशिक्षण में खगड़िया, लखीसराय, जमुई एवं शेखपुरा जिले को पहली पाली में ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों को आगामी 26 नवंबर से होने वाले पैक्स निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पैक्स चुनाव के दौरान किन किन जरूरी बातों का ध्यान रखा जाना है और कैसे चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाना है उस पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण में बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के वरीय पदाधिकारी और उनकी टीम द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मतदाता सूची के प्रकाशन, मतदान केंद्रों की जानकारी के साथ ही नामांकन प्रक्रिया, स्क्रुटनी, निर्वाचन प्रक्रिया, मतगणना अथवा परिणाम घोषित करने आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय, विभागीय आदेश आदि पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्राधिकार के वरीय अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन कार्य को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना आप सबों का दायित्व है और आशा है कि आप सभी इस निर्वाचन कार्य को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराएंगे। डीएम ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि पैक्स चुनाव भी अत्यंत ही महत्वपूर्ण है तथा इसे गंभीरता से लेते हुए शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना आप सबों का दायित्व है। इस लिए बेहतर है कि आज जो कुछ भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसे गंभीरता पूर्वक समझें और हर बारीकी बातों को संज्ञान में रखने के लिए उसे नोटबुक में भी लिख लें, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। साथ ही अन्य जरूरी बातों को भी अच्छे से समझ लें। कोई भी निर्वाचन कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण और संवेदनशील होता है, इस लिए इसमें गंभीरता रखना अत्यंत आवश्यक है। आपकी छोटी सी गलती से निर्वाचन कार्य में बाधा अथवा परेशानी उत्पन्न हो सकती है। इस प्रशिक्षण को सजगता पूर्वक समझें और निर्वाचन कार्य को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराएं। इस अवसर पर सभी जिले के उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीओ, डीआईओ, बीडीओ आरओ सहित अन्य उपस्थित थे। रविवार को खगड़िया, लखीसराय, शेखपुरा और जमुई जिले के संबंधित पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## चुनाव को लेकर पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ ने रेलवे के कई विभागों में किया प्रचार



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष सह मंडल मंत्री समस्तीपुर संतोष कुमार झा के नेतृत्व में झाझा शाखा मंत्री अश्वनी कुमार पाठक, लक्ष्मण ठाकुर, निशांत कुमार, योगेंद्र सिंह, अजय सिंह, एससीएसटी एसोसिएशन के शाखा मंत्री मनोज पासवान, भारतीय मजदूर संघ से परमेश्वर यादव ने रेलवे मेमू कारशेड, क्रूलोबी, रेलवे अस्पताल, टीआरडी, विद्युत विभाग में पहुंचकर रेलकर्मियों के बीच पूर्व मध्य रेल मजदूर संघ के पक्ष मे चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ संबंध भारतीय रेलवे मजदूर संघ और भारतीय मजदूर संघ के द्वारा पूर्व मध्य रेलवे में मान्यता के लिए आगामी 4, 5 एवं 6 दिसंबर को होने वाले चुनाव को झाझा में यूनियन के द्वारा प्रचार प्रसार प्रारंभ कर दिया गया है। शाखा मंत्री ने रेलकर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमलोगों की यूनियन की एक ही मांग है कि पुरानी पेंशन स्कीम यानि ओपीएस लागू किया जाए जो पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ ही दिलवा सकती है। आगे उन्होनें कहा कि हमारी यूनियन हमेशा रेलकर्मचारियों के हित में ही आवाज उठाने का काम किया है और आगे भी करते रहेगा। जोनल कार्यकारी अध्यक्ष ने रेलकर्मचारियों को बताया कि मान्यता प्राप्त फेडरेशन एआईआरएफ, एनएफआईआर ने रेलकर्मियों के लिए पेंशन के लिए बनी स्कीम यूपीएस पर अपनी पूर्ण सहमति देकर रेलकर्मचारियों के साथ विश्वासघात किया है।

## दिव्यांग जनों के लिए विशिष्ट पहचान पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में शनिवार को दिव्यांगजनों के लिए विशिष्ट पहचान पत्र यू डी आई डी बनाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया ।जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग एवं बुनियाद केंद्र के सौजन्य से आयोजित इस विशेष शिविर में कल 65 दिव्यांग जनों का शिविर में मौजूद चिकित्सकों के द्वारा जांचों उपरांत यू डी आई डी निर्माण के लिए कागजात लिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में आयोजित इस विशेष शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण के उपनिदेशक भी मौजूद थे। शिविर में पहुंचे सभी दिव्यांग जनों का चिकित्सकों के द्वारा बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान 42 दिव्यांगजन ऐसे थे जो हाथ एवं पैर की विकलांग थे।08 को बोलने से संबंधित समस्या थी।शिविर में पांच की पहचान मानसिक रोगी के दिव्यांग के तौर पर हुई, 07 दिव्यांगजन को आंख में समस्या थी वही तीन को सुनने में परेशानी थी।चिकित्सकों के द्वारा जांच के बाद उन सभी की कागजात कोई संबंधित विभाग के कर्मी के द्वारा लिया गया। इस संबंध में जानकारी देती हुई मौके पर मौजूद बुनियाद केंद्र की सेंटर मैनेजर नाजनीन खातून ने बताया कि कल 65 दिव्यांग जनों की जांच की गई। एक सप्ताह में सभी का यूडी आईडी कार्ड बनाकर केंद्र पर पहुंच जाएगा।

## रेफरल अस्पताल में टीकाकरण कार्य को लेकर एएनएम की बीच कि गई बैठक




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाए रखने को लेकर शनिवार को रेफरल अस्पताल के सभागार में स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र की अध्यक्षता में एएनएम की एक विशेष बैठक आयोजित कि गई। जिसमें प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत सभी एएनएम ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाष चन्द्रा ने एएनएम को बताया कि उन्होनें आगे एएनएम को क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए अन्य कई तरह के दिशा निर्देश भी दिया। क्षेत्र में टीकाकरण कार्य में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नही बरती जाएगी। एएनएम अपने कार्यो को बेहतर करे और टीकाकरण कार्य का जो फार्म होता है उसे भी शत प्रतिशत भरे। टीकाकरण के दौरान सूची भी अवश्य बनाए ताकि कार्य को और भी बेहतर किया जा सके। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में टीकाकरण को लेकर विशेष चर्चा कि गई।

## शराबबंदी के वावजूद जहरीली शराब पीने से 57 लोगों की मौत हत्या के विरुद्ध धरना प्रदर्शन

- हर घर जल नल योजना की तरह घर-घर उपलब्ध है शराब, यह कैसी शराबबंदी : किरण देव यादव




प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान के वैनर तले छपरा सिवान में जहरीली शराब पीने से 57 लोगों की मौत नहीं हत्या होने , एक दर्जन से अधिक अंधे होने के विरुद्ध मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन रेलवे स्टेशन चौक पर किया गया।

इससे पूर्व सदर अस्पताल चौक निकट एकत्रित होकर विभिन्न मार्ग में प्रदर्शन करते हुए स्टेशन चौक पहुंचा एवं सभा में तब्दील हो गया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि शराबबंदी के बावजूद घर-घर जल नल योजना की तरह र घर मिल रही जहरीली शराब से मौत नहीं हत्या की जा रही है। श्री यादव ने शराब बंदी को शक्ति से लागू करने, मृतको के आश्रितों को 50 लाख रुपए मुआवजा देने एवं शराब निर्माण वितरण पर रोक लगाने तथा नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने की मांग किया। श्री यादव ने कहा कि अवैध वसूली करने वाली लूट स्मार्ट मीटर को बंद करने, गलत तरीके से हो रहे जमीन सर्वे बंद करने, सफाई कर्मी का एक डेढ़ वर्ष से लंबित मजदूरी जल्द भुगतान करने, बिरधा विधवा विकलांग पेंशन 6000 मासिक करने, खगड़िया से अलौली तक दीपावली छठ गौशाला मेला के मद्देनजर ट्रेन जल्द चालू करने की मांग केंद्र एवं राज्य सरकार तथा डीआरएम से किया। देश बचाओ अभियान के संयोजक मधुबाला, सचिव धर्मेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव कालेश्वर ठाकुर, मीडिया प्रभारी मुरली रविदास, सफाई कर्मी संघ के संयोजक दिलखुश कुमार, नीलम देवी, जीतेंद्र शर्मा आदि ने कहा कि बिहार सरकार पदाधिकारी एमएलए एमपी मंत्री का हर सुविधा वेतन भत्ता पेंशन बढ़ाते हैं किंतु आम जनता जो लोकतंत्र में मालिक हैं उन्हें अधिकार से वंचित किए हुए हैं, आज सेवक मालिक बन बैठा है, इसके खिलाफ जुझारू आंदोलन चलाने की जरूरत है।

## एक बच्चा को बरामद कर आरपीएफ ने परिजनों को सकुशल सौंपा




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] जसीडीह रेलवे स्टेशन पर उतरने के दौरान अपने माता पिता से बिछड़े 5 वर्षीय एक बच्चें को आरपीएफ ने उसके परिजनों से मुलाकात करते हुए सकुशल सौंप कर सराहणीय कार्य को प्रस्तुत किया है। जानकारी देते हुए आरपीएफ पोस्ट के उपनिरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 03299 पूरी पटना में एक बच्चा लावारिस हालत में पड़े होने की सूचना प्राप्त हुआ। प्राप्त सूचना के बाद उक्त गाड़ी के प्लेटफार्म पर लगते ही सहायक उपनिरीक्षक विक्रमा राम व अन्य कर्मीर्के द्वारा उक्त बच्चे को बरामद किया और उसे आरपीएफ पोस्ट पर लाकर उससे पूछताछ किया गया जिससे बच्चे ने अपना नाम राजू कुमार और पिता का नाम भरतचंद्र जेना और मां का नाम नीतू देवी बताया। जिसके बाद परिजनों से आरपीएफ ने संपर्क कर बच्चे को सकुशल सौंप दिया। उपनिरीक्षक ने बताया कि बच्चे का माता पिता उड़ीसा राज्य के बालेश्वर का रहने वाला था।

## मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण में क्लास सेवन एण्ड ऐट के बच्चे एवं बच्चियां लछुआड़ रवाना

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत पिड़रौन पंचायत के उत्क्रमित+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं शनिवार 19 अक्टूबर को लछुआड़ जैन जन्म स्थली के लिए रवाना हुए। वहीं+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय लत्ता के प्रभारी प्राचार्य रामचन्द्र यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए शिक्षा विभाग से राशि उपलब्ध कराई गई थी। उक्त राशि से बिहार राकेट बस को रिर्जव कर क्लास 07 एवं 08 के 52 बच्चे और बच्चियां को लछुआड़ जैन धर्म स्थली परिभ्रमण के लिए रवाना हुए।जिस बस को लत्ता गांव के वरिष्ठ समाजसेवी सज्जन साह एवं शांति साह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किये। वहीं समाजसेवी सज्जन साह ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कराने हेतु कृतसंकल्पवित है।छात्र छात्राओं को बिहार के धार्मिक स्थल, एतिहासिक स्थल पर परिभ्रमण कराकर उन्हें मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनातें हैं। ऐसे ऐसे गति विधियों से बच्चों में शिक्षा के प्रति प्रतिस्पर्धा जागृत होती है।

### डीजिटल युग में ग्राम स्वराज की अवधारणा विषयक संगोष्ठी आयोजित

भागलपुर। स्नातकोत्तर गांधी विचार विभाग में हाईफोस इनोवेटिव फोरम और गांधियन भागलपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विभागाध्यक्ष डॉ. अमित रंजन सिंह की अध्यक्षता में ह्लडीजिटल युग में ग्राम स्वराज की अवधारणाः स्मार्ट विलेज मॉडलह्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर हाईफोस इनोवेटिव फोरम ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल जानकारी पहुंचाने हेतु कार्यक्रम के लिए घोषणा भी की। सर्वप्रथम डॉ उमेश प्रसाद नीरज सहायक अध्यापक गांधी विचार विभाग ने विषय प्रवेश कराते हुए गांव में डिजिटल जानकारियां या डिजिटल का उपयोग सामान्य लोगों तक पहुंच सके इसकी आज जरूरत है इस पर अपनी बातें रखी, उन्होंने कोरोना काल का उदाहरण देते हुए कहा गांव की सभ्यता और संस्कृति तथा गांव की व्यवस्था को आज भी शहरीकरण से उत्पन्न व्याधियों और खामियों से बचाया जा सकता है यह साबित हो गया। इसलिए गांव को समृद्ध करना और गांव तक सही-सही जानकारियां पहुंच सके ताकि सरकारी गैर सरकारी लाभ सही ढंग से ग्रामीण उठा सके और कृषि कार्य में तकनीक का सही प्रयोग हो सके यह आवश्यक है। हाईफोस इनोवेटिव फोरम के संस्थापक अरविंद जी ने तकनीक की आवश्यकता और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल तकनीक प्रत्येक लोगों तक पहुंच सके इसके लिए है ।

## चुनौती - दुर्गापूजा व लक्ष्मीपुजा के बाद बाजार में बढ़ा कचरा, नही हुई सफाई



- विसर्जन के बाद कूड़े की सफाई चुनौती, दुर्गामंदिर के आसपास पसरी है गंदगी

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर ।दशहरा व लक्ष्मीपुजा मेला व प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने के बाद पतसंडा पंचायत में नियुक्त सफाई कर्मी के लिए सफाई करना चुनौती बन गया है ।शनिवार को दुर्गा मंदिर के आस पास व बाजार के प्रमुरव चौक चौराहा पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है ।गिद्धौर बजार में गंदगी से लोग पहले से ही परेशान है। दूसरी तरफ दुगार्पूजा व लक्ष्मीपुजा को लेकर बाजार में बढ़े कचरे की सफाई न होने से पॉलीथिन,पत्तल के दोने,थमोकौल के प्लेट व पेपर के टुकड़ो का ढेर लगा है ।बाजार के मिंटो टावर,सब्जी मार्केट,बंदरछाप रड़,पंचमंदिर परिसर के आस पास व झाझा रोड,लाल कोठी स्थित त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर तालाब का पानी दूषित हो रहा है ।इससे आसपास के घरों में लगे चापाकल और मोटर के पानी से दुर्गध आने लगी है। दरअसल,प्रतिमा विसर्जन से लेकर आसपास के कचरे भी अब लोग तालाब में डालने लगे है ।वही स्थानीये जनप्रतिनिधियों द्वारा भी साफ-सफाई को लेकर पूरी तरह लाहपरवाह है ।स्थानीये निवासी अरविन्द सिंह बताते है कि पहले शाम में तालाब किनारे बड़ी संख्या में लोग बैठते थे। साथ ही सुबह स्नान कर मंदिर में पूजा करते थे। अब पानी इतना दूषित हो गया है कि यहां खड़ा होना भी मुश्किल है।

# डीजिटल युग में ग्राम स्वराज की अवधारणा विषयक संगोष्ठी आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। स्नातकोत्तर गांधी विचार विभाग में हाईफोस इनोवेटिव फोरम और गांधियन भागलपुर विश्वविध्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विभागाध्यक्ष डॉ. अमित रंजन सिंह की अध्यक्षता में ह्लडीजिटल युग में ग्राम स्वराज की अवधारणाः स्मार्ट विलेज मॉडलह्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर हाईफोस इनोवेटिव फोरम ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल जानकारी पहुंचाने हेतु कार्यक्रम के लिए घोषणा भी की। सर्वप्रथम डॉ उमेश प्रसाद नीरज सहायक अध्यापक गांधी विचार विभाग ने विषय प्रवेश कराते हुए गांव में डिजिटल जानकारियां या डिजिटल का उपयोग सामान्य लोगों तक पहुंच सके इसकी आज जरूरत है इस पर अपनी बातें रखी, उन्होंने कोरोना काल का उदाहरण देते हुए कहा गांव की सभ्यता और संस्कृति तथा गांव की व्यवस्था को आज भी शहरीकरण से उत्पन्न व्याधियों और खामियों से बचाया जा सकता है यह साबित हो गया। इसलिए गांव को समृद्ध करना और गांव तक सही-सही जानकारियां पहुंच सके ताकि सरकारी गैर सरकारी लाभ सही ढंग से ग्रामीण उठा सके और कृषि कार्य में तकनीक का सही प्रयोग हो सके यह आवश्यक है। हाईफोस इनोवेटिव फोरम के संस्थापक अरविंद जी ने तकनीक की आवश्यकता और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल तकनीक प्रत्येक लोगों तक पहुंच सके इसके लिए है हाईफोस इन्नोवेटिव फॉर्म द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम की चर्चा की। उन्होंने इस फार्म के उद्देश्य और लक्ष्य पर व्यापकता से प्रकाश डाला। वरिष्ठ समाजकर्मी मनोज मीता ने बताया कि सभ्यता के विकास के गति में विज्ञान और तकनीक एक अनिवार्य अंग बन गया है, विज्ञान और तकनीक आम लोगों के लिए लाभदायक है लेकिन यह तकनीक आम लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं इसकी चिंता जरूरी हैं, क्योंकि कॉपोरेंट के हाथ में आज तकनीक के कारण आम लोगों का नियंत्रण आ गया है। इस तकनीक का प्रयोग अपने लाभ के लिए करते हैं। कला केंद्र के ललन जी ने गांधी का उदाहरण देते हुए भारत ऐसे देश में तकनीक का किस प्रकार प्रयोग किया जा सकता है चरखा के माध्यम से गांधी ने दुनिया को समझाया। गांधी विचार के पूर्व अध्यक्ष महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि यद्यपि वर्तमान पीढ़ी आज ज्यादा डिजिटल तकनीक का प्रयोग करता है लेकिन डिजिटल के पूर्णता प्रयोग और लाभ से अभी भी वंचित हैं। समान लोगों तक किसान और मजदूरों को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय स्तर पर ज्ञान को संजोकर इनोवेशन आइडिया विकसित करना आवश्यक है क्योंकि लोग विज्ञान के साथ वर्तमान तकनीक को किस प्रकार संयोजित किया जाए इस पर काम करने की आज ज्यादा जरूरत है। विभागाध्यक्ष डॉ. अमित रंजन सिंह ने कहा 20-25 वर्ष पहले गांव की जो स्थिति थी उसका वर्णन करते हुए बतलाया कि आज विज्ञान के विकास ने गांव के गांव को बहुत सुविधा मुहैया कराई है, आज गांव के लोग भी इससे लाभान्वित हो रहे हैं। अंत में हाईफोस इनोवेटिव फोरम आईआईटी हैदराबाद से डेवलपमेंट स्टडी की डिग्री प्राप्त अरविंद जी जो हाईफोस इनोवेटिव फोरम के संस्थापक भी हैं ने कहा कि हाईफोस इनोवेटिव फोरम ने बिहार में अपने अधिकारिक शुरूआत को चिन्हित किया, जो की बिहार के ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए समर्पित एक पहल है।

## प्राथमिक विद्यालय पंडित टोला सेवा का जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष धर्मदेव यादव ने किया औचक निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। शनिवार को प्रखंड के सेवा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय पंडित टोला सेवा का औचक निरीक्षण जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य धर्मदेव यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष व जिप सदस्य धर्मदेव यादव ने विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक पिंकी कुमारी से स्कूल की विधि व्यवस्था से संबंधित वस्तु स्थिति की जानकारी ली व विद्यालय के विधिवत संचालन सहित स्वच्छता, पेयजल,शौचालय,बिजली आदि की व्यवस्था का मुआयना किया व व्यवस्था पर संतोष जताया ।वही उन्होंने विद्यालय में बेहतर शिक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिये विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक पिंकी कुमारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।वहीं निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष धर्मदेव यादव ने विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं को संस्कारित शिक्षा देने की शिक्षक शिक्षिकाओं से बात कही । उन्होंने कहा कि सरकार का शिक्षा विभाग लाखों रुपये शिक्षा पर खर्च कर रही है आप अपनी भी समस्याओं को विभाग के समक्ष रखें ताकि उनका भी निराकरण किया जा सके। इस मौके पर निरीक्षण के क्रम में छात्रों की उपस्थिति में बढ़ोतरी को लेकर अभिभावकों को जागरूक करने की बात विद्यालय प्रभारी से कही गयी। निरीक्षण करते हुए जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष व जिप सदस्य धर्मदेव यादव ने कहा कि शिक्षा एक अनमोल रत्न है इसको पाने से छात्रों के जीवन के अंधकार को खत्म किया जा सकता है, शिक्षा से अज्ञानता दूर होती है ।शिक्षकों को भी ईमानदारी से छात्रों को पढ़ाने की बात कही ।इस मौके पर जिप सदस्य धर्मदेव यादव के अलावे विद्यालय के शिक्षिका पिंकी कुमारी,मीना कुमारी,अर्चना कुमारी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## विद्यालय में दिवाली के पटाखें एवं प्रदूषण से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधित जोखिम एवं बचाव के संदर्भ में जागरूकता को लेकर बच्चों को कराया गया मॉंकड्रिल

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षित शनिवार को लेकर गिद्धौर प्रखंड के सभी सरकारी विधालय में बच्चों से दिवाली के पटाखें एवं प्रदूषण से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधित जोखिम एवं बचाव के संदर्भ में मॉक ड्रील कराया गया। जिसका आयोजन गिद्धौर प्रखंड के सभी विद्यालय में किया गया ।दिवाली के पटाखें एवं प्रदूषण से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधित जोखिम की जानकारी देते हुए उ म वि महुली के शिक्षक दिलीप मंडल ने सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उनके जोखिम से बचने को लेकर सारी बातों को आम भाषा का प्रयोग करते हुए बताया ।प्रशिक्षकों ने बाल प्रेरक के रूप में चयनित बच्चों से इस प्रशिक्षण रूपी लक्ष्मण रेखा को अपने विद्यालय मे लागू करने कि बात कही। विद्यालय दिवाली पटाखें एवं उससे उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधित जोखिम से बचाव संबंधित जागरूकता दिवस के अवसर पर प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में मॉकड्रिल के माध्यम से बच्चो को ट्रेनिगं दी गई। वही सभी बच्चों को प्रदूषण से बचाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। मॉक ड्रिल के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों-शिक्षिकाओं द्वारा पटाखें से संबंधित जोखिमों की पहचान करने,उनकी समझ विकसित करने एवं उनसे निबटने की क्षमता का विकास करने की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। बच्चों को खेल-खेल में पटाखें से उत्पन्न समस्या आने पे कैसे बचाव करने के उपाय बताए गया। प्रशिक्षण के क्रम मे छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन,पटाखें जलाने के दौरान बचाव एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। इस दौरान घायलों को ले जाने के लिए प्राकृतिक वस्तुओं से निर्मित स्ट्रेचर को बनाने,कृत्रिम सांस देने के साथ आपदा के दौरान घायलों को अस्पताल ले जाने के तरीकों के बारे में बताया गया।

# कांग्रेस ने भ्रष्टाचार से सबक नहीं सीखा

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के कारण देशभर में हुई बदनामी से सत्ता गंवाने के बावजूद सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाए हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूर के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी जिसे वापस लेने पर प्राधिकरण ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री के जमीन आबंटन में हेराफेरी की जांच के बीच मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक द्वारा आबंटित जमीन लौटा दी। यह विवाद मार्च 2024 में शुरू हुआ, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने राहुल खड़गे की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को जमीन दी। विचाराधीन भूमि मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे राहुल एम. खड़गे को कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा बगलूर में हाईटेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क के हार्डवेयर क्षेत्र में आबंटित की गई थी। कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई वरिष्ठ नेता होगा जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप और मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। पार्टी में कनिष्ठ से लेकर शीर्ष तक के नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वाली पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। करोड़ों की एंबुलेंस खरीद में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदम्बरम, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एए खान, श्वेता मंगल, शफी माथर और निदेशक एनआरएचएम के विरुद्ध 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का मामला दर्ज किया गया था। एंबुलेंस खरीदने के लिए जो टेंडर जारी किया गया, उसमें गड़बड़ी हुई थी। इस मामले में 31 जुलाई 2014 को जयपुर के अशोक नगर थाना पुलिस ने जयपुर नगर निगम के पूर्व मेयर पंकज जोशी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक में कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबरदस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। उस दौरान डीके शिवकुमार व अन्य कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। इसी तरह हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने जांच की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की सीबीआई आदि केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। यह मामला अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी से 36 अरब रुपए के 12 वीआईपी हेलिकॉप्टर खरीदने से जुड़ा है। आरोप है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया इस वीआईपी चॉपर खरीद के पीछे अहम भूमिका निभा रही थीं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने इस मामले को पिछली मोदी सरकार में उठाया था, जिसके बाद घमासान मचा था।

# विवादित बयानों के चक्रव्यूह में सियासत

मुल्क के इंतखाबी दौर में यदि बेतुकी बयानबाजी नहीं होगी तो सियासी हरारत का एक मजमून अधूरा रह जाएगा। सियासी रहनुमां की तकरीर में जहरीले बोल तथा जराफत भरे अंदाज का संगम नहीं होगा तो सियासी अंजुमन की आंखें उदास रह जाएंगी। चुनावी तशहीर में अपने मुखालिफ पर जुबान नहीं फिसलेगी या तोहमतों से भरे इल्जाम नहीं बरसेंगे तो सियासत की तबीयत नासाज हो जाएगी। इंतखाबी दौर में दहशतगर्दों की मौत का मातम नहीं मनाया जाएगा तो सियासत की तौहीन हो जाएगी। जम्हूरियत के महापर्व में यदि आब-ए-तल्ख की महफिल नहीं सजेगी तो सियासी बज्म का रंग फीका रह जाएगा। सियासी मुजाहिरों में यदि जाति, मजहब, आरक्षण, संविधान व पाकिस्तान का जिक्र नहीं होगा तो इंतखाब की तासीर बिगड़ जाएगी। चुनावी दौर में तोहमतों की आंधी से उपजे इल्जाम भी आदर्श बन जाते हैं। उन्हीं आदर्श इल्जामों से सियासत का तवाजुन बिगाड़ कर सत्ता के बड़े खिलाडिों को पटखनी दी जाती है। खोया हुआ जनाधार वापस लाने में जाति, मजहब व आरक्षण की बैसाखियां मददगार साबित होती हैं। दरअसल सियासी कश्तियों में यह कशमकश सत्ता की चौखट पर पहुंचने के लिए है। सत्ता के फलक पर बैठने के लिए अपने ही सियासी दल के खिलाफ विद्रोह या दलबदल को अंजाम देकर सियासी उलटफेर के मजमून लिखे जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र भारत में जम्हूरियत की भाग्य विधाता आवाम है, लेकिन इख्तिदार हासिल होने के बाद सियासी रहनुमाओं के लफ्ज मगरूर हो जाते हैं। सत्ता की जद्दोजहद के लिए सियासी रहनुमाओं के बीच शब्दबाणों की जंग इंतखाबी दौर से लेकर जम्हूरियत की पंचायतों तक देखी व सुनी जा सकती है। सियासत की जुबानी जंग ने मयार्दा की सारी हदूद को तोड़ डाला है। एक सियासी रहनुमां के गैर-जिम्मेदाराना बयान तथा तल्ख तेवर अपने ही सियासी दल तथा समुदाय को उलझन में डाल देते हैं। न्यूज चैनलों पर दौरान-ए-गुफ्तगू में सियासी मुनाजिरों की अमर्यादित बयानबाजी से लोगों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाना आम बात हो चुकी है। बेतुके बयानों से सुर्खियां बटोरना जहां सियासत का मिजाज बन चुका है, तो वहीं विवादित बयानबाजी से लोगों की आस्था को आहत करके माजरत का इजहार करना सियासत का दांव बन चुका है। लेकिन इसके बावजूद लोग अपने बेशकीमती वोट की ताकत से सियासी रहनुमाओं को सत्ता के फलक तक पहुंचा कर लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं, जबकि सियासत किसी की रवादार नहीं होती। धोखा, फरेब, छल, कपट, विश्वासघात, तोहमत, साम, दाम, दंड, भेद जैसे गुण व अवगुण सियासत में समाहित होते हैं। सन् 1990 के दशक में देश के सियासतदानों को चुनाव आयोग की ताकत का एहसास कराने वाले दबंग चुनाव आयुक्त रहे ह्यटीएन शेषनह्न ने हिंदोस्तान की सियासत तथा सियासी रहनुमाओं के चरित्र में आ रही गिरावट को अपनी पुस्तक ह्यभारत पतन की ओरह्न में तफसील से बयान करके सियासी निजाम के भविष्य पर चिंता जाहिर की थी। टीएन शेषन द्वारा सियासत के मुस्तकबिल पर किया गया आकलन वर्तमान में सही साबित हो रहा है। विवादित बयानबाजी के जरिए देश के महान विचारकों, दार्शनिकों, सेना तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां की जाती हैं। चुनावी दौर में हेट स्पीच के मामलों पर चुनाव आयोग को नेताओं के चुनावी प्रचार पर रोक लगानी पड़ती है। कारण बताओ नोटिसह्न जारी किए जाते हैं। सियासतदानों की हिकारत भरी बयानबाजी तथा अपमानजनक टिप्पणियों पर देश की अदालतें चेतावनी जरूर पेश करती हैं, मगर चुनाव आयोग की नसीहत व अदालतों की चेतावनी को बयानवीर अनसुना कर देते हैं।

# शराबजनित दुष्परिणामों के लिए शराबबंदी पर राजनीति समाज हित में नहीं

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत में सालाना 2.6 लाख भारतीय शराब से होने वाली लीवर की बीमारियों और हादसे में मारे जाते हैं। शराब के चलते सर्वाधिक मौत सड़क हादसों में होती है। किसी की मौत बेहद दुखद है, लेकिन उसके लिए सरकार पर ठीकरा फोड़ना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। नीतीश कुमार ने शराबबंदी कानून बनाकर समाज सुधार की दिशा में नजीर पेश किया। जरूरत थी इस कानून का पालन कर नशा का परित्याग करना। लेकिन, दुर्भाग्यपूर्ण और दुःखद है कि कानून को धता देते हुए शराब रूपी जहर का सेवन मौत का कारण बन रहा है। सिर्फ कानून बना देने और ह्यतंत्रह्न के भरोसे किसी कुरीति को समूल नष्ट नहीं किया जा सकता, बल्कि कानून का पालन करने-कराने को जब ह्यजनह्न कमर कस लेगा, तभी कुरीतियों का नाश होगा।





मिथिलेश कुमार सिंह
शिक्षाविद एवं प्रख्यात लेखक

सीवान और सारण में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के बाद शराबबंदी एक बार फिर चर्चा में है और उसके विरोध में एक बार फिर तरह-तरह की बातें की जा रही हैं। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि प्राप्त करने के पश्चात, अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत, गांधी की कर्मभूमि से करनेवाले चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने राजस्व की हानि को लेकर शराबबंदी कानून का विरोध किया है।पिछले दिनों प्रशांत किशोर ने यह एलान भी किया कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के एक घंटे के अंदर ही बिहार में लागू शराबबंदी कानून को समाप्त कर देगी। इन नेताओं द्वारा व्यक्ति और समाज के लिए जबरदस्त रूप से विनाशकारी साबित होनेवाले शराब जैसे घातक पदार्थ का समर्थन करना काफी दुर्भाग्यजनक है। जिम्मेदार नेताओं की इस तरह की प्रवृत्ति और वक्तव्य राज्य और देश हित में नहीं है। इन्हें शराब के कुप्रभावों के विरुद्ध जनता के बीच जागरुकता फैलाने में सहयोग करना चाहिए और सरकार के इस जनहितकारी योजना को सफल बनाने में सहभागी बनना चाहिए। अवैध रूप से बनायी जा रही जहरीली शराब के पीने से लोगों के मरने की घटनाओं को आधार बनाकर शराबबंदी कानून का विरोध मेरे हिसाब से एक गैरजिम्मेदाराना व्यवहार है, जो दशार्ता है कि ऐसे लोग अपने राजनीतिक हित के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। हमें यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि शराबबंदी के कारण बिहार में आपराधिक घटनाओं एवं सड़क दुर्घटना के आंकड़ों में भारी कमी आई है, जबकि स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है। ह्यद लान्सेट रीजनल हेल्थ साउथ ईस्ट एशिया जर्नलह्न में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार बिहार में शराबबंदी कानून के अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसने 18 लाख पुरुषों को अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त होने से रोका है। महिलाओं के खिलाफ भावनात्मक हिंसा में 4.6% और यौन हिंसा में 3.6% की गिरावट दर्ज की गई है। अंतरंग साथी द्वारा हिंसा के मामलों में 21 लाख की कमी आई है। निश्चित तौर पर बिहार सरकार या कहिये कि नीतीश कुमार ने गांधी जी के सपनों के अनुरूप बिहार में ईमानदारी से मद्यनिषेध कानून को लागू किया था। लेकिन आये दिन अवैध रूप से बनायी जा रही जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत की खबर आती रहती है, जो गंभीर चिंता का विषय है। इसके पीछे अगर स्पष्ट तौर पर कहा जाये तो पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है, जिसने बिहार सरकार के इस महती कार्यक्रम का सत्यानाश कर दिया है। सरकार को चाहिए कि इस तरह के मामले में लोगों के बजाय संबंधित पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी की जिम्मेदारी तय करे और उन्हें कड़ा से कड़ा दंड देने का प्रावधान करे, क्योंकि अक्सर देखा गया है कुछ पैसों के लालच में ये लोग सरकार की बड़ी -बड़ी योजनाओं को भी फेल कर देते हैं। ये भ्रष्टाचार का ही एक स्वरूप है, जिसके कारण बिहार में शराबबंदी कानून कायदे से लागू नहीं हो पा रहा है। गांधी ने कहा था अगर मुझे पूरे भारत का एक दिन के लिए तानाशाह बना दिया जाये तो जो एक चीज मैं करूंगा वो ये कि देश की तमाम शराब दुकानों को बिना कोई मुआवजा दिए बंद कर दूंगा और ताड़ के तमाम पेड़ नष्ट कर दूंगा।ह्न वहीं 1956 में बौद्ध धम्म ग्रहण करते समय बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिज्ञाओं में से एक यह भी था ह्यमैं शपथ लेता हूं कि शराब और नशा का सेवन नहीं करूंगा।ह्न पूरे देश के स्तर पर इसे लागू करने की बात गांधी ने बेशक की थी, पर इस दिशा में कभी कोई गंभीर कोशिश नहीं हुई। आमतौर पर सैद्धांतिक रूप से सभी नेताओं ने इसे स्वीकार किया लेकिन व्यावहारिक तौर पर इसे अमली जामा नहीं पहन सके या कह सकते हैं कि शराब उत्पादकों के सिंडिकेट के आगे वे विभिन्न कारणों से मजबूर हो गये। अपने राजनीतिक भाषणों में गांधी और अंबेडकर के विचारों की दुहाई देने वाले नेताओं को उनके इन विचारों पर भी ध्यान देना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से उनके विचारों के बारे में बात करने के वक्त भी वे सलेक्टिव हो जाते हैं। शराबबंदी को लेकर आजादी के बाद से बात की जाती रही है। गुजरात पहला राज्य है जिसने शराबबंदी लागू की थी। 1960 में मुंबई से अलग होकर जब गुजरात बना तब से वहां शराबबंदी लागू है। वर्तमान में भारत में गुजरात के अलावा मिजोरम, नगालैंड और लक्षद्वीप में शराबबंदी लागू है जबकि मणिपुर के कुछ जिलों में शराब पर आंशिक रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। अन्य सभी भारतीय राज्य शराब बिक्री की अनुमति देते हैं लेकिन शराब पीने की कानूनी उम्र भी तय करते हैं, जो अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग है। अन्य राज्यों में शराबबंदी नहीं होने के कतिपय कारण हो सकते हैं, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए की शराब से सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर बड़ा ही विध्वंसक प्रभाव पड़ता है। लोग और समाज स्वस्थ एवं संतुलित रहेंगे, तभी हम विकास की राह पर मजबूती से आगे बढ़ सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक शराब से हर साल 26 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु होती है। दुनिया भर में करीब 40 करोड़ लोग शराब और नशीली दवाओं के कारण होने वाली बीमारियों से पीड़ित हैं। यह दुनिया की कुल मौतों का 4.7 प्रतिशत है यानि हर 20 में से एक मौत के लिए शराब जिम्मेदार है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन की ह्यग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन एल्कोहल एंड हेल्थ एंड ट्रीटमेंट ऑफ सब्सटेंस यूज डिसऑर्डरह्न में सामने आई। रिपोर्ट में पाया गया कि शराब का सेवन करने से लोग हृदय रोग, लिवर सिरोसिस, कैंसर, तपेदिक, एचआईवी, निमोनिया जैसे बीमारियों के प्रति अधिक अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि शराब एक कैंसरकारी तत्व है जिससे कई तरह के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, जिसमें स्तन, यकृत, सिर, गर्दन, ग्रासनली और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल है। कैंसर पर अनुसंधान के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने शराब को ग्रुप एक कार्सिनोजेन के रूप में वर्गीकृत किया है, जिसका अर्थ है कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि शराब के सेवन से कैंसर के खतरे काफी बढ़ जाते हैं। इसके सेवन से अनेक तरह के मानसिक विकार जैसे अवसाद, चिंता और आत्महत्या की प्रवृत्तियां भी बढ़ती हैं। 2019 में दुनिया भर में 4,01000 लोगों की मौत वैसे कैंसर के कारण हुई थी जो उनके शराब पीने से उत्पन्न हुई थी। सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों में लगभग 50% मौतें प्रायः शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण हुआ करती हैं।

# समाज के लिए खतरा बनता अपराधियों का महिमामंडन

कैसे युवाओं को पथभ्रष्ट किया जा रहा है। हमे अपने समाज को अपराधीकरण से बचाने के लिए हिंसा, अहिंसा का भेद करना होगा। वैसे भी बेरोजगार, असंतुष्ट युवाओं को अपनी सोच के साथ बहा ले जाना आपराधिक प्रवृत्ति के लिए आसान होता है। इससे पहले हमारे युवाओं की दिशा विपरीत हो जाए हमें आपराधिक मानसिकता का महिमामंडन करने से बाज आना होगा। इस हत्याकांड को लेकर आरोपों के घेरे में जिस तरह के लोग आ रहे हैं, उससे यह भी जाहिर हुआ है कि जेल में बंद कोई अपराधी कैसे आपराधिक साजिशों को आसानी से अंजाम दे लेता है और पुलिस लाचार होकर देखती रहती है। बाबा सिद्दीकी अजीत पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ऐसे नेता थे, जिनकी राज्य की राजनीति और फिल्म उद्योग में खासी पकड़ और पैठ थी।





दिलीप कुमार पाठक
लेखक पत्रकार

किसी हिन्दी फिल्म की तरह महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री कई बार के विधायक अभिनेता सलमान खान के करीबी नेता बाबा सिद्दीकी की निर्मम हत्या कर दी गई। किसी पूर्व मंत्री की हत्या हो जाना, कानून व्यवस्था की पोल तो खोल ही रहा है साथ ही तमाम तरह के सवाल भी उठ रहे हैं। वहीँ सोशल मीडिया से लेकर मेन स्ट्रीम मीडिया में बाबा सिद्दीकी की हत्या करने की जिम्मेदारी लेने वाले वाले गैंग एवं लॉरेंस बिश्नोई का महिमामंडन भी चल रहा है, जो बेहद खतरनाक है। किसी भी समाज एवं समुदाय के लिए हिंसा खतरनाक है, वहीँ इस तरह से अपराधियों का महिमामंडन करना हमारे समाज के युवाओं को भ्रमित कर सकता है। युवावस्था यूँ भी बहुत पेचीदगियों से भरी होती है। इस उम्र में हिंसा युवाओं को आकर्षित करती है। अतः मीडिया एवं हमारे समाज का उत्तरदायित्व हो जाता है कि समाज को एक शांति की राह पर ले जाया जाए। मेनस्ट्रीम मीडिया को विश्नोई समाज से सीखना चाहिए, जब पूरी मीडिया लॉरेंस बिश्नोई को हीरो बनाने पर तुली हुई है, तब विश्नोई समाज के अध्यक्ष ने अपने समाज की तरफ से बात रखी साथ ही लॉरेंस बिश्नोई को हीरो बनाने वाली सोच की निंदा भी की। विश्नोई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बिश्नोई का कहना है विश्नोई समाज किसी भी अपराध का समर्थन नहीं करता है। अगर लॉरेंस बिश्नोई ने बाबा सिद्दीकी की मौत की जिम्मेदारी ली है तो वो गलत है। हमारे समाज का इससे कोई लेना-देना नहीं है। हमारा समाज पेड़ों के लिए कुबार्नी दे सकता है, तो इंसान की हत्या का समर्थन कैसे करेगा ? हमारे समाज का इससे कोई ताल्लुक नहीं है। हर समाज में ऐसे अपराधी होते हैं और सलमान खान के साथ-साथ लॉरेंस बिश्नोई भी अपराधी है। काले हिरण शिकार मामले में सलमान खान का माफी मांगना और नहीं मांगना यह उनका विषय है और वो मामला कोर्ट में है अतः उसका फैसला कोर्ट करेगा लेकिन हत्या के समर्थन में हम नहीं है। बाबा सिद्दीकी की हत्या के छह दिन बाद सलमान खान को पुनः जान से मारने की धमकी मिली है, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को सलमान खान के नाम का धमकी भरा मैसेज मिला है। मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी बताया है। मैसेज में ये भी लिखा है कि इसको हल्के में ना लें, वरना सलमान खान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा। देश की कानून व्यवस्था बहुत ही लाचार दिख रही है, यहां कोई भी किसी का मर्डर कर रहा है, कोई भी किसी को धमकी दे रहा है, ये आज के दौर में सबसे खराब बात है। रात-दिन मीडिया में ऐसी मानसिकता का महिमामंडन करना बेहद घिनौना है। हो सकता है इससे कुछ दिनों के लिए टीआरपी मिल जाएगी लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव बहुत बुरे होने वाले हैं। मुंबई पुलिस पर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं क्या कोई जेल में बैठकर मुंबई में किसी को भी मरवा सकता है? मुंबई पुलिस निगरानी के नाम पर क्या कर रही है? इस हत्याकांड को लेकर आरोपों के घेरे में जिस तरह के लोग आ रहे हैं, उससे यह भी जाहिर हुआ है कि जेल में बंद कोई अपराधी कैसे आपराधिक साजिशों को आसानी से अंजाम दे लेता है और पुलिस लाचार होकर देखती रहती है। बाबा सिद्दीकी अजीत पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ऐसे नेता थे, जिनकी राज्य की राजनीति और फिल्म उद्योग में खासी पकड़ और पैठ थी। जब इतने ऊंचे कद के नेता की सरेआम हत्या करने में अपराधियों को कोई खास बाधा पेश नहीं आई, तो आम लोग किस आधार पर खुद को सुरक्षित मानें। पकड़े गए आरोपियों के जरिए सामने आ सके ब्योरे यह बताने के लिए काफी हैं कि वारदात को अंजाम देते हुए उनके भीतर पुलिस और कानूनी कार्रवाई का कोई खौफ नहीं था। इससे सबसे चौकस मानी जाने वाली मुंबई पुलिस की कुशलता पर भी सवाल उठे हैं।

सलमान खान का परिवार काफी चिंचित है, जो मजबूत होने की कोशिश कर रहा है लेकिन ऐसे वक़्त आसान नहीं होता। उनके परिवार ने बाबा सिद्दीकी पर हमले ने एक नया शक पैदा किया है, जिनका सलमान खान या उनके परिवार से कोई सीधा संबंध नहीं था। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी की हत्या का श्रेय लिया है। लेकिन उनका मानना है कि सलमान खान के खिलाफ ताजा धमकियां एक गहरी और अधिक बड़ी साजिश को छिपाने की एक चाल हो सकती हैं। ह्यक्या किसी के लिए जेल से काम करना वाकई इतना आसान है? और कोई सलमान को डराने के लिए बाबा सिद्दीकी पर हमला क्यों करेगा? यह सब बहुत ही संदिग्ध लगता है।ह्न मामला इतना आसान नहीं है जितना बनाया जा रहा है। सबसे अफसोसनाक है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर योगेश ने कहा कि मुझे बदायूं से अरेस्ट किया गया था। मेरे टांग में गोली लगी है। मैं आसिफ बाबा गैंग में हूं। उस गैंग को भी लॉरेंस बिश्नोई ही चलाते हैं। मैं गरीब हूं। मुझे सताया गया और मुझ पर मुकदमे लगाए गए हैं। सलमान केस में कुछ लोग बीच में आ गए तो कुछ न कुछ तो होगा ही। बाबा सिद्दीकी कोई सही आदमी थोड़ा था, उस पर मकोका के केस लगे थे। आम आदमी पर मकोका थोड़े ही लगता है? दाऊद इब्राहिम से भी उसके संबंध थे। एक शूटर इतने बड़े-बड़े खुलासे कर रहा है, जो खुद को बहुत गरीब भी बता रहा है इससे पता चलता है।

# अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते स्टार्टअप

सतीश सिंह

आज स्टार्टअप भारत की आर्थिक तस्वीर को बेहतर बनाने की दिशा में अग्रसर है। इसकी वजह से जीडीपी में बढ़ोतरी हो रही है। यह आर्थिक विकास का कारक भी है और वाहक भी। लिहाजा, इस दिशा में देसी और प्रवासी उद्यमियों को विदेश की जगह देश में यूनिकॉर्न स्टार्टअप कंपनी शुरू करने की जरूरत है, ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था को और भी सशक्त बनाया जा सके। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग में पंजीकृत स्टार्टअप ने इस वर्ष 30 जून तक प्रत्यक्ष रूप से 15.53 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया है। अप्रत्यक्ष रूप से भी मुहैया कराये गये रोजगारों की संख्या लाखों में है। सिर्फ यूनिकॉर्न स्टार्टअप कंपनियों ने पिछले साल अगस्त तक 4.5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया था. स्टार्टअप कंपनियां अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी योगदान दे रही हैं। हुरून ग्लोबल यूनिकॉर्न सूचकांक 2024 के अनुसार, 2017 के बाद पहली बार भारत में यूनिकॉर्न की संख्या कम हुई है। बायजूज के इस सूची से बाहर आने के कारण 2023 में यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या 68 से घटकर 67 रह गयी। दूसरे देशों में भी यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या कम हुई है। अमेरिका में 21 और चीन में 11 यूनिकॉर्न स्टार्टअप कम हुए हैं और 2023 में कुल 42 स्टार्टअप यूनिकॉर्न की पात्रता खो चुके हैं। इस कमी का मुख्य कारण स्टार्टअप के निवेश में कमी आना है। सभी स्टार्टअप के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती पूंजी यानी निवेश की ही है। यह दिलचस्प है कि भले ही यूनिकॉर्न की संख्या देश में कम है, पर विदेशों में भारतीयों ने 109 यूनिकॉर्न शुरू किये हैं। एक अरब डॉलर या इससे ज्यादा के मूल्यांकन वाले स्टार्टअप को यूनिकॉर्न कहा जाता है। अमेरिका में सबसे अधिक 703 यूनिकॉर्न हैं, चीन 240 यूनिकॉर्न के साथ दूसरे स्थान पर है और भारत 67 यूनिकॉर्न के साथ तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड 53 यूनिकॉर्न के साथ चौथे तथा 36 यूनिकॉर्न के साथ जर्मनी पांचवें स्थान पर है। हुरून ग्लोबल यूनिकॉर्न सूचकांक में उन गैर सूचीबद्ध यूनिकॉर्न को शामिल किया जाता है, जिनकी स्थापना 2000 के दशक के बाद हुई है। इस सूची में टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइटडांस है, जिसका मूल्यांकन 220 अरब डॉलर है। दूसरे स्थान पर एलन मस्क की स्पेसएक्स है, जिसका मूल्यांकन 180 अरब डॉलर है, जबकि तीसरे स्थान पर माइक्रोसॉफ्ट की यूनिकॉर्न ओपेन एआई है, जिसका मूल्यांकन 100 अरब डॉलर है। फूड डिलीवरी यूनिकॉर्न स्विगी और स्पोर्ट्स कंपनी ड्रीम-11 भारत में सबसे ज्यादा मूल्यांकन वाली कंपनियां हैं। देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, ह्यमेक इन इंडियाह्न की संकल्पना को साकार करने और रोजगार सृजन में तेजी लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी 2016 को ह्यस्टार्ट अप इंडियाह्न का आगाज किया था। किसी कंपनी का कोई नवोन्मेष उत्पाद या सेवा किसी ग्राहक की समस्या का समाधान उसके घर में ही कर दे, तो उसे स्टार्टअप कहते हैं। इसकी शुरूआत कोई एक व्यक्ति कर सकता या फिर कई लोग मिलकर। स्टार्टअप को चलाने के लिए प्रवर्तक खुद निवेश कर सकते हैं या बैंक या वित्तीय संस्थान से ऋण ले सकते हैं। स्टार्टअप में जोखिम ज्यादा होता है, पर कारोबार चलने पर यह प्रवर्तक को अकल्पनीय प्रतिफल देता है। बड़ी संख्या में रोजगार भी मुहैया कराता है। स्टार्टअप की सफलता के लिए जरूरी है कि कौशलयुक्त टीम कंपनी का हिस्सा बने। इसलिए, कौशल और उद्यमिता के विकास के लिए सरकार ने एक अलग मंत्रालय बनाया है, जिसका कार्य देश में कौशल विकास के कार्यों का समन्वय, व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण के ढांचे का निर्माण और कौशल उन्नयन करना है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा भारतीय उद्यमिता संस्थान का भी गठन किया गया है। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर स्टार्टअप की शुरूआत की है। स्टार्टअप को ऋण मुहैया कराने के लिए वित्तीय संस्थानों को औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, जिसका नाम 2019 में बदलकर उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग कर दिया गया, की शर्तों का अनुपालन करना होता है। यहां से मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थान ही स्टार्टअप को ऋण मुहैया करा सकते हैं। ऋण संस्थान बिना तीसरे पक्ष की गारंटी के स्टार्टअप को पांच करोड़ रुपये तक का ऋण दे सकते हैं। अगर कोई स्टार्टअप इस योजना के तहत 1.5 करोड़ का ऋण लेना चाहता है, तो 75 प्रतिशत वित्तीय सहायता संस्थान देता है और शेष 25 प्रतिशत का इंतजाम उद्यमी को खुद करना होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### बांस के पेड़ों का कटान रोकने के लिए पुलिस से की शिकायत

स्योहारा। नगर से सटे मधुपुरा स्थित प्राचीन और जानी मानी हस्ती मद्दू पीर बाबा की दरगाह की खूबसूरती को बढ़ाने वाले प्राचीन बांस के पेड़ अब धीरे धीरे कटते जा रहे हैं और ये बांस के पेड़ विलुप्ति की कगार पर है इसी कड़ी में गुरुवार को भी इन पेड़ों पर आरी चल रही थी तो वहां भाकियू (तोमर) के मंडल अध्यक्ष हाजी परवेज पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बाबू,सरफराज ,नसीम, इसरार आदि बांस काट रहे है। इस पर रोष व्यक्त किया और तुरंत एक तहरीर पुलिस को देकर इन लोगो पर कार्यवाही करने और पेड़ो के कटान को रुकवाने की मांग की जिस पर पुलिस ने तुरंत मौके पर जाकर काम रुकवाते हुए भविष्य में पेड़ न काटने की नसीहत दी। वहीं इस में मामले में हल्का लेखपाल का इस स्थान पर सफाई या पैमाईश का कोई भी आदेश इन लोगो को नही दिया गया।

### मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति खंडित करने के आरोपी को हिरासत में लिया गया

बलिया, ।उत्तर प्रदेश के बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र में जिला चिकित्सालय परिसर में मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति को खंडित करने के आरोप में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के जिला चिकित्सालय परिसर के ट्रॉमा सेंटर के मंदिर में शुक्रवार की शाम प्रतिदिन की भांति पूजा व आरती की तैयारी की जा रही थी कि इसी बीच एक व्यक्ति ने मां दुर्गा की मूर्ति को खंडित कर दिया। पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर साझा की गई एक पोस्ट में बताया कि मूर्ति को मानसिक रूप से विक्षिप्त एक व्यक्ति ने खंडित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर, पुलिस उपाधीक्षक (शहर) गौरव कुमार समेत पुलिस अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। कोतवाली प्रभारी योगेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को बताया कि मंदिर में नई मूर्ति स्थापित कराई जा रही है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है और मामले में विधिक कार्रवाई जारी है।

### नवम्बर माह के.पहले हफ्ते में शुरू हो जाऐंगी चीनी मिल

अमरोहा।जिले की तीनों शुगर मिलों में गन्ना पेराई की तैयारी शुरू कर दी गई है। नवंबर माह के पहले सप्ताह में पेराई शुरू कर दी जाएगी। गन्ने के बढ़े रकबे व पैदावार के बीच पेराई मिलों के लिए चुनौती बनी है। हालांकि अभी पेराई सत्र के शुभारंभ की तिथि घोषित नहीं की गई है। डीसीओ मनोज कुमार के मुताबिक जिले की सभी शुगर मिलों को जल्द पेराई सत्र शुरू करने के लिए तिथि घोषित करने का निर्देश दिया गया है। चीनी मिलों के समय पर चलने से किसानों को गन्ना कोल्हू पर डालने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। गेहूं की बुआई भी समय से की जा सकेगी। गौरतलब है कि जिले में एक लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल पर गन्ने की खेती की जा रही है। सवा लाख से अधिक किसान सीधे गन्ने की खेती पर निर्भर हैं। बीते साल जहां जिले में 98468 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्रफल था तो वहीं इस वर्ष गन्ना क्षेत्रफल 2.06 प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ 100506 हेक्टेयर हो गया है।

### डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही के मामले में मंडल में पहलें स्थान पर अमरोहा

अमरोहा।जिले की सड़कों पर अवैध रूप से संचालित बसों के खिलाफ अभियान चलाते हुए परिवहन विभाग ने शनिवार को चार और बसों को सीज किया। बीते करीब डेढ़ माह में अवैध संचालित 47 बसों को सीज करने के साथ ही 137 बसों का चालान किया जा चुका है। कार्रवाई के मामले में जिला मंडल में पहले स्थान पर है। सड़क हादसों में कमी लाने के लिए परिवहन विभाग लगातार अभियान चला रहा है। विभागीय स्तर से मुहिम चलाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। इसके बाद भी हादसों में कमी लाना चुनौती बना है। परिवहन विभाग ने भी अवैध रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए कार्रवाई तेज की है। एआरटीओ प्रवर्तन महेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में अवैध रूप से संचालित बसों के खिलाफ अभियान चलाकर बीते करीब डेढ़ माह के दौरान 47 बसों को सीज करने के साथ ही 137 बसों का चालान किया गया है।अवैध रूप से संचालित वाहनों पर कार्रवाई के मामले में जिला फिलहाल मंडल में पहले स्थान पर है। विभागीय कार्रवाई से संचालकों में हड़कंप मचा है। अभियान के तहत शनिवार को भी अवैध संचालित चार बसों को सीज कर थाने में बंद किया गया। एआरटीओ ने बताया कि बसें अमरोहा से दिल्ली की ओर जा रहीं थीं। चेकिंग के दौरान परमिट शर्तों के उल्लंघन में कार्रवाई की गई।

# मुरादाबाद मण्डल के लोगों को मुम्बई के लिए ट्रेन की सुविधा उपलब्ध कराना रेलवे बोर्ड का सराहनीय कदम: नजर बिजनौरी

- उत्तराखंड के लालकुआं से बांद्रा (मुंबई) तक चलेगी ट्रेन, रामपुर, मुरादाबाद ,अमरोहा में भी होगा स्टॉपेज

प्रात: किरण, संवाददाता





मुरादाबाद।अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर एवं साहित्यकार नजर बिजनौरी ने मुरादाबाद से होकर सीधी मुंबई के लिये सप्ताह में एक दिन ट्रेन चलवाने पर केंद्र सरकार एवं रेलवे बोर्ड का शुक्रिया अदा किया और कहा कि मुरादाबाद से सीधे मुंबई के लिये ट्रेन चलाने की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करना केंद्र सरकार और रेलवे बोर्ड का जनहित में लिया गया सही फैसला और एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा की मंडल मुरादाबाद क्षेत्र के मुंबई में जाकर काम करने वाले कामगारों, व्यवसाइयों, अपनी रिश्तेदारी में आने जाने वालों तथा मुंबई में फिल्म इंडस्ट्री और जुहू चौपाटी घूमने की इच्छा रखने वालों के लिए यह रेल वरदान साबित होगी तथा उनके समय और पैसे की बचत होगी। जल्दी ही ये ट्रेन नियमित रूप से चलनी शुरू हो जाएगी। आपको बताते चलें कि नजर बिजनौरी मुंबई में ह्लहम फेस्ट कल्चरल प्रोग्राम की एक संस्थाह्व चलाते हैं और बड़े-बड़े मुंबई में प्रोग्राम करते हैं उन्होंने मंडल मुरादाबाद क्षेत्र के लोगों की मुंबई आने की परेशानी को देखते हुए बहुत दिनों से एक ट्रेन चलवाने के लिए अपना भरसक प्रयास शुरू कर रखा था जो की अब जाकर सफल हुआ। अपने इस प्रयास के पूरा होने पर उन्होंने केंद्र सरकार एवं रेलवे बोर्ड का आभार जताया। और उन लोगों का भी धन्यवाद दिया जिन्होंने उनके इस प्रयास में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से साथ दिया। रेलवे सूत्रों के अनुसार मुरादाबाद लालकुआं से बांद्रा तक साप्ताहिक ट्रेन संचालन का आदेश जारी कर दिया है। समयसारिणी जारी हो चुकी है, सिर्फ नियमित संचालन की तारीख का इंतजार है। रविवार को ट्रेन की उद्घाटन रैक बांद्रा टर्मिनस से शाम 4:15 बजे लालकुआं के लिए रवाना हो गई। सोमवार शाम पांच बजे मुरादाबाद स्टेशन होते हुए यह रेल लालकुआं पहुंचेगी। नियमित संचालन की तारीख तय होने के बाद ट्रेन (22544) हर सोमवार को सुबह 7:45 बजे लालकुआं से चलेगी और करीब दो घंटे बाद सुबह 9:50 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी। मंगलवार सुबह 8:30 बजे मुंबई के बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। पूरी यात्रा तय करने में 24.45 घंटे का समय लगेगा। वापसी में ट्रेन मंगलवार को सुबह 11 बजे बांद्रा टर्मिनस से चलेगी। बुधवार सुबह 11:10 बजे मुरादाबाद जंक्शन पहुंचेगी और यहां से करीब दो घंटे बाद दोपहर 1:15 बजे लालकुआं पहुंचेगी। 18 कोच की ट्रेन में अनारक्षित, स्लीपर व एसी कोच लगाए जाएंगे।

### इन स्टेशनों पर रुका करेगी ट्रेन

मुरादाबाद। मुंबई की ट्रेन का रूट लालकुआं से रुद्रपुर, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, हापुड़, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, भरतपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, बड़ोदरा, सूरत, वापी, बोरीवली होते हुए बांद्रा टर्मिनस तक रहेगा।

# तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी ने गंभीरतापूर्वक सुनी शिकायतें

- आईजीआरएस की शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी: डीएम

प्रात: किरण, संवाददाता



अमरोहा। जिलाधिकारी नीधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में तहसील ब्लॉक सभागार अमरोहा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पूर्व तहसील दिवस में आई शिकायतों को रजिस्टर में अवलोकन कर उप जिलाधिकारी अमरोहा से आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी ली।जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा अधिक शिकायत वाली पंचायतों पर पहुंचकर शिकायतों का निस्तारण नहीं किया गया है एक सप्ताह में जाकर निरीक्षण कर लें और जांच कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को सौंप दें। कहा कि जहां पर तहसील और विकासखंड के अधिकारियों की आवश्यकता है वहां पर वह अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें ।जिला जिलाधिकारी ने कहा कि आइजीआरएस सरकार की प्राथमिकताओं में है इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही न किया जाए।शिकायतकर्ता की शिकायत के निस्तारण संतुष्ट होना चाहिये ।शिकायतकर्ता को फोन पर बुलाया जाए और उससे बात किया जाए यदि शिकायत का निस्तारण नहीं हो तो सकता है तो उसका कारण बताया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी ज्यादा शिकायत आ रही हैं तहसील और थाने के अधिकारी संयुक्त रूप से मौके पर जाकर भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता की कमी पाई जाती है तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।जिलाधिकारी ने कहा की तहसील दिवस को आधिकारी गंभीरता से लें आज जो शिकायतें आई हैं उनके निस्तारण के लिए टीम बनाकर फील्ड में भेजी जाएगी अधिक से अधिक शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करके आना होगा।

# गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव : पहले दिन नहीं खुला नामांकन का खाता



प्रात: किरण, संवाददाता

गाजियाबाद, गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया के पहल दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। पहले दिन नौ नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई। परमार्थ सेवा समिति के चेयरमैन व समाजसेवी वीके अग्रवाल ने गाजियाबाद सदर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र खरीदा है। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे शुरू हुई। इस दौरान एडीएम सिटी कोर्ट में बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। एडीएम सिटी कार्यालय के बाहर बेरिकेट्स लगाए गए हैं। नामांकन कक्ष में प्रवेश से लेकर बाहरी परिसर में पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त था। सुरक्षा व्यवस्था की कमान कविनगर एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने संभाली हुई थी। दलों ने नहीं घोषित किए प्रत्याशी गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभी तक किसी भी दल ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। विधानसभा उपचुनाव के लिए चंद्रशेखर आजाद की पार्टी असपा और बसपा ने अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। जबकि भाजपा और कांग्रेस ने अभी प्रत्याशी नहीं उतारे हैं। कांग्रेस और सपा गठबंधन के बाद अब गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। गाजियाबाद विधानसभा सीट सपा ने कांग्रेस को दी है।

# जेलों में मनेगा करवा चौथ, महिला कैदी पति संग मना सकेंगी त्यौहार

- पुरुष कैदियों की पत्नियों को भी विशेष अनुमति
- जेल में होंगे विशेष इंतजाम राज्य महिला आयोग की पहल

प्रात: किरण, संवाददाता




लखनऊ,। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने जेल में बंद महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब जेल में बंद महिला कैदी भी करवा चौथ का पर्व अपने पति संग मना सकेंगी। राज्य महिला आयोग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है, जिसमें कैदी महिलाओं को करवा चौथ के दिन अपने पति के दर्शन करने की अनुमति देने की बात कही गई है। इसके साथ ही, पुरुष कैदियों की पत्नियां भी जेल में आकर इस त्योहार को मना सकेंगी। महिलाओं के लिए विशेष अवसर करवा चौथ भारतीय संस्कृति में महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें वे अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। इस विशेष अवसर पर महिला कैदी भी अब अपने पति के साथ यह त्योहार मना सकेंगी। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने इस पहल से यह सुनिश्चित किया है कि जेल में बंद महिलाएं भी करवा चौथ के मौके पर अपने पति के दर्शन कर सकेंगी और पर्व की रस्में पूरी कर सकेंगी। जेल में होंगे विशेष इंतजाम यूपी की जेलों में अब महिला कैदियों को करवा चौथ पर व्रत रखने और उनके पतियों से मिलने की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा, पुरुष कैदियों की पत्नियों को भी विशेष अनुमति दी जाएगी ताकि वे जेल में अपने पति के साथ इस पर्व को मना सकें। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं ताकि त्योहार को पारंपरिक ढंग से मनाने की व्यवस्था की जा सके। त्योहार और व्रत के लिए विशेष व्यवस्था इससे पहले भी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने जेलों में महिला कैदियों के त्योहार और व्रत संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए थे। नवरात्रि के दौरान भी व्रत रखने वाली महिलाओं के लिए फलाहार की विशेष व्यवस्था की गई थी। इसी तरह करवा चौथ पर भी महिला कैदियों को उनके पतियों से मिलने और पर्व की पूजा करने की पूरी व्यवस्था कराई जाएगी।

# सरसंघचालक डा. मोहनराव भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले आज पहुंचेंगे मथुरा



प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ, । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ( आरएसएस) के सरसंघचालक डा.मोहनराव भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले शनिवार शाम तक मथुरा पहुंच जायेंगे। वह परखम में आयोजित होने वाली संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में हिस्सा लेंगे। कार्यकारी मण्डल की बैठक वैसे 25 व 26 अक्टूबर को होगी, लेकिन उससे पहले बैठकों का क्रम 22 अक्टूबर से शुरू हो जायेगा। कार्यकारी मण्डल की बैठक में शामिल होने के लिए 20 अक्टूबर को संघ की कोर कमेटी के सदस्य परखम पहुंच जायेंगे। 21 अक्टूबर को संघ के सभी अखिल भारतीय पदाधिकारी और 22 को क्षेत्रीय और प्रान्तीय पदाधिकारी बैठक स्थल पर पहुंच जायेंगे। 22 अक्टूबर से शुरू हो जायेगी बैठक संघ के शताब्दी वर्ष का शुभारम्भ हो गया है। इसलिए शताब्दी वर्ष के निमित्त समाज जागरण के लिए पंच परिवर्तन के विषय और समाज में सकारात्मक विमर्श निर्माण के विषय पर समग्रता से चर्चा बैठक में होगी। इन्हीं विषयों पर प्रान्तीय पदाधिकारियों के साथ चर्चा के लिए 22 अक्टूबर से ही बैठक प्रारम्भ हो जायेगी। विजयादशमी पर सरसंघचालक डॉ भागवत द्वारा प्रस्तुत विचारों के क्रियान्वय हेतु योजनाओं तथा देश में वर्तमान समय में चल रहे समसामयिक विषयों पर बैठक में व्यापक चर्चा होगी। इसके अलावा वार्षिक योजना की समीक्षा तथा संघ कार्य के विस्तार का वृत्तांत भी लिया जाएगा। बैठक में विशेष कर संघ शताब्दी निमित्त सुनिश्चित संगठनात्मक लक्ष्यों के संबंध में विचार-विमर्श होगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के 20 अक्टूबर के दौरे से पहले वाराणसी में 500 से अधिक होर्डिंग लगाए गए

प्रात: किरण संवाददाता,




वाराणसी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रविवार को वाराणसी दौरे से पहले उनके संसदीय क्षेत्र में 500 से अधिक होर्डिंग लगाए गए हैं।

इनमें से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमन सोनकर द्वारा लगाए गए एक होर्डिंग में मोदी को 10 हाथों के साथ दिखाया गया है, जिनमें से प्रत्येक हाथ स्वच्छ भारत मिशन ,जन धन योजना और मेक इन इंडिया जैसी अलग-अलग सरकारी योजनाओं का प्रतिनिधित्व करता है।

शहर के लंका, चितईपुर और सारनाथ इलाकों में लगाया गया यह होर्डिंग लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

सोनकर ने कहा कि यह होर्डिंग विकास और लोगों के कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

उन्होंने कहा, ह्यह्यभारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया ने अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को युग पुरुष के रूप में स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री मोदी काशी से लगातार सांसद रहे हैं और काशी शिव की नगरी है।

उन पर भगवान शिव का आशीर्वाद है।

सोनकर ने कहा कि देश की जनता और काशी निवासियों को मोदी जैसा प्रतिनिधि मिलने पर गर्व है और यह होर्डिंग उसी प्रेम एवं कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

इस बीच, भाजपा के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत और जम्मू-कश्मीर में इसके बेहतरीन प्रदर्शन से उत्साहित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के स्वागत की व्यापक तैयारियां की हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबतपुर हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब हवाई अड्डे से बाहर आएंगे तो पिंडरा से विधायक अवधेश सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता पुष्प वर्षा करके और ढोल, डमरू एवं शंख बजाकर उनका भव्य स्वागत करेंगे।

पटेल ने बताया कि अजगरा से भाजपा विधायक टी. राम के नेतृत्व में कार्यकर्ता वाजिदपुर तिराहे पर और शिवपुर विधानसभा के कार्यकर्ता अतुलानंद तिराहे पर प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के काशी आगमन से पहले उनके यात्रा मार्ग और प्रमुख चौराहों को पार्टी के झंडों और बैनरों से सजाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के स्वागत और अभिनंदन के लिए 500 से अधिक छोटे-बड़े होर्डिंग लगाए जा रहे हैं।

मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी और देश के अन्य शहरों के लिए नेत्र अस्पताल, हवाई अड्डे एवं छात्रावास समेत 6, 600 करोड़ रुपये से अधिक की 20 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

# मसवासी मे हर्षोल्लास के साथ निकाली गई महर्षि बाल्मीकि की भव्य शोभायात्रा

## वाल्मीकि शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता



मसवासी। नगर मे बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ भगवान बाल्मीकि जी की शोभा यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ नगर पंचायत कार्यालय से विधी विधान व पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्वलित कर नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने फीता काटकर किया। वाल्मीकि समाज द्वारा निकाली गई भव्य वाल्मीकि शोभायात्रा काशीपुर रामपुर मार्ग मुख्य मार्ग से होती हुई मैन मार्केट मसवासी मोहल्ला भूवरा बाल्मीकि बस्ती होते हुए मोहल्ला चाऊपुरा बाल्मीकि मन्दिर होते हुए पुन नगर पंचायत कार्यालय पर आकर संपन्न हुई शोभायात्रा मे रामलक्ष्मण की जोड़ी माता सीता व भगवान महर्षि बाल्मीकि लव कुश की जोड़ी एकलव्य, अंबेडकर की झांकी व अन्य सुन्दर सुन्दर विभिन्न प्रकार की झाकियो के साथ डीजे के धुनपर नृत्य करते चल रहे थे ।साथ ही महर्षि बाल्मीकि के जय कारो के उद्घोष के साथ चल रहे थे राधा कृष्ण की झांकी शिव तथा काली की झांकियो ने अद्भुत नृत्य कर समां बांध दिया जगह जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया इस मौके पर पूर्व भाजपा विधानसभा प्रत्याशी लक्ष्मी सैनी, समाजसेवी पन्नालाल सैनी रोहिताश मौर्य स्वार कोतवाल संदीप त्यागी चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा शोभायात्रा के साथ मय पुलिस बल के साथ चल रहे थे। इस दौरान नगर पंचायत मसवासी के सभासद एव दीप सिंह राही,कैलाश एक लव्य ,सोमपाल, मुकेश, छिददन, राहुल कुमार, दिनेश, अशोक कुमार, दिनेश, सर्वेश कुमार, करन, नितिन चौधरी, अनीता, राजीव रावत जानू चौधरी अनिल राज, अनुज बाल्मीकि आदि काफी संख्या में लोग शामिल रहे ।

# कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का कराया भ्रमण



प्रात: किरण संवाददाता

रामपुर ।नगरपालिका परिषद रामपुर द्वारा नेहरू नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को पहाड़ी गांव स्थित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण कराया गया। इस दौरान जलकल अभियंता ने छात्राओं को मानव मल के दुष्प्रभाव और उसके उचित उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि मानव मल का उचित निपटान और प्रबंधन पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए कितना आवश्यक है, साथ ही इसके उपचार की प्रक्रिया को भी विस्तार से बताया ।अभियंता ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि प्रत्येक गृहस्वामी को अपने सैप्टिक टैंक की सफाई 3 वर्ष के अंतराल पर या आवश्यकता अनुसार करानी चाहिए ताकि मल जल स्त्रोतों में प्रवाहित होकर उन्हें दूषित न करे। इस प्रकार की सफाई से जल प्रदूषण को रोका जा सकता है और स्वच्छता को बनाए रखा जा सकता है, जो जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# सर सय्यद डे पर कांग्रेसी नेता अहसन जमील ने कराया दुआइया प्रोग्राम

प्रात: किरण संवाददाता




स्योहारा ।अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के बानी मरहूम सर सैयद अहमद खां की यौमे ए पैदाइश पर उनको असाले सवाब पहुंचाने के लिए क्षेत्र के जाने माने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रहे मरहूम अनवर जमील के मकान पर जमील बिरादर्स की ओर से कुरान ए पाक की तिलावत करा कर दुआइया प्रोग्राम कराया गया। स्योहारा नगर में 17 अक्टूबर को ये नेक काम हर साल की तरह इस बार भी कराया गया। पूरी दुनिया मे हिंदुस्तान का नाम रौशन करने वाले सैय्यद अहमद खां जिन्हें सर सैय्यद अहमद खां के नाम से जाना जाता है उनकी यौम-ए-पैदाइश 17 अक्टूबर को ह्लसर सय्यद डेह्व रूप में मनाया जाता है। दुआ के बाद उनके मकान पर महमानों के लिये खाने का एहतमाम भी हुआ। सर सैयद अहमद खां की यौमे ए पैदाइश पर अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के साथ-साथ पूरे हिंदुस्तान में इस यूनिवर्सिटी से तालीम हासिल कर रहे छात्र और तालीम हासिल कर चुके व्यक्ति शानदार कल्चरल प्रोग्राम कराते हैं। वहाँ तालीम हासिल करने वाले स्टूडेंड आज के दिन दीनी और आला दर्जे की दुनियावी तालीम दिलाने के लिए की गई खिदमात को लेकर तकरीरों व सेमिनारों का आयोजन करते है इसी को लेकर सर सय्यद अहमद खां की यौम-ए-पैदाइश पर कांग्रेस पार्टी के जुझारू नेता रहे मरहूम अनवर जमील के मकान पर उनके भाई इंजीनियर अरशद जमील, अहसन जमील व अथर जमील, की जानिब से भी दुआइया प्रोग्राम का एहतमाम किया गया। जिसमें मुफ़्ती अकील,मौलाना इम्तयाज मौलाना सईद, मौलाना इसरार, मौलाना फुरकान ने कलाम-ए-पाक की तिलावत की और इमाम-ए-जामा मस्जिद मौलाना इम्तियाज कासमी ने खुसूसी दुआ कराई।

# गाजियाबाद में पूर्व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह की बेटी पर कोठी कब्जाने का आरोप



प्रात: किरण संवाददाता

गाजियाबाद, ।पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह की बेटी योगजा सिंह पर आनंद प्रकाश ने गंभीर आरोप लगाए हैं। गाजियाबाद निवासी हाईटेक इंस्टीट्यूट के चेयरमैन आनंद प्रकाश आनंद प्रकाश का आरोप है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री की बेटी को मकान सं0 आर-2/27, राज नगर, थाना कवि नगर जिला गाजियाबाद को किराए पर दिया गया था। जो कि जुलाई 2014 से किराए पर रह रहे थे। किराये की एवज में 25,000 रू0 प्रति माह अग्रिम 18 माह तक महावार किराया द्वारा बैंकर चेक योगजा सिंह के खाते से भुगतान किया गया। इसके बाद एक लाख रूपया किराया प्रति माह इस शर्त के साथ कि हर 11 महीने बाद 10 प्रतिशत किराये में बढोतरी के साथ तय किया गया था। जनवरी 2017 तक कोई किराया नहीं दिया गया। 14 फरवरी 2017 व 15 फरवरी 2017 को कुल 33,50,000 किराये की मद में मेरे खाते में ट्रांसफर किया गया था। तत्पश्चात सितम्बर 2023 तक फिर कोई किराया अदा नहीं किया गया। बार-बार कहने के बावजूद 12 अक्टूबर 2023 को एक करोड़ रुपए किराया दिया गया। इसके बाद अगस्त 2024 तक कोई किराया नहीं दिया गया। आरोप है कि बार-बार कहने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं की गई और ना मेरे मकान को खाली किया गया। जिस पर मजबूरन मैंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से किराया वसूली एवं मकान खाली कराने हेतु सक्षम न्यायालय में वाद दायर कर नोटिस भिजवा दिया गया। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद बताए हैं।

# भोजपुर पुलिस की बड़ी उपलब्धि अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । गुप्त सूचना के आधार पर गड़हनी थाना अध्यक्ष ने किया छापामारी वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया कि दिनांक-18.10.2024 को समय करीब रात्रि 17:15 बजे अधोहस्ताक्षरी को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि गड़हनी थाना अन्तर्गत ग्राम रमडिहरा में कन्हैया सिंह अपने घर में अवैध हथियार छुपा कर रखे है, जो कोई बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं।

इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त आसूचना का सत्यापन, अपराधकर्मी की गिरफ्तारी एवं अवैध आग्नेयास्त्र की बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष, गड़हनी के नेतृत्व में थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों के साथ एक टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा आसूचना का सत्यापन हेतु ग्राम रमडिहरा कन्हैया सिंह के घर के पास पहुँचा तो एक व्यक्ति घर से बाहर निकलने लगा जिससे नाम पता पुछ-ताछ किया तो उनके द्वारा अपना नाम-कन्हैया सिंह पिता स्व० रामाश्रय सिंह, सा०




रामडिहरा, थाना-गड़हनी, जिला-भोजपुर बताया गया। हथियार से संबंधित पुछ-ताछ करने उनके द्वारा बताया गया कि घर में है। घर का तलाशी लेने पर एक नाली बंदूक-01 बरामद किया गया तथा बंदूक से संबंधित दस्तावेज मांगा गया तो उनके द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया है।इस संबंध में गड़हनी थाना कांड सं0-175/24, दिनांक-18.10.2024 धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्सएक्ट अन्तर्गत दर्ज किया गया।बरामद वस्तुएँ:- इंडियन वन नाली गन-01

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता-कन्हैया सिंह पिता स्व० रामाश्रय सिंह, सा०-रामडिहरा,थाना-गडहनी, जिला-भोजपुर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है

## तरारी विधानसभा उप चुनाव की तैयारी हेतु भाजपा भोजपुर द्वारा पंचायत स्तर पर शक्तिकेन्द्र प्रभारियो का हुआ मनोनयन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे शनिवार को जिला कार्यालय मे एक बैठक की गई। बैठक मे तरारी विधानसभा मे भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई इस दौरान जिलाध्यक्ष द्वारा पंचायत स्तर पर जिला से शक्तिकेन्द्र प्रभारियो का चयन किया गया।जिलाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि तरारी उपचुनाव मे एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित है।भाजपा सहित एनडीए घटक दलो के सभी कार्यकर्ता तरारी मे कमल खिलाने के लिए कमर कस चुंके है। जिला से बूथ तक लगातार



बैठको का दौर जारी है।बहुत जल्द उम्मीदवार का भी घोषणा हो जाएगा। प्रदेश,जिला,मंडल के कार्यकताओं और नेताओं का प्रवास शक्तिकेन्द्रों पर सुनिश्चित किया गया है इसके लिए तरारी विधानसभा के सभी शक्तिकेन्द्रों पर प्रभारी बनाया गया है।कल पीरो मे शक्तिकेन्द्र का बैठक हैगा,जिसमें प्रदेश के प्रमुख नेतागण शामिल होंगे।

वहीं भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा संगठन पर्व के लिए शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा को प्रदेश चुनाव अधिकारी एवं श्रीमती सजल झा,त्रिविक्रम सिंह और सिद्धार्थ शंभु को प्रदेश सह चुनाव अधिकारी बनाने पर खुशी व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी गई।बैठक मे जिलाध्यक्ष सहित जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह,उदय प्रताप सिंह,सतीश भट्ट,वंदना राजवंशी,जिला महामंत्री पुनम कुशवाहा,जिला मंत्री राजकुमार कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुर्वेदी, सूर्यकांत पाडेय,ज्योति प्रकाश कुशवाहा, मीडिया प्रमुख सज़य कुमार सहि शामिल थे।

## एसीएमओ भोजपुर डॉ केएन सिन्हा की अध्यक्षता में सेमिनार का हुआ आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा:एक स्थानीय होटल के सभागार में विटामिन बी 12( साइनोकोबालामिन) के बारे में चर्चा हुई। इसकी अध्यक्षता एसीएमओ भोजपुर डॉ के एन सिन्हा ने की। इस मेडिकल सेमिनार में उपस्थित थे, सीनियर सर्जन चिकित्सक डॉ एसपी श्रीवास्तव ,पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ मधुकरप्रकाश, डॉ के एन सिंह, डॉक्टर ए अहमद, सर्जन डॉ विजय गुप्ता, ओमप्रकाश जी रमेश कुमार बर्मन आदि। इस सेमिनार में विटामिन बी12 (साइनोकोबालामिन) के बारे में विस्तृत चर्चा हुई ।यह विटामिन पूरे शरीर के नस के लिए बहुत ही उपयोगी है, खासकर दिमाग के नस और शरीर के बाहरी नसों के लिए भी। इसकी कमी से हाथ पैर में झिनझिनी ,सूनापन या कमजोरी हो जाता है । दिमाग की भी कई तरह की बीमारियां होती है। स्मरण शक्ति, कार्य करने की शक्ति में काफी कमी हो जाती है। और कई तरह के दिमागी बीमारी ,डिमेंशिया सेनाइल ब्रेन एट्रॉफी, अल्जाइमरह, पेरिफेरल न्यूरोपैथी आदि। यह विटामिन बी 12 कई माध्यम से उपयोग किया जाता है। जैसे टैबलेट के रूप में , इंजेक्शन के रूप में ।और एक नया विधि आया है, जिसमें नाक में इस दवा का स्प्रे किया जाता है। जिससे बहुत जल्दी ही विटामिन का लेवल बढ़ता है और अपना काम अच्छे ढंग से करता है।

# शिक्षिका सम्मान समारोह आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




परसा। प्राथमिक विद्यालय परसा मथुरा के सहायक शिक्षिका स राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षिका का सम्मान समारोह का आयोज किया गया प्राचार्य बबिता कुमारी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता बिपिन कुमार यादव तथा संचालन पारस नाथ पासवान द्वारा किया गया।प्राचार्य बबिता कुमारी,उपेन्द्र प्रसाद,अवधेश मिश्रा,बिपिन कुमार यादव,आशीष कुमार,पारसनाथ पासवान,अरविंद सिंह,वार्ड पार्षद पूजा कुमारी,सचिव गुड़िया देवी,अली हसन,अशोक कुमार,डिम्पल कुमारी,किरण कुमारी,आलोक कुमार अरविंद कुमार द्वारा शिक्षिका को फूलमाला,अंग वस्त्र से सम्मानित कर उज्वल भविष्य की कामना किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीईओ युगल किशोर ने कहा कि राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित विद्यालय की शिक्षिका संजू कुमारी सरोज की शिक्षा, छात्र तथा शोशल गतिविधि में जिम्मेवारी के साथ कार्य निष्पादन करने के बदौलत शिक्षक दिवस पर सम्मानित होकर परसा समेत जिले का नाम रौशन की है।जो परसा के शिक्षा जगत के लिए गौरव की बात है।उन्होंने संजू कुमारी सरोज की कार्य की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया तथा आगे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षिका संजू कुमारी सरोज ने राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित होने का श्रेय बीईओ युगल किशोर,विद्यालय का प्रचार्य बबिता कुमारी समेत सहायक शिक्षकों को दिया।

## बड़का डुमरा के समिप धारा पुल का होगा नव निर्माण :धनंजय

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । आरा सदर पुर्वी-25 के जिला पार्षद सह प्रदेश उपाध्यक्ष , युवा राजद धनंजय यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये कहा कि बडका डुमरा के समिप धारा पुल के नव निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है ।लंबे समय से किये जा रहे सतत और अथक प्रयास से अगले वित्तिय वर्ष में ग्रामिणों को न्ये पुल का सौगात मिलनें जा रहा है ।अनेकों बार लगातार जिला परिषद की बैठकों में लगातार सवाल किये जानें और ध्यान आकृष्ट करानें से पुर्व उप विकास आयुक्त भोजपुर श्री विरेंद्र विरकर जी के अतुलनीय और सराहनीय सहयोग से इसका नव निर्माण होना संभव हो पाया है ।

इस पुल के बन जानें से सिंगही, शोभी डुमरा, मखदुमपुर , बडका डुमरा , भेल डुमरा , निर्मलपुर, सारंगपुर ,महुली पीरौंटा समेत आरा -सिन्हा रोड, आरा-केशवपुर रोड , आरा -सलेमपुर रोड के किनारे स्थित दर्जनों गांवों के ग्रामिणों के लिये सुरक्षित आवागमन और यातायात की सुविधा बहाल होगी ।

साथ ही साथ उन्होनें बताया कि आरा प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न गांवों को न्यी सड़कों से भी जोड़नें का कार्य अगले वित्तिय वर्ष में किया जायेगा ।

हसनपुरा और पिपरहियां को जमिरा से , भुसहुला और गोठहुला को कारवां से , शुभकरणगंज को धुधुआं से , आरा-गुण्डी -पैगा पथ से बलुआं , बसंतपुर और महकमपुर बारा को , लक्षणपुर से चांदी को , बडका डुमरा और मखदुमपुर को आरा -सिन्हा रोड के साथ जोड़ने का कार्य किया जायेगा । इसके लिये बहुत जल्द ही अगले सप्ताह विभागीय सर्वेक्षण का कार्य पुर्ण कर लिया जायेगा । जिला पार्षद नें कहा कि क्षेत्र और प्रखंड के विकास के लिये वह संकल्पित हैं और विकास कार्यों मे स्थानीय ग्रामिणों विशेषकर नौजवानों से सहयोग करनें की अपिल किया ।

### विद्युत विभाग ने लगाया 7.04 लाख रुपए का जुमार्ना

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ(रोहतास) : दावथ प्रखंड सूर्यपुरा अंतर्गत कनीय विद्युत अभियंता सूर्यपुरा आनंद कुमार के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया गया । जांच दल द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर छह पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है । बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है । परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किए अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं । इसी बीच ग्राम बारुण ताड़ के उपभोक्ताओं के बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर असरफी देवी पर 88 हजार 389, मनोज कुमार 1 लाख 54 हजार 553, संतोष सिंह 94 हजार 578, सोनू कुमार 1 लाख 47 हजार 079, अनिल कुमार सिंह 1 लाख 38 हजार 850 एवं वीरू सिंह पर 81 हजार 270 रुपए दंडित राशि लगायी गयी है । कनीय विद्युत अभियंता सूर्यपुरा आनंद कुमार द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है । वह अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें ।

## संबद्ध महाविद्यालय के शिक्षकों की भागीदारी सीनेट चुनाव का तय करेगी प्रारूप : डॉ. बिनोद



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) आगामी सीनेट सदस्य चुनाव को लेकर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा में संबद्ध महाविद्यालय के शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित के लिए विश्वविद्यालय कुलपति को मांग पत्र सौंपा। इस संदर्भ में संबद्ध महाविद्यालय प्रधानाचार्य एसोसिएशन के महासचिव सह इन्दु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय,बिक्रमगंज प्रधानाचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह एवं डॉ. अशोक कुमार सिंह, रोहतास अध्यक्ष सह प्रधानाचार्य

आर एस कॉलेज,तिलौथु के एसोसिएशन माध्यम से सामुहिक रूप से कुलपति से सीनेट सदस्य के चुनाव की मांग किया। इस संबंध में उन्होंने सभी महाविद्यालयों के शिक्षको की सहभागिता सुनिश्चित पर विशेष चर्चा किया। साथ ही डॉ. बिनोद ने बताया कि बिहार के ही बी आर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर में विगत माह में ही सीनेट चुनाव संपन्न हुआ है। जिसमें संबद्ध महाविद्यालय से तीन सदस्य निर्वाचित हुए है। जिनमें एक ओबीसी एवं दो सामान्य कोटि का पद निर्धारित है। जिस पर संबंद्ध महाविद्यालय के शिक्षक निर्वाचित हुए हैं। वही वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा से भी विश्वविद्यालय के ज्ञापांक 805 दिनांक 8.6.2023 के द्वारा सभी संबद्ध महाविद्यालय से सीनेट चुनाव हेतु शिक्षकों की सूची मांगी गई थी। जिसे सभी संबद्ध महाविद्यालयों ने समय से शिक्षकों की सूची विश्वविद्यालय में जमा कर दिया है। लेकिन अभी हाल में विश्वविद्यालय सीनेट चुनाव हेतु नोडल अधिकारी के पत्रांक 978/ 9.10.2024 के निर्गत पत्र में सिर्फ अंगीभूत महाविद्यालय एवं स्नातकोत्तर विभाग से ही शिक्षको की सूची मांगी गई है। जो संबंद्ध महाविद्यालय के साथ सौतेले व्यवहार को दशार्ता है। साथ ही संबद्ध महाविद्यालयों में हजारों की संख्या में वैसे शिक्षक कार्यरत है। जो राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय से स्वीकृत पद पर कॉलेज सेवा आयोग या विश्वविद्यालय चयन समिति से चयनित नियमित तथा स्वीकृत पद पर कार्यरत शिक्षक है। ज्ञात हो कि यही शिक्षक बिहार विधान परिषद चुनाव में शिक्षक निर्वाचन में मतदाता सम्मिलित होते है जो विधानपार्षद चुनते हैं। दूसरी तरफ अपनी व्याख्यान में डॉ. बिनोद ने बताया कि एक ही राज्य के दो विश्वविद्यालय में अलग-अलग पैमाना कैसे हो सकता है जो सोचनीय विषय है।

जबकि अनुभवी तथा संबद्ध महाविद्यालय शिक्षकों के हीतैषी कुलपति से अनुरोध किया है कि पूर्व में जमा शिक्षक सूची से ही या पुनः संबद्ध महाविद्यालय से सीनेट चुनाव हेतु शिक्षकों की सूची मांग कर उसे शिक्षक मतदाता सूची में शामिल किया जाएं। क्योंकि विश्वविद्यालय में पढ़ाएं जाने वाले छात्रों में 70 प्रतिशत छात्र छात्राएं संबद्ध महाविद्यालय में पढ़ाई करते हैं, ताकि संबद्ध महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षको का आवाज विश्वविद्यालय सीनेट में उठाते हुए उनके भविष्य की रक्षा हो सके।

### कटाव रोकने के लिए समाधान करें प्रशासन : भीम यादव



प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा विधानसभा के आरा सदर प्रखंड अंतर्गत ईजरी ( सलेमपुर ) पंचायत के ग्राम मनी राय के टोला पर गंगा नदी में हो रहे कटाव का निरीक्षण जिला पार्षद भीम यादव ने किया । निरीक्षण के बाद जिला पार्षद भीम यादव के नेतृत्व में सात सदस्यीय शिष्टमंडल सदर अनुमंडल पदाधिकारी स्मिता सिन्हा से मिलकर कटाव को रोकने का स्थायी समाधान एवं प्रबंधन से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिला पार्षद भीम यादव ने मांग किया की सरकार और जिला प्रशासन मनी राय के टोला पर हो रहे कटाव पर गंभीरतापूर्वक विचार नही करेगा तो जवईनियां जैसा दृश्य देखने को मिलेगा। इसलिए इसके स्थायी समाधान एवं उचित प्रबंधन के लिए कटाव निरोधक कार्य के तहत बॉस के जियो बैग एवं बोल्ड़र की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था किया जाना अति आवश्यक हैं साथ ही विस्थापित हो रहे ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने की मांग की। शिष्टमंडल में राजद अतिपिछड़ा सेल के जिलाध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, जिला पार्षद रविन्द्र रजक, जिला पार्षद प्रतिनिधि रामशुभग बिंद, हरीफन यादव , पूर्व मुखिया योगेन्द्र यादव, श्रवण कुमार थे ।

### उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री ने किया सपरिवार अयोध्या का दर्शन

गया, कसया : कसया उत्तर प्रदेश के निवासी डी के रौनीयार एवं भारत का मान सम्मान बढ़ाने वाले कृषि मंत्री की कृपा से राजीव गुप्ता अपने परिवार के साथ सालों से अयोध्या का दर्शन करने की सोच रहे थे। उन्होंने कहा की जब भगवान श्री राम की भुमी पुजन हो जाएगी तो भगवान श्री राम का दर्शन करुगा लेकिन कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण धीरज रौनीयार ने पुर्वांचल उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री के सहयोग और प्रयास से भगवान श्री राम का दर्शन कर पाए भारत से बाहर रहने वाले लोग ने जिससे पुरे भारत के साथ साथ विदेशों में कृषि मंत्री सुर्य प्रताप शाही की प्रशंसा किया और गुणगान किया ।आगे भी सहयोग प्राप्त होगा यह कहना धीरज रौनीयार कसया ने की है।

### अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर साथ चालक गिरफ्तार

कराकाट (रोहतास) : काराकाट पुलिस ने शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र अंतर्गत मूंजी रोड़ से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है । मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को भी गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार चालक की पहचान भोजपुर जिला अंतर्गत ईमादपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी विनय पासवान के 22 वर्षीय पुत्र विजेंद्र पासवान के रूप में की गयी । काराकाट थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि मूंजी गांव के समीप से शुक्रवार की रात करीब नौ बजे एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक को भी हिरासत में लिया गया । उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर मालिक व चालक विजेंद्र पासवान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं । गिरफ्तार ट्रैक्टर चालक को शनिवार को जेल भेज दिया गया । साथ ही बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस की निगरानी में रखा गया हैं ।

### पूर्व शराब कांड के मामले में चार अभियुक्त गिरफ्तार

बिक्रमगंज( ,रोहतास) : सूर्यपुरा एवं नटवार पुलिस ने अलग-अलग गांवों से पूर्व शराब कांड के मामले में चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । सूर्यपुरा थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के कोसंदा निवासी जयशंकर सिंह एवं मिल्टन सिंह को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय थाना में पूर्व शराब कांड का मामला दर्ज था । तो वहीं दूसरी ओर नटवार पुलिस ने भी पूर्व शराब कांड के मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है । थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के नटवार बंगला निवासी चुलबुल राम एवं रामगढ़ टोला निवासी राम पुकार मुसहर को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । दोनों थाना के थानाध्यक्षों ने बताया कि गिरफ्तार सभी चारों अभियुक्तों को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### पूर्व मारपीट एवं आर्म्स एक्ट का एक अभियुक्त गिरफ्तार

नासरीगंज(रोहतास) : पुलिस ने पूर्व मारपीट एवं आर्म्स एक्ट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । नासरीगंज प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 14 हरिहरगंज निवासी बिरजू कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 183/24 के आलोक में पूर्व मारपीट एवं आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज था।

### पुलिस द्वारा शराब सेवन में एक आरोपी को भेजा गया जेल

राजपुर(रोहतास) : शराब सेवन करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जांच के उपरांत जेल भेज दिया । राजपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि पकड़ी निवासी सुरेंद्र राम शराब के नशे में धुत होकर हो-हल्ला कर रहा था । पुलिस को सूचना मिलते ही उक्त स्थल पर पहुंच शराब के नशे में धुत होकर हो-हल्ला करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया । तत्पश्चात थाना लाकर मामले की जांच की गई । जांच के उपरांत मामले की सत्यता पाई गई । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### पूर्व कांड में दो आरोपी गिरफ्तार

नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के भवाडिहरी गांव से पूर्व केस कांड में फरार चल रहे दो व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी व्यक्ति में सरदार राम, मुंशी राम को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि पूर्व प्राथमिकी कांड में फरार चल रहे दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने मोटर चोरी के एक आरोपी को किया गिरफ्तार

काराकाट ( रोहतास ) : काराकाटपुलिस ने मोटर चोरी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । काराकाट थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि बक्सर जिला अंतर्गत नावानगर थाना क्षेत्र के केसठ चौगाई निवासी बाघा मुसहर के 35 वर्षीय पुत्र सुगा मुसहर को थाना क्षेत्र के बाद गांव जाने वाले सड़क पर स्थित गोदाम के समीप से मोटर चोरी करते हुए गिरफ्तार किया गया है । बताया कि स्थानीय थाना में कांड संख्या 537/24 दर्ज है।

## बिल सुधार व स्मार्ट प्रीपेड मीटर संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु किया गया विशेष शिविर का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज के अंतर्गत सभी प्रशाखा मे विद्युत विपत्र सुधार एवं स्मार्ट प्रीपेड मीटर से सम्बंधित प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर मे मुख्यतः गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से संबंधित विद्युत विपत्र सुधार कराने हेतु उपभोक्ता पहुंचे। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि कुछ उपभोक्ताओं का बिजली बिल ऑनस्पॉट सुधार कर दिया गया, जिनके विपत्र में ऑनस्पॉट सुधार संभव नहीं थे उनका आवेदन पत्र ले लिया गया तथा सात कार्यदिवस में सुधार कर दिया जाएगा। उक्त शिविर मे उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर क सन्दर्भ मे प्रकाश डालते हुए बताया गया की स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किसी भी भ्रान्ति का शिकार न हो। स्मार्ट मीटर एवं नॉर्मल मीटर दोनों एक जैसा है। खबर लिखने तक विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे कैंप स्थल पर ही 11 आवेदनों का निष्पादन कर दी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज के द्वारा आगे बताया गया की कुल प्राप्त आवेदनों मे प्रशाखा बिक्रमगंज मे 3, दिनारा मे 7, दावथ मे 4, सूर्यपुरा मे 9 एवं संझौली मे 6 आवेदन आये। विद्युत विपत्र सुधार कैंप मे खराब मीटर वाले उपभोक्ता के परिसर का मीटर भी बदला जा रहा है एवं इच्छुक उपभोक्ताओं द्वारा अपना बकाया राशि भी जमा किया गया। विद्युत विपत्र सुधार शिविर में जेई संझौली प्रमुदित रक्त पटेल, जेई बिक्रमगंज नवदीप गोयल, जेई सूर्यपुरा आनंद कुमार, जेई दावथ अर्जुन कुमार, लाइनमैन अविनाश कुमार, कार्यपालक सहायक आदिल खान के साथ साथ मानवबल आदि उपस्थित थे।

# करीब 40 घंटे तक अनवरत चलती रही शोभायात्रा सह अखाड़ा रुपी जुलूस

प्रातः किरण संवाददाता

रिविलगंज । धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक दशहरा विसर्जन मेला भक्तिमय वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से शनिवार की देर संध्या तक चलता रहा। सभी प्रतिमाओं को शनिवार की देर रात्रि तक सेमरिया स्थित श्रीनाथ बाबा मंदिर सरयू नदी घाट पर विसर्जित किया जाएगा। शुक्रवार को पूजा अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी अखाड़े और पूजा स्थलों से हनुमानजी,मां दुर्गा जी आदि देवी देवताओं की प्रतिमाओं को नगर भ्रमण के बाद देर रात गौतम ऋषि मंदिर, गोदना मोड़ पहुंची और शनिवार की अहले सुबह गौतम ऋषि मंदिर से अखाड़े को क्रमवार तरीके से करकर विशाल शोभा यात्रा के साथ निकली प्रतिमाओं को एन एच 19 से गोदना,रिविलगंज बाजार, हाईस्कूल चौक,थाना, नगर पंचायत कार्यालय, पहिया होते हुए सेमरिया श्रीनाथ बाबा मंदिर सरयू नदी घाट पर देर रात को पहुंच कर प्रतिमाओं को सरयू नदी में विसर्जित किया जाएगा। सामाचार प्रेषण तक दशहरा विसर्जन शोभायात्रा चल रहा है।



### पांच किलोमीटर लंबी शोभायात्रा करीब चालीस घंटों तक चलता रहा

चालीस घंटों तक लगातार चली दशहरा विसर्जन शोभायात्रा में श्रद्धालु हथियारों के साथ प्रदर्शन करते रहे तथा नर्तकियों के नृत्य एवं संगीत का आनंद उठाते रहे ।बैंड बाजा,ढ़ोलतासा, ऊंटों, रंग-बिरंगे महावीरी झंडा और भक्ति मय वातावरण में जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल थे। लगभग एक दर्जन अखाड़े की प्रतिमाओं के साथ चलंत स्टेज पर आर्केस्ट्रा में नर्तकियां नृत्य करती रही ।हालांकि सभी अखाड़ा में पुलिस जवान मुस्तैद थे जो अपनी ड्यूटी के साथ साथ आर्केस्ट्रा का आनंद उठाते रहे ।प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर फोर्स की तैनाती अवश्य की गई थी ।

शोभायात्रा के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं एवं मेलार्थियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया था ।भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जिला मुख्यालय से वरीय अधिकारी भी थाना परिसर के कंट्रोल रूम में बैठे हुए थे ।रिविलगंज की धार्मिक एवं ऐतिहासिक दशहरा विसर्जन शोभायात्रा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

### जनता दरबार में एक मामले का हुआ निपटारा

इसुआपुर । स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें एक मामले का निपटारा कर दिया गया ।मामला लौवां गांव के राजेश साह तथा धनंजय साह के बीच था। वर्षों से लंबित जमीनी विवाद को सुलझा लिया गया। वही दूसरा मामला टेढ़ा गांव के गुड्डू सिंह तथा चंद्रमा सिंह के बीच कागजात की कमी के चलते नहीं सुलझाया जा सका।

## मां काली मंदिर जीर्णोद्धार सह शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

■ महापौर इंदू देवी ने फीता काट कर महायज्ञ का किया शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। शहर के वार्ड नंबर-40 जवाहर टोला मुहल्ला स्थित मां काली मंदिर जीर्णोद्धार सह शतचंडी महायज्ञ का शनिवार को शुभारंभ हुआ। आरा की महापौर इंदु देवी ने फीता काटकर महायज्ञ का उद्घाटन किया। महायज्ञ शुरू होते ही माहौल भक्तिमय हो गया। लोग यज्ञशाला में फेरी लगाने के लिए उमडे. रहे। काफी संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने यज्ञशाला में फेरी लगाया। भक्तिपूर्ण गीत गुंजायमान हो



गया। इस मौके पर इंदू देवी ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से लोगों को अपनी सनातन संस्कृति को जानने का अवसर मिलता है। लोगो में धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। हवन की खुशबू से वातावरण शुद्ध होता है। लोगों में सुविचार की भावना उत्पन्न होती है। यज्ञ को सफल बनाने में वार्ड नंबर-40 के पार्षद राजीव कुमार उर्फ गुड्डू, मुन्ना जी, विशाल, विराज, दीपक, प्रिया, रोहित कुमार, विकास कुमार, नीतीश कुमार, अविनाश कुमार, संजय कुमार, कुंदन कुमार, गोपाल कुमार आदि कई सक्रिय दिखे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, रविवार, 20 अक्टूबर, 2024





## 'पठान' और 'जवान' के बाद अब 'किलर' बनने जा रहे शाहरुख खान!

बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान ने पिछले साल 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' जैसी लगातार हिट फिल्में दी। इन फिल्मों ने सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और सराहना प्राप्त की। अभिनेता हमेशा अपने अभिनय और फिल्मों के चयन से दर्शकों और प्रशंसकों को चौंका देते हैं। वह हमेशा नयेपन की तलाश में रहते हैं। शाहरुख खान ने वादा किया है कि वे अपने परियोजनाओं के चयन से अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित करेंगे। फिलहाल वह सुजॉय घोष की किंग पर काम कर रहे हैं।

### किरदार पर विश्वास दिलाना चाहते हैं किंग खान

हाल ही में अभिनेता ने बताया कि वह किस तरह की भूमिकाएं निभाना पसंद करेंगे। लोकार्नो मीट्स पॉडकास्ट पर शाहरुख खान ने अभिनय के प्रति अपने दृष्टिकोण पर चर्चा की और कहा कि उनका काम दर्शकों को किरदार पर विश्वास दिलाना है, ना कि खुद उस पर विश्वास करना।

### भावनाओं को व्यक्त करने पर देते हैं जोर

अभिनेता ने बातचीत के दौरान इस बात पर जोर दिया कि भावनात्मक दृश्य करने के बाद वह कई दिनों तक उस पर ध्यान नहीं देते हैं। इसके बजाय, वह इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि क्या उन्होंने भावनाओं को सफलतापूर्वक व्यक्त किया है और दर्शकों को इससे जोड़ा है।

### खलनायक की भूमिका निभाना चाहते हैं शाहरुख

शाहरुख ने अलग- अलग तरह की भूमिकाएं और चरित्र निभाने की इच्छा जाहिर की और इस बात पर जोर दिया कि वह स्टीरियोटाइप तक सीमित महसूस नहीं करते हैं। वह नायकों को बड़े पैमाने पर चित्रित करना पसंद करते हैं, लेकिन अपने अभिनय में नए रास्ते तलाशने के लिए उत्सुक हैं। हाल ही में, उन्होंने खलनायक की भूमिका निभाने की भी इच्छा जताई, उनका मानना है कि उनके पास भूमिका के लिए एक नया दृष्टिकोण है। पिछले साल एक्शन सीक्वेंस के साथ प्रयोग करने के बाद, अब वह एक हत्यारे की भूमिका निभाना चाहते हैं। हर दिन उनके मन में नए विचार आते हैं, जिन्हें वह निभाना चाहते हैं।



# शाहरुख के साथ काम करके फायदा नहीं मिला

**श्रिया पिलगांवकर को अपने करियर की शुरुआत में शाहरुख खान के साथ काम करने का मौका मिला। उनके अनुसार, यदि फिल्म फैन सुपरहिट होती, तो लोगों की प्रतिक्रिया उनके लिए अलग होती। हाल ही में बातचीत के दौरान, एक्ट्रेस ने अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की।**

**आपको करियर की शुरुआत में शाहरुख खान के साथ काम करने का मौका मिला, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही। आप इस अनुभव को कैसे लेती हैं?**

असल में, जब ऑडिशन्स के बाद ये तय हुआ कि मुझे फैन में रोल मिल रहा है, तो मैं जानती थी कि ये कोई टिपिकल हीरो-हीरोइन वाली फिल्म नहीं है। उस समय ये एक अलग तरह की फिल्म थी। मुझे पता था कि मेरा स्क्रीन टाइम ज्यादा नहीं होगा, लेकिन मैं शाहरुख सर के साथ काम करने को लेकर बहुत खुश थी। कुछ नए एक्सपेरिमेंट किए जा रहे थे, और मुझे ये मौका बहुत अच्छा लगा। अगर कोई और होता मेरी जगह, तो शायद वो सोचते कि उन्हें बड़ा लॉन्च चाहिए, जिसमें प्रमोशन में भी शामिल हों। मैं इसे समझती हूं। मुझे केवल इस फिल्म का हिस्सा बनना अच्छा लगा।

**फिल्म के रिलीज के बाद इंडस्ट्री के लोगों की तरफ से कैसा रिएक्शन था?**

फिल्म के बाद कई जर्नलिस्ट्स ने मुझे फोन किया और कहा कि उन्हें मेरा किरदार पसंद आया। इससे मुझे अच्छा लगा कि मेरी मेहनत को सराहा गया। हालांकि, ये सच है कि अगर फिल्म सुपर हिट होती, तो लोगों की प्रतिक्रिया अलग होती। शायद मैं कहीं ना कहीं मानसिक रूप से तैयार थी, क्योंकि उस समय सोशल मीडिया का असर आज के मुकाबले कम था। मेरे पास उस समय कोई स्ट्रैटेजिक या टैलेंट एजेंसी नहीं थी, जो मुझे गाइड कर सके।

फिर मैंने ऑडिशन देना शुरू किया और लोगों से मिलने लगी। कुछ फिल्में आईं, लेकिन वो आगे नहीं बढ़ीं। फिर मैंने सुना कि मिर्जापुर नाम की एक नई सीरीज आ रही है, और मैंने उसके लिए ऑडिशन दिया, जो मेरे लिए एक बड़ा बदलाव साबित हुआ।

**क्या आपके पेरेंट्स, सचिन और सुप्रिया पिलगांवकर, के नाम के चलते किरदार चुनने में दबाव महसूस होता है? क्या कभी आप असहज होती हैं, जैसे बोल्ड सीन में?**

मुझे सच में कभी किसी ने नहीं कहा कि ये मत करो या वो मत करो। मेरे पेरेंट्स ने हमेशा मुझ पर विश्वास किया है। जब रोमांस या पैशनेट सीन की बात आती है, तो यह महत्वपूर्ण होता है कि हम समझें कि उसका इरादा क्या है। स्क्रिप्ट पढ़ने पर और उसके ट्रीटमेंट से पता चलता है कि उस सीन का मकसद क्या है। ऑडियंस को भी समझ में आता है कि ये किसलिए किया गया है। इसलिए, मैं भी उसी नजरिए से उन सीन को देखती हूं।

**आप अपनी रिलेशनशिप के बारे में क्या कहना चाहेंगी?**

मैं इस समय सिंगल हूं और इस बार सच में झूठ नहीं बोल रही। देखिए, मेरे लिए कनेक्शन बहुत मायने रखता है। यह इमोशनल, स्पिरिचुअल और फिजिकल होना चाहिए। सभी तीनों का सही तालमेल होना जरूरी है। मुझे ऐसा पार्टनर चाहिए जो खुद में कंफर्टेबल हो और अपनी सफलता को लेकर इनसिक्योर न हो। मेरे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि मेरा पार्टनर एनर्जी देने वाला हो, न कि एनर्जी लेने वाला और रिस्पेक्ट तो होना ही चाहिए।



## मिस इंडिया निकिता पोरवाल की पहली डेब्यू फिल्म चंबल पार जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी

मिस इंडिया 2024 का खिताब जीतने वाली निकिता पोरवाल की पहली डेब्यू फिल्म चंबल पार जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की शूटिंग धौलपुर के चंबल और नदी किनारे बसे गांवों में की गई है। फिल्म के दौरान निकिता पोरवाल को देहाती और सरल लुक में देखा गया, जिसने दर्शकों को खासा प्रभावित किया है। यह फिल्म सामाजिक रीति-रिवाजों और संस्कृति के हो रहे दोहन पर आधारित है और निकिता के अभिनय के साथ, यह फिल्म उनके मिस इंडिया से लेकर बॉलीवुड तक के सफर की एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गई है।

### चंबल की संस्कृति से निकिता की प्रेरणा

शूटिंग के दौरान, निकिता पोरवाल को देहाती संस्कृति से काफी लगाव हुआ। उनका कहना है कि चंबल के गांवों की सादगी और वहां के रीति-रिवाजों ने उन्हें बहुत प्रभावित किया। मिस इंडिया का खिताब जीतने के बाद अब निकिता का सपना है कि वे बॉलीवुड के नामी निर्देशक संजय लीला भंसाली की हीरोइन बनें।

2 घंटे 15 मिनट की यह फीचर फिल्म चंबल पार सामाजिक रीति-रिवाजों और संस्कृति के हो रहे दोहन की गंभीर समस्या पर ध्यान केंद्रित करती है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसे दर्शकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। फिल्म के निर्माता और निर्देशक संजीव राज सिंह परमार और देवेंद्र सिंह परमार हैं, और उन्होंने फिल्म को वास्तविकता के करीब रखने के लिए धौलपुर के ग्रामीण इलाकों में फिल्माया है।

### फिल्म में चंबल के गांवों की जीवनशैली दिखेगी

फिल्म के निर्देशक संजीव राज सिंह परमार ने कहा, हमारी फिल्म में चंबल क्षेत्र के गांवों की जीवनशैली और वहां के लोगों की समस्याओं को दिखाने का प्रयास किया गया है। निकिता पोरवाल ने अपने किरदार के साथ न्याय किया है और उनके प्रदर्शन से दर्शक प्रभावित होंगे। फिल्म के अंत में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया है, जो समाज के लिए जरूरी है।

### साल के अंत में रिलीज होगी फिल्म

फिल्म चंबल पार साल 2024 के अंत में रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज को लेकर निकिता और पूरी टीम काफी उत्साहित है, और उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म निकिता के करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। निकिता पोरवाल का मिस इंडिया 2024 का खिताब जीतना और साथ ही बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म का रिलीज होना, उनके प्रशंसकों के लिए दोहरी खुशी लेकर आया है।



## अपने बेटे की करीबी दोस्त भी हूं

मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह अपने बेटे अरहान खान का पालन पोषण अपने पूर्व पति अरबाज खान के साथ मिलकर करती हैं। मलाइका को अक्सर अपने बेटे के साथ बाहर घूमते-फिरते देखा जाता है।

हाल ही में अभिनेत्री ने एक पॉडकास्ट में अपने बेटे के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलासा किया। अभिनेत्री ने बातचीत में कहा, एक मां के रूप में, मैं थोड़ी सख्त हूं, लेकिन अपने बेटे की करीबी दोस्त भी हूं। अभिनेत्री ने कहा उनकी यह प्राथमिकता रहती है कि उनका बेटा उनके साथ सहज महसूस करे।

## 'भूल भुलैया 3' में 'मंजुलिका' बनीं माधुरी दीक्षित



अनीस बज्मी की हॉरर-कॉमेडी भूल भुलैया 3 साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माता सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट साझा कर रहे हैं। इस बीच विद्या बालन ने माधुरी दीक्षित के साथ धमाकेदार मुकाबले की एक रोमांचक क्लिप जारी की है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कई टीजर और ट्रेलर जारी करने के बाद शुक्रवार को टी-सीरीज ने भी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नया टीजर जारी किया, जिस पर लिखा है 'इस दिवाली, रूह बाबा बनाम मंजुलिका देखने के लिए तैयार हो जाइए! 'भूल भुलैया-3' का ट्रेलर आउट।' वीडियो की शुरुआत कार्तिक आर्यन की कमेंट्री से होती है, जिसमें वो कहते हैं कि केवल मूर्ख ही भूतों से डरते हैं। उसी समय माधुरी दीक्षित मंजुलिका के रूप में चिल्लाती सामने आती हैं और कहती हैं 'आप तो डर गए'। इसके बाद कार्तिक का किरदार रूह बाबा विद्या से कहता है 'मंजू, मैं तुम्हारे लिए आ रहा हूं'। इस बीच कार्तिक और विद्या लोकप्रिय गेम शो कौन बनेगा करोड़पति 16 पर फिल्म का प्रचार करते नजर आएंगे। उनका एपिसोड आज (शुक्रवार) प्रसारित होगा। एपिसोड के कई प्रोमो पहले ही जारी किए जा चुके हैं, जिसे लेकर प्रशंसक उत्साहित हैं और बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अनीस बज्मी की आगामी फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, संजय मिश्रा, तृप्ति डिमरी और राजपाल यादव, संजय मिश्रा समेत अन्य कलाकार अहम रोल में हैं। फिल्म का ट्रेलर 17 अक्टूबर को जयपुर में लॉन्च किया गया था। यह भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है। फिल्म 1 नवंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है।



## इम्तियाज अली ने की दीपिका पादुकोण की तारीफ

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को लेकर निर्देशक इम्तियाज अली ने लव आज कल और तमाशा फिल्म में काम किया था। इम्तियाज अली ने अब दीपिका पादुकोण को लेकर खुलकर बात की है। इम्तियाज अली ने दीपिका पादुकोण के साथ काम करना सबसे आसान बताया है। उन्होंने बताया कि दीपिका अपने अन्य सह कलाकारों की तुलना में सेट पर जल्दी तैयार हो जाती थीं।

### दीपिका के साथ काम करना बहुत आसान है

हाल ही में एक बातचीत के दौरान इम्तियाज अली ने बताया कि दीपिका बहुत ही शानदार अभिनेत्री हैं। वह सेट पर उनके साथ बहुत ही सहज महसूस करते थे। इम्तियाज अली ने कहा, दीपिका के साथ काम करना बहुत आसान है, वह अपने सह कलाकारों की तुलना में बहुत जल्दी तैयार भी हो जाती हैं।

### मेहनती हैं दीपिका पादुकोण

इम्तियाज अली ने कहा इंडस्ट्री में वह सभी महिला अभिनेत्रियों की तुलना में कठिन परिश्रम के साथ काम करती हैं। इम्तियाज ने कहा, मैं उन सभी अभिनेत्रियों की बात कर रहा हूं, जो अपने आप को बहुत ही ग्लैमरस बताती हैं। निर्देशक ने बताया कि दीपिका अपने सह-कलाकारों के साथ ही सेट पर सबसे पहले पहुंचती थी, जब वह अपने मेकअप और ड्रेस में ही बिजी रहते थे। इन फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं इम्तियाज



इम्तियाज अली एक मशहूर बॉलीवुड निर्देशक हैं। उन्होंने कई यादगार और बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। उन्हें रॉकस्टार,हैरी मेट सेजल, हाइवे और लव आज कल जैसी शानदार फिल्मों के लिए जाना जाता है। इम्तियाज अली ने अपनी पहली फिल्म सोचा न था बनाई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर सकी।

## पहले से कहीं ज्यादा खुश हैं अनन्या पांडे

अनन्या पांडे एक के बाद एक फिल्मों से खुद को साबित कर रही हैं। हाल ही में रिलीज हुई अनन्या की फिल्म कंट्रोल को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली हालांकि, अनन्या बिजी शेड्यूल के बाजवूद भी अपना मी टाइम निकालना नहीं भूलती हैं। अनन्या पांडे तंजानिया के सेरेन्गोटी नेशनल पार्क में क्वालिटी टाइम बिताती नजर आई हैं। जंगली जानवरों के बीच अनन्या की खुशी देखते ही बन रही है। वहीं, अभिनेत्री ने पोस्ट को कैप्शन दिया है, पहले से कहीं ज्यादा खुश।






# देखते रह गए एलन मस्क... बीएसएनएल ने मार ली बाजी

**▶▶ देश में पहले स्वेदशी सैटेलाइट कम्युनिकेशन का प्रदर्शन ▶▶ अमेरिका की कंपनी वायसैट ने दिया सैटेलाइट लिंक**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हैलो इंडिया - अंतरिक्ष में 36,000 किलोमीटर ऊपर से संदेश आया। बिना किसी शोर-शराबे के भारत ने कंज्यूमर मोबाइल कम्युनिकेशन में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। देश में पहली बार एक रेगलुर स्मार्टफोन से अंतरिक्ष की गहराइयों में मौजूद एक सैटेलाइट पर संदेश भेजा गया जो कुछ ही सेकंड के भीतर दूसरे फोन पर वापस आ गया। यह स्वदेशी रूप से विकसित प्रणाली के माध्यम से इस तरह का पहला सैटेलाइट कम्युनिकेशन था। भारत ने यह उपलब्धि ऐसे समय हासिल की है जब दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क भारत में अपनी स्टारलिंक सैटकॉम सर्विसेज को शुरू करने के लिए मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही सुनील भारती मित्तल की कंपनी वन वेब को भी स्पेक्ट्रम आवंटन का इंतजार है।






सूत्रों ने बताया कि प्रौद्योगिकी के प्रदर्शन के रूप में मैसेज का ट्रांसमिशन सरकारी कंपनी बीएसएनएल के नेटवर्क पर किया गया। अंतरिक्ष और पृथ्वी के बीच दो-तरफा संचार को सक्षम बनाने के लिए दिल्ली के बाहर लैंडिंग स्टेशन बनाए हैं। इस कम्युनिकेशन के लिए सैटेलाइट लिंक अमेरिका की प्रमुख सैटकॉम कंपनी वायसैट ने दिया था। यह कंपनी डायरेक्ट टू डिवाइस सर्विस के लिए बीएसएनएल के साथ साझेदारी कर रही है। इससे रेगुलर स्मार्टफोन पर सैटेलाइट से मैसेज आएगा। अब तक किसी भी प्रकार के सैटेलाइट कम्युनिकेशन के लिए विशेष उपकरणों की जरूरत होती है।

### अमेरिकी कंपनी का साथ

हालांकि अभी जिस मैसेजिंग का प्रदर्शन किया गया है उसका यूज एसओएस या एमरजेंसी ट्रांसमिशन के लिए किया जा सकता है। बाद में इसे रेगुलर मैसेजिंग, कॉलिंग और यहां तक कि इंटरनेट ब्राउजिंग तक बढ़ाया जा सकता है। अभी रेगुलर मोबाइल ऑपरेटरों ये सर्विसेज दे रहे हैं। भारत में वायसैट के एमडी गौतम शर्मा ने कहा कि भारत कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। इससे खासकर उन इलाकों में फायदा होगा जहां सेलुलर कनेक्टिविटी नहीं है। वायसैट कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एक ऐसा डिवाइस भी बेचती है जिससे सैटेलाइट कम्युनिकेशन हो सकता है।

एक अधिकारी ने कहा कि इसमें अपार संभावनाएं हैं। डिवाइस इकोसिस्टम के व्यापक होने के बाद इससे कॉलिंग और ब्रॉडबैंड पर विचार किया जा सकता है। देश में लैंडिंग स्टेशन होने का मतलब यह भी है कि कानून का प्रवर्तन कराने वाली एजेंसियों के पास सैटेलाइट डिवाइस पर किसी भी प्रकार की अवैध बातचीत या मैसेजिंग तक पहुंच होगी। अमेरिका जैसे बाजारों में वायसैट पहले से ही घरों के लिए सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सॉल्यूशन दे रही है और उसका सीधा मुकाबला पारंपरिक मोबाइल ऑपरेटरों के साथ है।

## दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड का आईपीओ 21 अक्टूबर को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** भारतभर में विभिन्न परियोजनाओं के लिए इंजीनियरिंग एवं कंस्ट्रक्शन सेवा प्रदान करने वाली, दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ने 21 अक्टूबर, 2024 को अपना इनिशियल पब्लिक आफरिंग खोलने का प्रस्ताव किया है .कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 260.04 करोड़ एकत्र करने का है. कंपनी के शेयर्स एनएसई एवं बीएसई प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारी का पूर्णतः या अंशतः रीपेमेंट/प्रीपेमेंट करने और कार्यशील पूंजी की जरूरत का वित्तपोषण करने के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन 18 अक्टूबर, 2024 को खुलेगा और इश्यू 23 अक्टूबर, 2024 को बंद होगा. इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर फेडेक्स सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड है.इश्यू की रजिस्ट्रार केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड हे. दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री दीपक कुमार सिंगल ने कहा, हमारे आईपीओ की घोषणा दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में लीडर के रूप में एक नए अध्याय को दर्शाता है. यह माइलस्टोन उच्च गुणवत्ता के कंस्ट्रक्शन और इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस करने के केंद्र में एक्सीलेंस और इनोवेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है.

## डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया ने मनाया ग्लोबल हैंडवाशिंग डे 2024

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेकिट के फ्लैगशिप अभियान, डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया (बीएसआई) ने ग्लोबल हैंडवाशिंग डे 2024 का जश्न मनाया और भारत में 3 करोड़ बच्चों को स्वस्थ भविष्य के लिए हाथ धोने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। 'क्लीन हैंड्स फॉर ऑलः सफाई के माध्यम से स्वास्थ्य समानता को बढ़ावा देना' विषय पर आधारित, इस कार्यक्रम ने डेटॉल बीएसआई की उस प्रतिबद्धता को उजागर किया, जो सभी पृष्ठभूमि के बच्चों को आवश्यक स्वच्छता जानकारी तक पहुंच सुनिश्चित करता है, ताकि कोई भी पीछे न छूटे। ग्लोबल हैंडवाशिंग डे 2024 के मौके पर, डेटॉल स्कूल हाईजीन एजुकेशन प्रोग्राम के तहत बीएसआई से 29 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों में 100 से ज्यादा अभिभावकों की मदद से 3 करोड़ बच्चों को जोड़ा गया। इस अभियान ने भारत भर में सर्वोदय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, आर्मी स्कूल और केंद्रीय विद्यालय सहित सार्वजनिक, निजी, सरकारी सहायता प्राप्त और प्राइवेट स्कूलों की सहभागिता के माध्यम से हाथ धाने की सही तकनीक के बारे में बताया गया। पहल के निरंतर नवाचार के एक हिस्से के रूप में, डेटॉल बीएसआई ने डेटॉल हाईजीन चैटबॉट, हाईजिया फॉर गुड हाईजीन को लॉन्च किया, जो स्वास्थ्य, स्वच्छता और सफाई की ग्रीस देवी हाईजिया से प्रेरित है। एआई संचालित, व्हाट्सऐप-सक्षम यह चैटबॉट 7 भाषाओं- हिन्दी, अंग्रेजी, तमिल, कन्नड़, ओडिया, गुजराती और तेलुगु- में जरूरी स्वच्छता जानकारी की पेशकश करता है, इसे सभी 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की योजना है। चैटबॉट खुद सीखने, सेल्फ हेल्प टूल्स और इंटरेक्टिव प्लेटफॉर्म की बढ़ती जरूरत के महत्व को बताता है

# ई-कॉमर्स कंपनियों को हुई गिग वर्कर्स की फिक्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनियों के सामान की डिलीवरी करने वालों को आपने जरूर देखा होगा। कंपनियां इन्हें डिलीवरी पार्टनर्स या गिग वर्कर्स कहती हैं। इन कंपनियों का कारोबार तो इन्हीं के भरोसे बढ़ता है, लेकिन उन्हें सुविधाएं नहीं के बराबर मिलती हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने एक बार इनसे मुलाकात कर उनकी बात भी उठाई है। ई-कॉमर्स कंपनियों ने अब जा कर गिग वर्कर्स की सुध लेनी शुरू की है। यह कदम देरी से भले उठा है, लेकिन डिलीवरी पार्टनर के लिए अच्छा है।

ऐमजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स कंपनियां को अब अपने डिलीवरी पार्टनर्स की याद आई है। तभी तो उनकी सेहत और सुरक्षा पर जोर देना शुरू किया है। साथ ही कंपनियां उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कुछ उपाय कर रही हैं। उनके परिवार के लोगों के लिए भी कदम उठा रही हैं।

### एंबुलेंस की सुविधा

ऐमजॉन इंडिया ने डिलीवरी पार्टनर्स के लिए डायल 4242 की पार्टनरशिप में एंबुलेंस सर्विस शुरू की है। कंपनी ने 6 महीने का एक हेल्थ कैंपेन भी शुरू किया है। ऐमजॉन लॉजिस्टिक्स, इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट करुणा शंकर पांडे ने बताया 'किसी भी इमरजेंसी में तुरंत मेडिकल सुविधा देने में यह एंबुलेंस सर्विस बहुत उपयोगी होगी। 6 महीने के हेल्थ कैंपेन से किसी भी तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी की समय रहते पहचान करने में मदद मिलेगी।'

पांडे ने बताया कि फीमेल डिलीवरी असोसिएट्स के लिए मैटरनिटी कवर भी मुहैया कराया जा रहा है।



डिलीवरी असोसिएट्स अपने ऐप पर एंबुलेंस सर्विस एक्सेस कर सकते हैं। एंबुलेंस यूज करने और इस सर्विस की सब्सक्रिप्शन कॉस्ट ऐमजॉन वहन करेगी।

### इंश्योरेंस का लाभ

फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता ने बताया, 'डिलीवरी एग्जिक्यूटिव्स हमारे लिए बैकबोन की तरह हैं। उनके लिए हमारे यहां ईकार्ट की इंश्योरेंस पॉलिसी है। हेल्थ इंश्योरेंस और टर्म लाइफ इंश्योरेंस दिया जाता है। एक्सिडेंटल इंश्योरेंस में मेडिकल ट्रीटमेंट के अलावा मेडिकल वजहों से वेजेज के लॉस का कवरेज भी है। हमारे सुरक्षा प्रोग्राम में ब्लू कॉलर वर्कफोर्स को मेंटल वेलनेस सपोर्ट दिया जाता है। इसमें परिवार के 4 सदस्यों को भी कवर किया जाता है।' फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता के मुताबिक, 'डिलीवरी एग्जिक्यूटिव्स की सुरक्षा को देखते हुए 350 हाई रिस्क पिनकोड चिन्हित किए गए हैं, जहां फ्रॉड, चोरी और क्राइम घटाने के लिए कैश ऑन डिलीवरी बंद कर दी गई है। सड़क दुर्घटनाओं, मेडिकल जरूरतों और सेफ्टी से जुड़ी चीजों के लिए इमर्जेंसी रिस्पॉन्स के लिए हमारा स्हस ऐप भी है। महिला डिलीवरी एजेंट्स को हाई-रिस्क एरिया में ड्यूटी नहीं दी जाती है और उनके ड्यूटी ऑवर भी सुबह 7 से शाम 7 बजे तक ही होते हैं।

### चिंताजनक है तस्वीर

पीपल्स असोसिएशन इन ग्रासरूट् एक्शन एंड मोमेंट्स और आईएफएटी के हालिया सर्वे के मुताबिक, कठिन काम के कारण गिग वर्कर्स न केवल शारीरिक रूप से थक जाते हैं, बल्कि रोड एक्सिडेंट के खतरों का भी सामना करते हैं। यह खतरा 10 मिनट में डिलीवरी वाली पॉलिसी के कारण और बढ़ गया है। सर्वे में 86 प्रतिशत डिलीवरी पर्संस ने इस पॉलिसी को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया। सर्वे के मुताबिक, गिग वर्कर्स को तनाव और सेहत से जुड़ी दूसरी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## कोटक महिंद्रा की बड़ी डील, पर्सनल लोन बुक के अधिग्रहण का किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राइवेट सेक्टर के कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने भारत में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के पर्सनल लोन बुक कारोबार के अधिग्रहण का ऐलान किया है। बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इस अधिग्रहण की जानकारी दी। बैंक ने बताया कि 30 सितंबर 2024 तक इस ट्रांजेक्शन की वैल्यू 4,100 करोड़ रुपये है, जिसमें स्टैंडर्ड लोन भी शामिल हैं। ये केंद्रीय रिजर्व बैंक की गाइडलाइन के मुताबिक है। बता दें कि कोटक महिंद्रा बैंक का ट्रांजैक्शन अगले तीन महीने में पूरा हो जाएगा। कोटक बैंक का लक्ष्य मौजूदा स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के लोन ग्राहकों के लिए बिना किसी रुकावट के ट्रांजिशन को सुनिश्चित करना है। कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारी अंबुज चांदना ने कहा- यह ट्रांजैक्शन हमारी रिटेल एसेट डेवलपमेंट स्ट्रैटजी का सपोर्ट करता है और रिटेल लोन देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह हाई क्वालिटी वाले कस्टमर बेस तक पहुंच प्रोवाइड करता है। हम कोटक समूह के सफल एकीकरण ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, एक मजबूत परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध हैं। केएमबीएल के एमडी और सीईओ अशोक वासवानी ने पहले इस बात पर जोर दिया था कि बैंक विलय और अधिग्रहण के अवसरों के लिए खुला है। 1 अक्टूबर को सीएनबीसी टीवी18 के साथ एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा- हमने विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) से कभी परहेज नहीं किया है। हम आज भी इससे पीछे नहीं हट रहे हैं। हम आने वाले हर अवसर को देखते हैं और जब भी अवसर आएगा, मूल्यांकन करेंगे।




# इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में एआई आधारित नवप्रवर्तनों ने चमक बिखेरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इस सीज़न का मुख्य आकर्षण रहा जहां स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों सहित विविध टेक एवं दूरसंचार कंपनियों ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में इन चार दिनों के दौरान 750 एआई आधारित यूज़ केसेस समेत 900 से अधिक टेक्नोलॉजी यूज केस परिदृश्य प्रदर्शित किए। आईएमसी 2024 के उद्घाटन कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिग्नलचिप, वाइसिंग नेटवर्क्स जैसे अग्रणी स्टार्टअप्स के साथ संवाद किया जिनमें महिलाओं की अगुवाई वाले स्टार्टअप्स जैसे एस्ट्रॉम और इजीऑफी सॉल्यूशंस शामिल रहे



जिन्होंने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी नवप्रवर्तन में भारत की अग्रणी स्थिति प्रदर्शित की। कुछ प्रमुख यूज केसेस में रेलवे की सुरक्षा के लिए सॉल्यूशंस शामिल रहे जिनमें एआई आधारित प्रणाली प्रमुख है जो पटरियों पर असामान्य गतिविधि की पहचान कर अलर्ट भेजने में सक्षम है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में अपना नवीनतम एआई नवप्रवर्तन प्रदर्शित करते हुए भारती एयरटेल ने स्पैम कॉल्स और मैसेज से निपटने के लिए भारत का पहला एआई पावर्ड स्पैम डिटेक्शन सॉल्यूशन लांच किया। यह नेटवर्क आधारित टूल रीयल टाइम अलर्ट उपलब्ध कराता है जिससे यूजर्स को स्पैम से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद मिलती है। एरिक्सन ने एक 5जी पावर्ड रोबोटिक डॉग रॉकी प्रदर्शित किया जो आग लगने जैसी आपात स्थितियों में अधिकारियों की मदद के लिए समय पर अलर्ट भेज सकता है। वहीं नोकिया ने 5जी, 6जी, एआई/एमएल के क्षेत्र में टेक्नोलॉजीज और नेटवर्क ढांचा प्रदर्शित किया जिसका लक्ष्य नवप्रवर्तन को गति प्रदान करना और एक टिकाऊ भविष्य को बढ़ावा देना है। रिलायंस जियो ने लोगों को फोनकॉल एआई का एक्सक्लूसिव प्रिव्यू उपलब्ध कराया। वर्तमान में अल्फा टेस्टिंग चरण में यह फोन कॉल्स को ट्रांस्क्राइबिंग एवं समराइजिंग के लिए एक अत्यधिक बहुप्रतीक्षित फीचर है।

## मेरिल का ट्रीटमेंट ज़रूरी है अभियान: एआई तकनीक के साथ धोनी का प्रेरक संदेश

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की अग्रणी मेडिकल डिवाइस कंपनी मेरिल ने अपने जागरूकता अभियान ट्रीटमेंट ज़रूरी है के दूसरे चरण की घोषणा की है। इस चरण में मेरिल ने एक नई तकनीकी पहल की शुरुआत की है, जहां एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से क्रिकेट जगत के महान खिलाड़ी एम. एस. धोनी लोगों को इलाज के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

अभियान का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर हों और समय पर उचित उपचार प्राप्त करें। इस वीडियो संदेश में, धोनी की एआई पावर्ड उपस्थिति सीधे मरीजों से बातचीत करती हुई प्रतीत होती है, जिससे यह संदेश अधिक व्यक्तिगत और प्रभावशाली बन जाता है। धोनी का सरल और भरोसेमंद व्यक्तित्व इस अभियान को और भी खास बनाता है, क्योंकि वह लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि समय पर इलाज कराना कितना महत्वपूर्ण है, खासकर तब जब हम हृदय रोग, आर्थराइटिस, बेरियाट्रिक सर्जरी और अन्य गंभीर स्वास्थ्य चिंताओं का सामना कर रहे हों। एआई तकनीक के माध्यम से तैयार इस वीडियो में धोनी सीधे मरीजों की चिंताओं को संबोधित करते हैं और उन्हें यह बताते हैं कि आधुनिक चिकित्सा तकनीक और समय पर इलाज किस तरह से उनके जीवन को बेहतर बना सकता है। धोनी, जो एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन के प्रतीक हैं, लोगों को यह भरोसा दिलाते हैं कि इलाज के उन्नत विकल्पों का चयन करना सही फैसला है। मेरिल का यह अभियान शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करता है। चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मनीष देशमुख ने कहा कि ट्रीटमेंट ज़रूरी है का उद्देश्य लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक करना और उन्हें यह समझाना है

# सिग्निफाई ने त्योहारों से पहले फिलिप्स के लिए राहुल द्रविड़ के साथ एक पॉवर-पैक्ड कैम्पेन लॉन्च किया

**दिल्ली।** लाईटिंग में विश्व की प्रमुख कंपनी, सिग्निफाई ने त्योहारों से पहले अपना नया टेलीविजन कमर्शियल पेश किया है, जिसमें इसके ब्रांड एम्बेसडर क्रिकेटर, राहुल द्रविड़ दिखाई दे रहे हैं। इस कैम्पेन में इनोवेशन, उत्कृष्ट नेतृत्व, परंपरा और खुशी की सिग्निफाई की प्रतिबद्धता प्रदर्शित हो रही है। राहुल द्रविड़ अपने इन्हीं गुणों के साथ इस साझेदारी के अंतर्गत कैम्पेन का नेतृत्व कर रहे हैं।

प्रकाश द्वारा जीवन में आने वाले वास्तविक परिवर्तन पर केंद्रित इस हाई-एनर्जी टीवीसी, 'हम रातों में सूरज उगाते हैं' में राहुल द्रविड़ को विभिन्न परिस्थितियों में दिखाया गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के जीवन में प्रकाश ला रहे हैं। एक भव्य रूफटॉप पार्टी को जगमगाने से लेकर एक युवा हॉकी खिलाड़ी का स्टेडियम में मार्गदर्शन करने और सड़कों को रात में प्रकाश द्वारा सुरक्षित बनाने तक, हर अवसर पर राहुल द्रविड़ की मौजूदगी जीवन के हर कोने में प्रकाश और खुशी लाने की सिग्निफाई की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।




इस जबरदस्त कैम्पेन के लॉन्च के बारे में सुमित जोशी, सीईओ एवं एमडी, सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने कहा, ''सिग्निफाई में हम ग्राहकों की भलाई के लिए समर्पित हैं। राहुल द्रविड़ को अपना नया एम्बेसडर बनाकर हम लाखों परिवारों का विश्वास मजबूत बनाने के लिए उत्साहित और रोमांचित हैं। उत्कृष्टता और खेल के लिए उनका जुनून और लाखों लोगों को प्रेरित करने की उनकी क्षमता हमारे ब्रांड के मूल्यों से मेल खाती है। यह टीवीसी न केवल जगहों को रोशन करने, बल्कि भारत में लोगों के सपने पूरे करने और जीवन सुधारने में प्रकाश की शक्ति का प्रदर्शन करता है।'' इस साझेदारी के बारे में निखिल गुप्ता, हेड ऑफ मार्केटिंग, स्ट्रेट्जी, सरकारी मामले एवं सीएसआर - सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने कहा, ''आज के तेजी से विकसित होते हुए लाईटिंग उद्योग में सिग्निफाई निरंतर इनोवेशन की सीमाओं को बढ़ा रहा है। राहुल के साथ हमारी साझेदारी अत्याधुनिक लाईटिंग समाधानों द्वारा उज्जवल भविष्य के निर्माण का हमारा विजन प्रस्तुत करती है। हम भारत में त्योहारों से पहले यह कैम्पेन पेश करके बहुत उत्साहित हैं, जो लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने में प्रकाश की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रदर्शन करता है। हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक शानदार प्रतिक्रिया के साथ अपना विश्वास, प्यार और सराहना हमें देते रहेंगे।'' एक जोशीले एक्सक्लुसिव गान के साथ यह पूरा टीवीसी ग्राहक पर केंद्रित है, और नेतृत्व, उत्कृष्ट उत्पाद, सुरक्षा, एनर्जी एफिशियंसी एवं इनोवेटिव लाईटिंग समाधानों का प्रदर्शन करता है।

## मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने भारत के सबसे बड़े हार्ट एवं लंग्स ट्रांसप्लांट सम्मेलन को अपना समर्थन दिया

**अहमदाबाद एजेंसी।** सोसाइटी फॉर हार्ट फेलियर एंड ट्रांसप्लांटेशन के सहयोग से इंडियन सोसाइटी ऑफ हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांटेशन का 5वां वार्षिक सम्मेलन 18 से 20 अक्टूबर, 2024 को अहमदाबाद के क्लब बेबीलोन और शेरेटन कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। यह हार्ट एवं लंग्स ट्रांसप्लांटेशन पर भारत का सबसे बड़ा सम्मेलन है, तथा इस आयोजन में दुनिया भर के बड़े-बड़े सर्जन और विशेषज्ञ इस क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर चर्चा करने, प्रमुख चुनौतियों का समाधान निकालने और ट्रांसप्लांट चिकित्सा के भविष्य की संभावनाओं पर विचार करने के लिए एकजुट होंगे।

इस सम्मेलन में हार्ट एवं लंग्स ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में दुनिया भर के विशेषज्ञों के साथ-साथ अमेरिका, कनाडा, बेल्जियम, ब्रिटेन, जापान सहित कई अन्य देशों के प्रमुख सर्जन भाग लेंगे। इस सम्मेलन की थीम नर्ल फ्राम पेओनीर्ज़ है, जहाँ उपस्थित लोगों को हार्ट एवं लंग्स ट्रांसप्लांट चिकित्सा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले विशेषज्ञों से बहुमूल्य जानकारी प्राप्त करने का शानदार अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम के एजेंडे में व्याख्यान, पैनल चर्चा और केस स्टडी को शामिल किया गया है, जिसमें रणनीतिक रूप से भारत में हार्ट एवं लंग्स ट्रांसप्लांट को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चर्चा के मुख्य बिंदुओं के रूप में अंगदान करने वाले लोगों की कमी, लंबी प्रतीक्षा सूची और ट्रांसप्लांट के बाद की देखभाल जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही, ट्रांसप्लांट के परिणामों को बेहतर बनाने वाली अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इन परिचर्चाओं के आधार पर भविष्य की राह तैयार होगी, जो देश भर में ट्रांसप्लांट कार्यक्रमों के निरंतर विकास और सफलता की नींव रखेगी।

# भारत की दूसरी पारी 462 रन पर सिमटी

## न्यूजीलैंड को 107 रन का लक्ष्य, सरफराज की सेंचुरी



### ऋषभ पंत मात्र एक रन से शतक से चूके, 99 पर हुए आउट

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरी पारी में एक रन से शतक से चूक गए और 105 गेंदों पर 9 चौके और 5 छक्कों की मदद से 99 रन की शानदार पारी खेली।इसी के साथ ही पंत टेस्ट में सबसे ज्यादा बार 90 की लिस्ट आउट होने वाले विकेटकीपर बन गए हैं। हालांकि ओवलआल बात करें तो इस मामले में महान सचिन तेंदुलकर सबसे आगे हैं जो 10 बार 90 की लिस्ट में आउट हुए हैं।

**बेंगलूर (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत दूसरी पारी में 462 रन पर ऑलआउट हो गया। न्यूजीलैंड को जीत के लिए 107 रन का टारगेट मिला है। शनिवार को मुकाबले का चौथा दिन है। आर अश्विन 15, रवींद्र जडेजा 5 केएल राहुल 12 और ऋषभ पंत 99 रन बनाकर आउट हुए। सरफराज खान (150 रन) टिम साउदी का शिकार बने। तीसरे दिन विराट कोहली (70 रन), रोहित शर्मा 52 और यशस्वी जायसवाल 35 रन बनाकर आउट हुए।



एजाज पटेल ने 2 और ग्लेन फिलिप्स ने 1 विकेट लिया। न्यूजीलैंड पहली पारी में 402 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने 356 रन की बढ़त हासिल की। 3 मैचों की सीरीज के पहले मैच के दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने भारत को पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट कर दिया था। पहले दिन का खेल बारिश की वजह से नहीं हो सका था। रवींद्र जडेजा 5 केएल राहुल 12 और ऋषभ पंत 99 रन बनाकर आउट हुए। तीनों को विलियम ओरुर्के ने पवेलियन भेजा। सरफराज खान (150 रन) टिम साउदी का शिकार बने। तीसरे दिन विराट कोहली (70 रन), रोहित शर्मा 52 और यशस्वी जायसवाल 35 रन बनाकर आउट हुए। एजाज पटेल ने 2 और ग्लेन फिलिप्स ने 1 विकेट लिया। न्यूजीलैंड पहली पारी में 402 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने 356 रन की बढ़त हासिल की। 3 मैचों की सीरीज के पहले मैच के दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने भारत को पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट कर दिया था। पहले दिन का खेल बारिश की वजह से नहीं हो सका था।

### टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा बार 90+ पर आउट होने वाले भारतीय

10 – सचिन तेंदुलकर
9 – राहुल द्रविड़
7 – ऋषभ पंत
5 – सुनील गावस्कर
5 – एमएस धोनी
5 – वीरेंद्र सहवाग
पंत और धोनी ही ऐसे विकेटकीपर हैं जो टेस्ट मैचों में पांच या उससे ज्यादा बार पर 90 की लिस्ट में आउट हुए हैं।

### टेस्ट की तीसरी पारी में ऋषभ पंत की आखिरी पांच इनिंग्स

100*(139) बनाम दक्षिण अफ्रीका, केप टाउन, 2022
50(31) बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु, 2022
57(86) बनाम इंग्लैंड, एजबेस्टन, 2022
109(128) बनाम बांग्लादेश, चेन्नई, 2024
99(104) बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु, 2024

### टेस्ट में 99 पर आउट होने वाले विकेटकीपर

ब्रेंडन मैकुलम – (न्यूजीलैंड) बनाम श्रीलंका, नेपियर, 2005
एमएस धोनी – (भारत) बनाम इंग्लैंड, नागपुर, 2012
जॉनी बेयरस्टो – (इंग्लैंड) बनाम दक्षिण अफ्रीका, ओल्ड ट्रैफर्ड, 2017
ऋषभ पंत – (भारत) बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु, 2024
जानी बेयरस्टो – (इंग्लैंड) बनाम ऑस्ट्रेलिया, ओल्ड ट्रैफर्ड, 2023

# महेंद्र सिंह धोनी टी10 क्रिकेट खेलेंगे

● टी10 ग्लोबल स्पोर्ट्स के चेयरमैन ने जताई संभावना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और चेयरमैन शाजी उल मुल्क का मानना ??है कि भारत के आइकन एमएस धोनी को टी10 फॉर्मेट में खेलते हुए देखना संभव है। इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स के साथ कैश-रिच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एमएस धोनी की भागीदारी पर अनिश्चितता बनी हुई है। धोनी की उम्र, घुटने की चोट और ग्रुप स्टेज में सीएसके के बाहर होने के बाद उनके रिटायरमेंट की संभावित योजनाओं के बारे में चुप्पी के कारण उनकी भागीदारी पर चिंता बनी हुई है। धोनी के अभी भी शीर्ष टी20 लीग में प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा के बारे में कोई अफवाह नहीं है। शीर्ष पूर्व और वर्तमान सितारों ने टी10 फॉर्मेट में अपनी क्लास दिखाई है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्टार डेविड वार्नर भी शामिल हैं। रॉबिन उथप्पा, सुरेश रैना, इरफान पठान और कई अन्य जैसे पूर्व भारतीय सितारों के साथ विभिन्न टी10 लीग में भाग लेने से धोनी को इस फॉर्मेट में खेलते हुए देखना संभव है। शाजी ने कहा, बिल्कुल, मुझे लगता है कि शीर्ष स्तर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के अलावा, मौजूदा भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग के बाहर खेलने की अनुमति नहीं है। हाल ही में रिटायर हुए खिलाड़ी, भारत के लगभग सभी बड़े नाम, टी10 खेलने आए हैं। इसलिए हां, हम उम्मीद कर सकते हैं कि एमएस धोनी जब मन बना लेंगे, तो टी10 खेलेंगे।




## न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच महिला विश्व कप का फाइनल मिलेगा नया चैम्पियन

**दुबई (एजेंसी)।** सोफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की स्वर्णिम पीढ़ी के खिलाड़ियों के पास वैश्विक आईसीसी ट्रॉफी पर हाथ रखने का आखिरी मौका होगा जब टीम टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इस फाइनल मैच से टी20 विश्व का नया चैम्पियन मिलना तय है क्योंकि दोनों टीमों ने इससे पहले कभी भी इस प्रारूप का खिताब नहीं जीता है।

न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 2000 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था लेकिन मौजूदा टीम का कोई भी सदस्य उस ऐतिहासिक खिताबी जीत का हिस्सा नहीं था। इस आयोजन के शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में इस समूह ने शानदार वापसी की। टीम को सुजी बेट्स, अमेलिया केर और ली ताहुहू जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी का फायदा मिला।

यह संभवतः आखिरी बार है डिवाइन, बेट्स और ताहुहू किसी वैश्विक टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगे। 35 वर्षीय डिवाइन के नाम सफेद गेंद प्रारूप में 7000 से अधिक रन हैं, जबकि 37 वर्षीय बेट्स के नाम 10,000 से अधिक रन हैं। तेज गेंदबाज ताहुहू 34 साल की है। उन्होंने वनडे में 112 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 93 विकेट चटकाये हैं। यह खिलाड़ी विश्व कप ट्रॉफी के सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

दक्षिण अफ्रीका भी पिछले साल की कसक को दूर कर खिताब को अपने नाम करना चाहेगा। पिछले साल घरेलू मैदान पर विश्व कप फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों शिकस्त मिली थी। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों में टूर्नामेंट में अहम मौकों पर अपने खेल के स्तर को ऊंचा उठाया है और जब बल्लेबाजों के प्रदर्शन में गिरावट आयी तो गेंदबाजों ने टीम को मैच जिताया है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में भी ऐसा ही नजारा दिखा जब गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाजों को रोककर कम स्कोर वाले मैच को अपने नाम किया। केर के नाम टूर्नामेंट में अब 12 विकेट है। उन्हें दूसरे छोर से एडेन कारसन (आठ विकेट), रोसमरी मायर (सात विकेट) और अनुभवी ताहुहू का अच्छा साथ मिला। न्यूजीलैंड ने प्रतियोगिता में अपने अभियान का आगाज भारत पर बड़ी जीत से किया था लेकिन ग्रुप चरण में उसे टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 60 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

टीम ने कम स्कोर वाले सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज पर मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज कर तीसरी बार फाइनल का टिकट पक्का किया। दक्षिण अफ्रीका ने खेल के हर विभाग में शानदार प्रदर्शन किया है। लौरा वोलवार्ट (190 रन) और तजमिन ब्रिट्स (170 रन) टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ियों में शामिल है। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर आठ विकेट की शानदार जीत के कारण टीम का मनोबल काफी बढ़ा होगा।

### टीमें

**न्यूजीलैंड** – सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, एडेन कारसन, इसाबेला गेज (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, फ्रैन जोनास, लेह कास्पेरेक, अमेलिया केर, जेस केर, रोसमरी मायर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहू।
**दक्षिण अफ्रीका** – लौरा वोलवार्ट (कप्तान), एनेके बॉश, ताजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसन, मिके डी रिडर (विकेटकीपर), अयांदा ह्लुबी, सिनालो जाफ्ता (विकेटकीपर), मारिजान कैप, अयाबोंगा खाका, सुने लुस, नॉनकुलुले म्लाबा, सेशनी नायडू, तुमी सेखुखुने, क्लो ट्रायॉन।
**समय** – शाम 07-30 बजे।

## विवियन रिचर्ड्स, सुनील गावस्कर और शॉन पोलक आईएमएल संचालन परिषद में शामिल



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व महान खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स, सुनील गावस्कर और शॉन पोलक को शनिवार को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) टूर्नामेंट के संचालन परिषद का सदस्य घोषित किया गया। भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा सहित पूर्व खिलाड़ियों की भागीदारी वाले छह देशों के इस टी20 टूर्नामेंट का उद्घाटन सत्र 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। आईएमएल ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'यह त्रिमूर्ति (रिचर्ड्स, गावस्कर और पोलक) आईएमएल की रणनीतिक दिशा, नियमों और संचालन की देखरेख करेगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि यह लीग एक प्रमुख मंच बना रहे। इस टूर्नामेंट के मैचों को तीन स्थलों पर खेला जाएगा। इसके मैच नवी मुंबई (17 से 20 नवंबर), लखनऊ (21 से 27 नवंबर) और रायपुर (28 से आठ दिसंबर) में आयोजित होंगे।

## शतक से संतुष्ट नहीं भारत के सहायक कोच, कहा- बेंगलुरु में 300 रन बनाए सरफराज खान



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर चाहते हैं कि सरफराज खान अपने बेहतरीन घरेलू क्रिकेट फॉर्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दिखाएं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के वीडियो के जरिए बोलते हुए नायर ने कहा कि वह चाहते हैं कि सरफराज बेंगलुरु टेस्ट मैच में तिहरा शतक लगाएं। सरफराज ने टेस्ट मैच के तीसरे दिन 70 रन की तेज पारी के साथ भारत की वापसी की अगुआई की थी, जब न्यूजीलैंड ने भारत को मुश्किल स्थिति में डाल दिया था। इसके बाद उन्होंने चौथे दिन शतक पूरा किया। भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर ने सरफराज खान के बारे में कहा, हम सरफराज खान को शतक, दोहरे शतक, शतक और तिहरे शतकों से जोड़ते हैं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि दिन के अंत में हम घरेलू सरफराज खान को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का धुरंधर खिलाड़ी बनते हुए देखेंगे और तिहरा शतक बनाएंगे। नायर ने कोहली की 70 रनों की पारी की भी तारीफ की और कहा कि बल्लेबाज का विकेट खेल में बाद में बहुत बड़ा परिणाम दे सकता है। विराट कोहली के बारे में अभिषेक नायर ने कहा, विराट कोहली का फिर से रन बनाना हमेशा अच्छा है। दिन के खेल के अंत की आखिरी गेंद पर आउट होना दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन हम अभी भी बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश कर सकते हैं और उम्मीद है कि हम इस खेल को अंतिम दिन तक ले जाएंगे।

## पीवी सिंधू डेनमार्क ओपन के क्वार्टरफाइनल में हारी, 57 मिनट चला मुकाबला



ओडेंस मोहम्मद रिजवान भारत की बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने डेनमार्क ओपन 2024 में महिला एकल स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग से कड़ी टक्कर के बाद 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 स्पर्धा में भारत का अभियान समाप्त हो गया। आज यहां खेले गए मुकाबले में 2 बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को 57 मिनट तक चले मैच में इंडोनेशियाई खिलाड़ी से 13-21, 21-16, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। राउंड ऑफ 16 की तरह इस मैच में भी उन्हें पहले गेम में हार का सामना करना पड़ा।

गेम की शुरुआत में सिंधु 4-3 से आगे चल रही थीं, लेकिन इसके बाद इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 9-5 की बढ़त बना ली जिसके बाद सिंधु दबाव में आ गईं। हालांकि भारतीय शटलर ने वापसी करते हुए कुछ अंक जुटाए लेकिन वह गेम जीतने के लिए नाकाफी साबित हुई। मैच के दूसरे गेम में विश्व की 18वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी वापसी करते हुए मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। इस गेम में भी सिंधु एक समय पर 9-10 से पिछड़ रही थीं लेकिन उन्होंने संयम और चपलता दिखाते हुए लगातार अंक हासिल किए और 21-16 से दूसरा गेम जीतकर मैच में बराबरी कर ली।




### पीसीबी का नया आफर, टीम इंडिया अपना मैच खेले फिर वापस लौट जाए

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से संपर्क किया है और एक ऐसी व्यवस्था का प्रस्ताव रखा है जिसके अंतर्गत अगर भारत सुरक्षा कारणों से अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान पाकिस्तान में नहीं रुकना चाहता है तो वह मैचों के बीच में नई दिल्ली या चंडीगढ़ में से कहीं लौट सकता है। पीसीबी ने बीसीसीआई को मौखिक सुझाव दिया है कि भारतीय टीम नई दिल्ली या चंडीगढ़ या मोहाली में शिविर लगा सकती है और अपने मैचों के लिए विशेष उड़ान का इस्तेमाल करके लाहौर जा सकती है। पीसीबी के एक सूत्र ने हालांकि शुक्रवार को पुष्टि की कि बोर्ड ने लिखित में कोई सुझाव नहीं दिया है। सूत्र ने कहा कि लेकिन हां यह सच है कि इन विकल्पों पर अधिकारियों के बीच मौखिक रूप से चर्चा हुई है ताकि भारत का अपने मैच पाकिस्तान में खेलना सुनिश्चित हो सके।

## बाबर आजम की जगह मोहम्मद रिजवान को मिल सकती है पाकिस्तान के वनडे और टी20 टीम की कप्तानी




**करांची (एजेंसी)।** पीसीबी द्वारा ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में होने वाली सीरीज के लिए टीम की घोषणा किए जाने पर अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान सफेद गेंद के प्रारूप में पाकिस्तान टीम के कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने पिछले दो दिनों में पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के साथ बैठक की है और सफेद गेंद के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन से भी सलाह ली है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक सूत्र ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट 28 अक्टूबर को समाप्त होगा और टीम को अगले दिन ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होना है, इसलिए चयनकर्ता रविवार तक सफेद गेंद की टीम की घोषणा करेंगे। सूत्र ने कहा, रिजवान अपनी वरिष्ठता, एक खिलाड़ी के रूप में अपनी विश्वसनीयता और घरेलू क्रिकेट और पीएसएल में टीमों का नेतृत्व करने के अपने अनुभव के कारण सफेद गेंद के कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

बाबर आजम ने इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ दी थी और कहा था कि वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहते हैं। पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में नौ वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। स्वदेश लौटने से पहले उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैच भी खेलने हैं।

## भारत ए की कप्तानी कर सकते हैं गायकवाड़, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे इशान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस महीने के अंत में शुरू होने वाले दो चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैचों में रुतुराज गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की कप्तानी कर सकते हैं। सभी की निगाहें भारत ए के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर होंगी जिसमें गायकवाड़ के साथ अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन के शामिल होने की उम्मीद है। रिपोर्ट से पता चला है कि कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट मैचों में से एक में नहीं खेल पाएंगे, जिसके बाद भारत एक रिजर्व ओपनर की तलाश करेगा।

ईश्वरन दोनों मैचों के दौरान चर्चा का विषय रहेंगे। उन्होंने अपनी शानदार फॉर्म के दम पर शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दलीप ट्रॉफी में दो शतक लगाए और इसके बाद ईरानी कप में एक और शतक लगाया। दिल्ली में तमिलनाडु के चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में दोहरा शतक जड़ने के साथ ही उनके बल्ले से शतकों की बरसात जारी रही। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैचों को खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता साबित करने और पांच टेस्ट के लिए भारत की टीम में जगह बनाने का ऑडिशन माना जा सकता है।

देवदत्त पडिक्कल, बाबा इंद्रजीत और रिकी भुई भारत ए टीम में मध्यक्रम की मजबूत बल्लेबाजी कर सकते हैं। केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद ईशान किशन पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी कर सकते हैं। युवा बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को श्रेयस अय्यर के साथ सूची से हटा दिया गया था, क्योंकि इस बात की चिंता थी कि उन्होंने घरेलू क्रिकेट की तुलना में इंडियन प्रीमियर लीग को प्राथमिकता दी है।

अभिषेक पोरेल के साथ वह भारत ए की टीम को विकेटकीपिंग का विकल्प दे सकते हैं। नीतीश कुमार रेड्डी, तनुश कोटियन और मानव सुथार के ऑलराउंडर के रूप में खेलने की उम्मीद है। तेज गेंदबाजी इकाई में मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद और यश दयाल के शामिल होने की उम्मीद है। चार दिवसीय खेल का पहला मैच 31 अक्टूबर को मैके में शुरू होगा।

